

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 205 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 05 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## कोलकाता में भगवा लहराते ही ढाका में हलचल, बांग्लादेश में बढ़ी चिंता

### चुनावी नतीजों के बाद घुसपैठ और शरणार्थी संकट की आशंका पर गरमाई क्षेत्रीय राजनीति

कोलकाता/ढाका, 4 मईः पश्चिम बंगाल में हाल ही में आए चुनावी नतीजों के बाद राजनीतिक माहौल तेजी से बदल गया है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद जहां भारत में राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा तेज है, वहीं पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी इस बदलाव को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**सीमा पार असर, ढाका में बढ़ी बेचैनी**

बंगाल में सत्ता परिवर्तन के संकेतों के बाद बांग्लादेश की राजनीतिक हलकों में हलचल देखी जा रही है। सीमा से सटे होने के कारण आशंका जताई जा रही है कि अवैध घुसपैठ और शरणार्थी मुद्दे पर सख्ती बढ़ सकती है, जिसका सीधा असर ढाका पर पड़ सकता है।


### पांच राज्यों के मतदाताओं का जताया आभार, कहा—यह लोकतंत्र, संविधान और जनविश्वास की जीत

# बंगाल की जीत पर पीएम मोदी का संदेशः "गंगोत्री से गंगासागर तक खिला कमल"

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 4 मईः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर खुशी जताते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र की बड़ी जीत बताया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में मिली सफलता के साथ "गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिल गया है।"

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने पहले ही संकेत दिया था कि गंगा का प्रवाह बिहार से आगे बढ़ते हुए गंगासागर तक जाता है, और अब उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में भी भाजपा और एनडीए की सरकार बनने से यह राजनीतिक रूप से भी साकार होता दिख रहा है।



**मतदाताओं को दिया धन्यवाद, बताया ऐतिहासिक दिन**

प्रधानमंत्री मोदी ने सभी पांच राज्यों के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय राजनीति के लिए ऐतिहासिक है।

उन्होंने कहा, "आज का दिन प्रदर्शन, स्थिरता और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की राजनीति में विश्वास जताने का दिन है। यह देश के उज्ज्वल भविष्य की घोषणा का दिन है।"

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत के कारण ही यह जीत संभव हो पाई है।

### "बंगाल में नए युग का सूर्योदय"

प्रधानमंत्री ने कहा कि "4 मई की यह शाम भले ही ढल रही हो, लेकिन बंगाल की पावन धरती पर एक नए युग का सूर्योदय हुआ है।" उन्होंने भाजपा की जीत को केवल सीटों का आंकड़ा न बताते हुए कहा कि यह उस जनविश्वास की अभिव्यक्ति है जिसने डर, तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति को चुनौती दी है।

**"मां गंगा ने मुझे बुलाया था" — पुरानी बात का किया स्मरण**

प्रधानमंत्री ने 2013 का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वह वाराणसी से नामांकन भरने गए थे, तब उन्होंने कहा था–
"न मैं आया हूं, न मुझे किसी ने भेजा है, मां गंगा ने मुझे बुलाया है।" उन्होंने कहा कि आज भी वह मां गंगा का आशीर्वाद निरंतर अनुभव कर रहे हैं।

**लोकतंत्र और संविधान की जीत**

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव परिणामों को लोकतंत्र और संविधान की जीत बताते हुए कहा कि
"जय और पराजय लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन इन चुनावों ने दुनिया को दिखाया है कि भारत 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' क्यों है।"
उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक प्रक्रियाओं और देश की जनता के विश्वास की जीत है।

**रिकॉर्ड मतदान बना चर्चा का केंद्र**

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में करीब 93 प्रतिशत मतदान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी मतदान के नए रिकॉर्ड बने हैं और इसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। (इनपुटः एएनआई)

# देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचेगा LPG टैंकर

### सरकार का भरोसा—घबराकर खरीदारी न करें; कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई जारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 4 मईः देश में एलपीजी सहित सभी प्रमुख ईंधनों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद घरेलू जरूरतों को पूरा करने में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है।

मंत्रालय के अनुसार, 2 मई को देशभर में लगभग 47.7 लाख एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग हुई, जबकि करीब 47 लाख सिलिंडरों की सफल डिलीवरी की गई। इससे साफ है कि आपूर्ति और वितरण प्रणाली सुचारु रूप से काम कर रही है।

**100% आपूर्ति सुनिश्चित, घबराने की जरूरत नहीं**

सरकार ने कहा है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की घबराहट में खरीदारी न करें।





मंत्रालय ने यह भी कहा कि अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें।

**जागरूकता अभियान और बढ़ी बिक्री**

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 3 अप्रैल 2026 से अब तक 5 किलोग्राम के एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलिंडरों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया है।

**13 मई को पहुंचेगा बड़ा LPG टैंकर**

मंत्रालय ने जानकारी दी कि मार्शल द्वीप के ध्वज वाला एलपीजी वाहक पोत एमटी सर्व शक्ति 46,313 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर होर्मुज की खाड़ी को सुरक्षित पार कर चुका है। यह पोत 13 मई 2026 को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है, जिससे देश में एलपीजी की उपलब्धता और मजबूत होगी। (इनपुटः आईएएनएस)

**देशभर में 10,100 से अधिक शिविर आयोजित**

*लगभग 1,75,000 छोटे एलपीजी सिलिंडरों की बिक्री*
*अप्रैल 2026 में 11,082 मीट्रिक टन ऑटो एलपीजी की बिक्री*
*जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती*
*सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई जारी रखी है।*
*एक दिन में 1900 से अधिक छापेमारी*
*349 एलपीजी वितरकों पर जुमार्ना*
*74 वितरकों को निलंबित*

तेल कंपनियों ने औचक निरीक्षणों की संख्या भी बढ़ा दी है, जिससे बाजार में पारदर्शिता बनी रहे।

# रक्षा उत्पादन में बड़ी छलांगः 2,200 तकनीक उद्योगों को सौंपी गई

### राजनाथ सिंह बोले—आत्मनिर्भर भारत की दिशा में रक्षा क्षेत्र तेजी से मजबूत, नई तकनीकों पर फोकस

**समाज जागरण**

प्रयागराज, 4 मईः देश के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई गति देते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने अब तक 2,200 अत्याधुनिक तकनीकों को उद्योगों को हस्तांतरित किया है। यह जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय ह्यनॉर्थ टेक संगोष्ठीह्ल के उद्घाटन सत्र में दी।

**रक्षा अनुसंधान में उद्योगों की बढ़ती भागीदारी**

रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इसमें उद्योगों, शिक्षण संस्थानों तथा स्टार्टअप्स को सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रक्षा अनुसंधान बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा इन क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 4,500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं।

**नई तकनीकों पर जोर, बदलता युद्ध का स्वरूप**

राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक युद्ध अब केवल पारंपरिक हथियारों तक सीमित नहीं है। ड्रोन, सेंसर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य उन्नत तकनीकों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में भारत को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना होगा। सरकार ने उद्योगों को निम्न क्षेत्रों में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया हैः



**निर्देशित ऊर्जा हथियार**

अतिध्वनि (हाइपर सोनिक) हथियार, जल-नीचे और अंतरिक्ष निगरानी, क्वांटम तकनीक, कृ-त्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग

**उद्योगों को बड़ी राहतः शुल्क खत्म, पेटेंट मुफ्त**

नई तकनीक हस्तांतरण नीति के तहत पहले लगने वाला 20% शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही, भारतीय कंपनियों को DRDO के पेटेंट का मुफ्त उपयोग करने की अनुमति भी दी गई है। रक्षा मंत्री ने बताया कि संगठन की परीक्षण सुविधाएं भी उद्योगों के लिए खोल दी गई हैं, जिनका हर साल सैकड़ों कंपनियां लाभ उठा रही हैं।

**'ऑपरेशन सिंदूर' से दिखी स्वदेशी ताकत**

रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उदाहरण देते हुए कहा कि इसमें स्वदेशी तकनीक से बने उन्नत हथियारों का सफल उपयोग हुआ, जिसने भारत की सैन्य क्षमता और तैयारी को साबित किया।

रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा रक्षा उत्पादन और निर्यात

भारत का रक्षा उत्पादन लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।
वर्ष 2025-26 में रक्षा उत्पादनः 1.54 लाख करोड़ रुपये
रक्षा नियार्तः 38,424 करोड़ रुपये (रिकॉर्ड स्तर)

**आत्मनिर्भर भारत को मिल रही मजबूती**

सरकार की आत्मनिर्भरता नीति और तकनीकी विकास के प्रयासों के चलते भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से सशक्त हो रहा है। रक्षा उत्पादन में बढ़ोतरी और तकनीकों के हस्तांतरण से देश न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। (इनपुटः एजेंसी)

## कुनार में पाकिस्तानी हमले से तनाव बढ़ा, अफगानिस्तान में 3 की मौत; तालिबान का कड़ा विरोध

काबुल, 4 मईः अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में हुए ताजा हमलों ने एक बार फिर पाकिस्तान और तालिबान प्रशासन के बीच तनाव को बढ़ा दिया है। तालिबान सरकार के अनुसार, पाकिस्तानी सेना की ओर से किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हुए हैं।

**स्कूल, मस्जिद और क्लिनिक को नुकसान**

तालिबान प्रशासन के मुताबिक, डांगम क्षेत्र में हुए हमलों में भारी तबाही हुई है।
इन हमलों में:
2 स्कूल
2 मस्जिदें
1 क्लिनिक
पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। इसके अलावा लगभग 80 मवेशियों की भी मौत होने की जानकारी दी गई है।

# तमिलनाडु में बड़ा उलटफेरः कोलाथुर में स्टालिन पराजित, विजय का दो सीटों पर कब्जा

### डीएमके को तगड़ा झटका, 'थलापति' विजय की पार्टी का उभार; बदले सियासी समीकरण

चेन्नई, 4 मईः तमिलनाडु की राजनीति में इस बार चुनाव नतीजों ने बड़ा राजनीतिक भूचाल ला दिया है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को उनके गढ़ माने जाने वाले कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा है। यह हार केवल एक सीट का नुकसान नहीं, बल्कि राज्य की सत्ता में बड़े बदलाव का संकेत मानी जा रही है।

**कोलाथुर में गढ़ ढहा, डीएमके को बड़ा झटका**

कोलाथुर सीट, जो लंबे समय से द्रविड़ मुनेत्र कषगम का मजबूत किला मानी जाती थी, इस बार ढह गई।
यहां से तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के वी.एस. बाबू ने जीत दर्ज की।

वी.एस. बाबू को मिलेः 68,419 वोट
जीत का अंतरः 7,731 वोट
यह परिणाम डीएमके के लिए बड़ा झटका और राज्य की राजनीति में नाटकीय बदलाव का संकेत है।



**'थलापति' विजय का उभार**

अभिनेता से राजनेता बने विजय (थलापति विजय) ने इस चुनाव में अपनी राजनीतिक ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया है।
उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम ने पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली (त्रिची) पूर्व सीटों पर जीत दर्ज की है। यह जीत साफ संकेत देती है कि विजय अब केवल फिल्मी दुनिया तक सीमित नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति में एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रहे हैं।

**बदलते जनमत का संकेत**

विश्लेषकों के अनुसार, यह परिणाम राज्य में बदलते जनमत और नई राजनीतिक आकांक्षाओं का प्रतीक है।
पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष और नए नेतृत्व की तलाश ने इस बार चुनावी नतीजों को पूरी तरह बदल दिया है।

**राजनीतिक भविष्य पर नजर**

तमिलनाडु में आए इस बड़े उलटफेर के बाद अब राज्य की राजनीति में नए समीकरण बनते दिख रहे हैं। जहां एक ओर डीएमके के सामने अपनी स्थिति मजबूत करने की चुनौती है, वहीं विजय की पार्टी के उभार ने आने वाले समय में सियासी मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। (इनपुटः एजेंसी)

# रूस-यूक्रेन युद्ध में बढ़ा परमाणु खतरा? जापोरिज्ज़िया प्लांट पर ड्रोन हमले से दुनिया में चिंता

मॉस्को, 4 मईः रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र जापोरिज्ज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए ताजा ड्रोन हमले ने संभावित 'न्यूक्लियर लीक' को लेकर वैश्विक चिंता बढ़ा दी है।

**रेडिएशन लैब पर हमला, रूस का आरोप**

रूसी एजेंसियों के अनुसार, संयंत्र की बाहरी रेडिएशन मॉनिटरिंग प्रयोगशाला को ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन की सेना ने जानबूझकर उस सुविधा को निशाना बनाया, जो विकिरण स्तर की निगरानी करती है।
हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।



**IAEA की चेतावनीः 'आग से खेलने' जैसा**

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी
अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी
ने इस घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि परमाणु संयंत्रों के आसपास इस तरह के हमले बेहद खतरनाक हैं और यह "आग से खेलने" जैसा है।

एजेंसी ने सभी पक्षों से संयम बरतने और परमाणु सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है। (इनपुटः एजेंसी)

# यूपी में अखिलेश को भी लग सकता है ममता वाला झटका

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत का जो तूफान आया है, उसने पूरे देश को झंझोर के रख दिया है। वहां की जनता, खासकर हिंदू समुदाय ने एकजुट होकर ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति को करारा जवाब दिया। राज्य में वर्षों से चली आ रही मुस्लिम तु-




ष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ हिंदुओं ने वोट की ताकत से विद्रोह कर दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस तरह से बीजेपी को हराने के लिये मुस्लिम वोटर तुष्टिकरण की सियासत करने वालों के पक्ष में लामबंद होते हैं, उसी तरह से अब हिन्दू वोटर बीजेपी के पक्ष में एकजुट होकर वोटिंग करने लगे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि क्या उत्तर प्रदेश में भी यही इतिहास दोहराया जाएगा? यहां समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत को एकजुट हिंदू वोटर रोक देंगे? क्या अब जात-पात के नाम पर हिंदू समाज बंटेगा नहीं? और क्या पश्चिम बंगाल को फतह करने वाले रणनीतिकार सुनील बंसल एक बार फिर उत्तर प्रदेश की चुनावी जंग में कमान संभालकर भाजपा को विजयी बनाएंगे, जैसे उन्होंने 2017 में किया था?

उत्तर प्रदेश की राजनीति हमेशा से ही जटिल रही है। यहां सत्ता का खेल जातिगत समीकरणों पर टिका होता है। समाजवादी पार्टी ने लंबे समय से मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने पर जोर दिया है। अखिलेश यादव ने अपनी रणनीति में मुस्लिम समुदाय को लुभाने के लिए कई कदम उठाए। पंचायत चुनावों में मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट बांटना, उनके क्षेत्रों में विकास के नाम पर विशेष योजनाएं चलाना और हिंदू त्योहारों पर विवादास्पद बयान देकर तुष्टिकरण का राग अलापना, ये सब उनकी सियासत का हिस्सा बने। लेकिन पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबके सामने है। वहां ममता बनर्जी ने भी इसी फॉर्मूले पर दांव लगाया था। रामनवमी पर जुलूसों पर पाबंदी लगाना, हिंदू मंदिरों के आसपास दुकानों पर कार्रवाई और मुस्लिम समुदाय को वोट के बदले लाभ पहुंचाना, इन सबने हिंदुओं को जगा दिया। नतीजा सबके सामने है। भाजपा ने वहां हिंदू एकता का झंडा बुलंद किया और भारी सफलता हासिल की। पश्चिम बंगाल के नतीजे आने के बाद उत्तर प्रदेश के हिंदू वोटर भी अब यूनाइट होने की बात करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर चचाएं गर्म हैं, धार्मिक आयोजनों में राजनीतिक संदेश गूंज रहे हैं और जातिगत बंटवारे की पुरानी चाल अब काम नहीं आ रही।

पश्चिम बंगाल की जीत में भाजपा के रणनीतिकार सुनील बंसल की भूमिका अहम रही। उन्होंने हिंदू एकता पर जोर दिया। बंगाल के हर कोने में हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए सूक्ष्म रणनीति बनाई। गांव-गांव जाकर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया, धार्मिक नेताओं से संपर्क साधा और मुस्लिम तुष्टिकरण के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया। 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी सुनील बंसल ने यही जादू दिखाया था। तब भाजपा ने जातिगत समीकरण तोड़े। ब्राह्मण, ठाकुर, दलित, ओबीसी सभी को एक मंच पर लाकर अखिलेश की सपा को पटखनी दी। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हिंदुत्व का मुद्दा उठा और विकास के वादों ने वोटरों को लुभाया। आज फिर वही हालात हैं। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सुनील बंसल की वापसी की चर्चा जोरों पर है। क्या वे एक बार फिर कमान संभालेंगे? उनके पास अनुभव है, नेटवर्क है और हिंदू एकता का मंत्र है। अगर भाजपा उन्हें जिम्मेदारी सौंपती है, तो अखिलेश की राह कठिन हो जाएगी।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के चुनावी समीकरण अब बदल चुके हैं। पहले हिंदू वोट जाति के आधार पर बंटते थे। जाटव दलित बसपा की ओर, यादव सपा की तरफ, ब्राह्मण और ठाकुर भाजपा के साथ। लेकिन अब हिंदू एकता का दौर चल पड़ा है। पश्चिम बंगाल की तर्ज पर यहां भी राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या विकास ने हिंदुओं को जोड़ा है। सोशल मीडिया ने जागरूकता फैलाई है। हर छोटे-बड़े हिंदू नेता अब तुष्टिकरण के खिलाफ बोल रहे हैं। अखिलेश की सपा अब सिर्फ मुस्लिम वोट पर निर्भर नहीं रह सकती। उनके पास मुस्लिम तुष्टिकरण के अलावा कुछ अन्य रास्ते खुले हैं। सबसे बड़ा रास्ता है युवाओं को लुभाना। सपा ने पहले भी लैपटॉप वितरण जैसी योजनाओं से युवा वोट हासिल किया था। अब वे बेरोजगारी, किसान कर्जमाफी और ग्रामीण विकास पर जोर दे सकते हैं। दूसरा रास्ता है गठबंधन की राजनीति। बसपा के साथ पुराना गठजोड़ दोहराना या छोटी जातियों को साधना। लेकिन सबसे चुनौतीपूर्ण होगा हिंदू ओबीसी वोट को तोड़ना। कुर्मी, मौर्य, निषाद जैसे समुदायों को सपा ने कभी मजबूत नहीं किया। अगर अखिलेश इनके लिए विशेष आ-रक्षण या योजनाएं घोषित करें, तो कुछ सफलता मिल सकती है। तीसरा रास्ता है विकास का। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा अभियान और शहरीकरण जैसे मुद्दों पर सपा अगर ठोस वादे करे, तो शहरी हिंदू वोटर आकर्षित हो सकते हैं। लेकिन इन सबके बावजूद मुस्लिम तु-ष्टिकरण छोड़ना होगा, वरना हिंदू एकता सबको नेस्तनाबूद कर देगी।

इस सबके बीच यह हकीकत है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में हवा का रुख बदल रहा है। पश्चिम बंगाल ने साबित कर दिया कि तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो चुका। यहां के हिंदू वोटर अब जाति से ऊपर उठकर सोच रहे हैं। भाजपा के पास योगी आदित्यनाथ जैसा मजबूत नेता है, जो बुलडोजर कार्रवाई से अपराधियों पर शिकंजा कस रहा है। कानून-व्यवस्था सुधरी है, माफिया खत्म हो रहे हैं। ये सब हिंदू समाज को भरोसा दे रहे हैं। सुनील बंसल अगर लौटे, तो उनकी रणनीति फिर कमाल करेगी। वे हर जिले में बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करेंगे, हिंदू संगठनों से गठजोड़ बनाएंगे और अखिलेश की कमजोरियों पर प्रहार करेंगे। सपा के पास मुस्लिम तु-ष्टिकरण के अलावा युवा, किसान और विकास के मुद्दे हैं, लेकिन इनका असर तभी होगा जब वे हिंदू वोट को नजरअंदाज न करें। अखिलेश को समझना होगा कि वोट बैंक की राजनीति अब पुरानी हो चुकी। एकजुट हिंदू वोटर अब किसी की नहीं सुनेंगे। वे सिर्फ अपने हितों की रक्षा करेंगे।

# वैश्विक शक्ति का विकेंद्रीकरण और उभरते नए आयाम

**- महेन्द्र तिवारी**



इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे परिवर्तनकारी मोड़ पर खड़ा है जहाँ पुरानी व्यवस्थाओं की दीवारें ढह रही हैं और नई शक्तियों का उदय हो रहा है। इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया मुख्य रूप से दो ध्रुवों में विभाजित थी जिसमें एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरी ओर सोवियत संघ का नेतृत्व था। वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही एकध्रुवीय विश्व का युग आरंभ हुआ जिसमें अमेरिका एकमात्र महाशक्ति बनकर उभरा। लेकिन वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि यह स्थिति तेजी से बदल रही है। अब दुनिया किसी एक शक्ति के इशारे पर नहीं चलती बल्कि शक्ति का केंद्र अब बिखर गया है और कई देशों के बीच विभाजित हो गया है। इस बदलाव को अंतरराष्ट्रीय राजनीति के विद्वान बहुध्रुवीय विश्व की संज्ञा देते हैं जहाँ निर्णय लेने की प्रक्रिया में अब वाशिंगटन के साथ-साथ नई दिल्ली, बीजिंग, मॉस्को और ब्रासीलिया जैसे शहरों की गूँज भी सुनाई देती है।

शक्ति के इस स्थानांतरण का सबसे प्रमुख कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं का अभूतपूर्व उदय है। पिछले दो दशकों में वैश्विक आर्थिक मानचित्र पूरी तरह से बदल गया है। चीन की अर्थव्यवस्था वर्ष 1980 के दशक में वैश्विक उत्पादन में मात्र 2 प्रतिशत का योगदान देती थी जो आज बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत से अधिक हो गई है। इसी प्रकार भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आर्थिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह उस क्रय शक्ति और उत्पादन क्षमता का परिचायक है जिसने विकासशील देशों को वैश्विक बाजार के केंद्र में ला खड़ा किया है। अब ये देश केवल विकसित देशों के उत्पादों के उपभोक्ता नहीं हैं बल्कि वे स्वयं नवाचार, विनिर्माण और तकनीक के वैश्विक खिलाड़ी बन चुके हैं।

इस बदलते संतुलन में नए वैश्विक समूहों और संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। जी7 जैसे पुराने समूह जो कभी दुनिया की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करते थे अब अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके विपरीत ब्रिक्स जैसे संगठन जिनमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं अब वैश्विक विमर्श को नई दिशा दे रहे हैं। वर्ष 2024 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद अब इसमें मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हो गए हैं। यह विस्तारित समूह अब दुनिया की लगभग 45 प्रतिशत जनसंख्या और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 28 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी20 जैसे मंच अब अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माण में अधिक समावेशी हो गए हैं जहाँ अफ्रीकी संघ को स्थाई सदस्यता मिलना इस बात का प्रमाण है कि अब दुनिया के फैसले केवल कुछ पश्चिमी देशों के कमरों में बंद होकर नहीं लिए जा सकते।

तकनीक और डिजिटल शक्ति ने भी वैश्विक शक्ति के मानकों को पूरी तरह से बदल दिया है। किसी समय में शक्ति का पैमाना केवल परमाणु हथियारों की संख्या या विशाल सेना हुआ करती थी परंतु आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और डेटा भंडार नई सैन्य और राजनीतिक ताकतें बन चुके हैं। जो देश इन तकनीकों में अग्रणी हैं वे ही भविष्य की राजनीति का निर्धारण करेंगे। वर्तमान में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कुछ गिने-चुने देशों के नियंत्रण में है जिससे पूरी दुनिया की डिजिटल सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है। डेटा को अब नया तेल कहा जा रहा है और जिस देश के पास अपने नागरिकों के डेटा पर संप्रभुता है वह वैश्विक मंच पर अधिक मोलभाव करने की स्थिति में है। अंतरिक्ष अन्वेषण में भी अब निजी कंपनियों और नए देशों के प्रवेश ने महाशक्तियों के पुराने एकाधिकार को चुनौती दी है।

वैश्विक संघर्ष और अस्थिरता ने भी शक्ति संतुलन को बदलने में उत्प्रेरक का कार्य किया है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने न केवल यूरोप की सुरक्षा संरचना को हिला दिया है बल्कि इसने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के नए संकट पैदा कर दिए हैं। इस संघर्ष ने दुनिया को यह अहसास कराया है कि किसी एक देश या क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कितनी घातक हो सकती है। इसी प्रकार पश्चिम एशिया की अस्थिरता और व्यापारिक मार्गों पर बढ़ते खतरों ने देशों को मजबूर किया है कि वे अपने रणनीतिक विकल्पों का विस्तार करें। इन परिस्थितियों में छोटे और मध्यम आकार के देशों की अहमियत भी बढ़ गई है क्योंकि उनकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधन उन्हें बड़े देशों की प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण मोहरा बना देते हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव कम होता दिख रहा है यद्यपि वह अभी भी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्वीकार्यता अब धीरे-धीरे कम हो रही है क्योंकि कई देश अपनी स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इसे डी-डॉलराइजेशन की प्रक्रिया कहा जा रहा है। दुनिया अब एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है जहाँ कोई भी एक देश वैश्विक नियमों को अकेले थोप नहीं सकता। पश्चिमी देशों के मानवीय मूल्यों और मानवाधिकारों के दोहरे मानकों पर भी अब वैश्विक दक्षिण के देशों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। यह एक सांस्कृतिक और वैचारिक स्वतंत्रता का दौर भी है जहाँ देश अपनी सभ्यतागत पहचान को वैश्विक मंच पर गौरव के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं।

भारत की भूमिका इस बदलते परिवेश में सबसे विशिष्ट और संतुलनकारी है। भारत ने किसी भी एक गुट में शामिल होने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता दी है। भारत की विदेश नीति अब केवल आदर्शवाद पर नहीं बल्कि यथार्थवाद और राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत जहाँ एक ओर क्वॉड जैसे समूहों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सहयोग कर रहा है वहीं दूसरी ओर शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स के माध्यम से गैर-पश्चिमी शक्तियों के साथ भी अपने संबंधों को प्रगाढ़ बना रहा है। वैश्विक दक्षिण की आवाज बनकर भारत ने जलवायु परिवर्तन, डिजिटल बुनियादी ढांचे और विकासशील देशों के ऋण संकट जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। भारत का मिशन अब केवल वैश्विक व्यवस्था का पालन करना नहीं बल्कि उसका निर्माण करना है।

अंततः यह स्पष्ट है कि हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ शक्ति का कोई एक केंद्र नहीं होगा। यह बहुध्रुवीय विश्व अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धी होगा लेकिन साथ ही इसमें अधिक देशों की भागीदारी की संभावना भी होगी। आने वाले समय में शांति और समृद्धि इस बात पर निर्भर करेगी कि ये विभिन्न ध्रुव आपस में कितना सहयोग करते हैं और मतभेदों को सुलझाने के लिए किन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हैं। शक्ति का यह नया संतुलन केवल सरकारों के बीच का बदलाव नहीं है बल्कि यह मानवता के साझा भविष्य को अधिक न्यायसंगत और संतुलित बनाने का एक अवसर भी है। विश्व अब एक विशाल परिवार की तरह है जहाँ प्रत्येक सदस्य की आवाज का महत्व है और जहाँ भविष्य का निर्माण प्रतिस्पर्धा के बजाय सामूहिक सहयोग के आधार पर किया जाना चाहिए। शक्ति का विकेंद्रीकरण अपरिहार्य है और इस-के साथ तालमेल बिठाना ही इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी।

(पुणे का कलंक)

# समाज की संवेदनहीनता का सबसे काला अध्याय

**[जब सुरक्षा केवल वादा रह जाए और डर स्थायी सच्चाई बन जाए]**

**[कानून के बावजूद असुरक्षित जीवन: व्यवस्था पर उठते गंभीर प्रश्न]**

मानवता को झकझोर देने वाली यह घटना समाज की संवेदनहीनता को उजागर करती है। पुणे के भोर तहसील के नासरापुर गांव में 1 मई 2026 को घटी यह घटना केवल अपराध नहीं, बल्कि गहरी मानवीय त्रासदी है। लगभग चार वर्ष की मासूम बच्ची, जो गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर आई थी, उसे भोजन या बछड़ा दिखाने के लालच में पशुशाला में ले जाया गया। 65 वर्षीय व्यक्ति ने बेरहमी से अत्याचार कर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की और शव को गोबर के ढेर में छिपा दिया। सीसीटीवी कैमरों ने सच सामने ला दिया, फिर भी प्रश्न है कि ऐसी घटनाएँ क्यों बढ़ रही हैं। क्या हमारी सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना इतनी कमजोर हो चुकी है कि बच्चों की रक्षा भी सुनिश्चित नहीं? यह घटना केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की गंभीर विफलता का प्रमाण है। आरोपी पर पहले भी यौन अपराध के मामले दर्ज थे, जिससे अपराधियों के बढ़ते हौसले और पुलिस-न्याय व्यवस्था की कमियों पर सवाल और गहरे होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हालिया आंकड़ों के अनुसार महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विभिन्न रिपोर्टों और उपलब्ध जानकारियों से भी स्पष्ट होता है कि अनेक क्षेत्रों में स्थिति दिन-प्रतिदिन अधिक गंभीर और असुरक्षित होती जा रही है। जो स्थान कभी सुरक्षित माने जाते थे, वे अब अपराध और असुरक्षा के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। समस्या केवल कानूनों की मौजूदगी नहीं, बल्कि उनके कमजोर क्रियान्वयन और प्रभावी निगरानी के अभाव में छिपी है। यदि एक मासूम बच्ची अपने ही घर के आसपास सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे सुरक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। अपराधियों के बढ़ते हौसले का एक बड़ा कारण समाज की उदासीनता भी है, जो समय रहते चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज कर देती है।

व्यवस्था में गहरे सुधार के बिना ऐसी घटनाओं पर रोक संभव नहीं। पुलिस व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ठोस, प्रभावी बदलाव आवश्यक हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन हुआ है




और मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक ट्रायल व कठोर सजा की घोषणा की है, लेकिन ये कदम केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहने चा-हिए। बाल यौन अपराध संरक्षण कानून के अंतर्गत लंबित मामलों की अधिक संख्या और दोषसिद्धि की कम दर व्यवस्था की कमजोरियों को स्पष्ट करती है। प्रत्येक जिले में 24 घंटे सक्रिय बाल संरक्षण इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होनी चाहिए। गाँवों और शहरों में निगरानी कैमरों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाए तथा महिला पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सुरक्षा की वास्तविक नींव समाज की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर ही टिकी होती है। केवल कानून या प्रशासन के भरोसे सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, जब तक समाज स्वयं सजग न हो। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूलों, आंगनवाड़ियों और खेल स्थलों को पूर्ण सुरक्षा क्षेत्र घोषित कर कठोर निगरानी आवश्यक है। अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि वे संभावित खतरों को पहचान सकें। स्थानीय समुदायों में सतर्कता समूह बनाए जाने चाहिए जो संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत सूचना दें। बच्चों को आत्मरक्षा और सुरक्षित व्यवहार की शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएगा, तब तक केवल कानून व्यवस्था पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा।

सबसे बड़ी और गहरी चुनौती आज भी हमारी जड़ जमाई हुई मानसिकता है, जो वर्षों से बदली नहीं है। कई बार पीड़ित को ही प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया जाता है और पुरानी सोच से प्रभावित प्रतिक्रियाएँ दी जाती हैं। यह धारणा बदलनी होगी कि खतरा केवल अजनबियों से होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई बार परिचित और भरोसेमंद लोग ही अपराधी बन जाते हैं। शिक्षा प्रणाली में लिंग संवेदनशीलता, सहमति का सम्मान और नैतिक मूल्यों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। मीडिया को भी अत्यंत जिम्मेदारी से कार्य करना होगा ताकि ऐसी घटनाओं को सनसनी के रूप में प्रस्तुत न किया जाए। दोषियों के लिए कठोरतम दंड पर गंभीर सामाजिक और कानूनी मंथन आवश्यक है।

बदलते समय में सुरक्षा को मजबूत करने की कुंजी आधुनिक तकनीक के प्रभावी और व्यापक उपयोग में निहित है। एआई आधारित उन्नत निगरानी प्रणाली, बच्चों के लिए सुरक्षित पहनने योग्य उपकरण और स्थान आधारित सुरक्षा तंत्र को बड़े स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। महिला सहायता केंद्रों को अधिक सशक्त, प्रभावी और त्वरित प्रतिक्रिया देने योग्य बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीकी सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि गाँव और शहर के बीच सुरक्षा की खाई कम हो सके। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक का उपयोग केवल सुरक्षा के उद्देश्य से हो और उसका किसी भी रूप में दुरुपयोग न हो। तकनीक तभी वास्तविक रूप से सार्थक है, जब वह अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी सुरक्षा पहुँचा सके।

किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी मासूम और कमजोर जिंदगियों की सुरक्षा से होती है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा केवल योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र की नैतिक जिम्मेदारी है। इस घटना ने स्पष्ट किया कि दोषी अक्सर परिचित होता है और बार-बार जेल से छूटने वाले अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं। पुणे की मासूम बच्ची यह कठोर सच याद दिलाती है कि विकास तभी सार्थक है, जब जीवन सुरक्षित हो। यदि आने वाली पीढ़ियाँ भय में जीने को मजबूर होंगी, तो विकास के दावे अधूरे रह जाएँगे। समाज, प्रशासन और परिवार–सभी को मिलकर सुरक्षित वातावरण बनाना होगा। नागरिकों की सतर्कता, कानून का कठोर पालन और न्याय व्यवस्था की सक्रियता ही समाधान दे सकती है। यह समय केवल सहानुभूति का नहीं, बल्कि ठोस और निरंतर का-र्रवाई का है। अगर अब भी नहीं जागे, तो कल और कितनी मासूम चीखें दब जाएँगी?

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**


# लोकतंत्र की आहुति... !

*चुनाव में कोई हारा है और कोई है जीता,*
*लोकतंत्र की आहुति में योगदान दें सीखा।*
*झालमुड़ी का 'करिश्मा' नहीं रहा हैं फीका,*
*खाई किस-किसने, लगे किसी को तीखा।*

*यहाँ हर कदम पर 'भय' का था वातावरण,*
*महिलाओं ने बेधड़क किया मतदान वरण।*
*जिसने दिया भयमुक्त करने का आश्वासन,*
*वहीं पाएगा कुर्सी, राज्य में अपना शासन।*

*यूं जनता ने अपना भी फैसला लिख दिया,*
*निराश न जाने किस-किसको कहाँ किया।*
*किसी के नेतृत्व ने हारने का रेकार्ड बनाया,*
*विजय देखों 'वन टाइम' इतिहास लिखाया।*

*यहाँ पे निराश मैंने किसी को भी नहीं किया,*
*हिमंता को पुनः विकास का जिम्मा दे दिया।*
*विपक्षी को प्रसाद में केरलम 'उपहार' दिया,*
*वोट की ताकत ने रंग दिखा सबको रिझाया।*



*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*

# पसीने से गढ़ता व्यक्तित्व खेल, अनुशासन और सपनों का उत्सव

खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली एक सशक्त प्रक्रिया है। विश्व एथलेटिक्स दिवस इसी भावना का प्रतीक है जहाँ दौड़ते कदमों में केवल जीत की चाह नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर प्रयास की ऊर्जा समाहित होती है।

एथलेटिक्स, जिसे खेलों की आधारशिला माना जाता है, हमें सिखाता है कि सफलता किसी एक क्षण का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार किए गए प्रयासों की श्रृंखला है। मैदान में गिरकर फिर उठना, हार के बाद भी उम्मीद बनाए रखना यही वह गुण हैं जो एक खिलाड़ी को असाधारण बनाते हैं।

अब के डिजिटल युग में, जब युवा पीढ़ी स्क्रीन तक सीमित होती जा रही है, ऐसे में एथलेटिक्स का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मबल को भी मजबूत करता है। दौड़, कूद, फेंक ये केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन के संघर्षों का अभ्यास हैं। भारत जैसे युवा देश में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में प्रतिभाओं को पर्याप्त संसाधन और मंच नहीं मिल पाता। जरूरत है कि हम खेलों को केवल शौक नहीं, बल्कि एक गंभीर करियर विकल्प के रूप में देखें


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में फसल बीमा क्षतिपूर्ति वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

## 10 किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित, डीबीटी से खातों में भेजी जाएगी राशि

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 04 मई 2026 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 मौसम में प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति वितरण हेतु सोमवार को विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने की।




कार्यक्रम में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा खरीफ 2025 में बीमित किसानों की फसलों के लिए कुल 24 लाख 17 हजार 982 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजे जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने 10 किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए।

चेक प्राप्त करने वाले किसानों में दयानंद शर्मा और सतीश (ग्राम फजायलपुर) को 25,838.91-25,838.91 रुपये, अलीमुद्दीन (दौलराजपुर) को 25,033.76 रुपये, जयपाल शर्मा (मचक मडैया) को 23,434.06 रुपये, कृपाल सिंह (शाहपुर खुर्द) को 20,986.98 रुपये, जगवीर सिंह भाटी (दौलराजपुर) को 19,363.82 रुपये, लखन (शाहपुर खुर्द) को 18,279.16 रुपये, शगीर अहमद (दौलराजपुर) को 16,734.38 रुपये, अजयपाल सिंह (दौलराजपुर) को 16,478 रुपये, फिरेराम (शाहपुर खुर्द) को 14,938.10 रुपये तथा संतोषी (बिसाहड़ा) को 15,712.52 रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की गई।

उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर ने बताया कि खरीफ मौसम में धान एवं बाजरा फसल को योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। क्लस्टर कोऑर्डिनेटर डी.आर. सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि धान की बीमित धनराशि 84,100 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें कृषक अंश के रूप में 2 प्रतिशत यानी 1,682 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम देय होगा। वहीं बाजरा की बीमित धनराशि 33,600 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा कृषक अंश 672 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह योजना जनपद के सभी ऋणी एवं गैर ऋणी कृषकों के लिए लागू है तथा ऋणी किसानों के लिए योजना स्वैच्छिक है। इच्छुक किसान 31 जुलाई 2026 तक बैंक अथवा जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपनी धान एवं बाजरा फसल का बीमा करा सकते हैं।

अधिकारियों ने किसानों को जानकारी दी कि फसल कटाई के बाद 14 दिनों तक खेत में सूखने के लिए रखी गई फसल को यदि ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा अथवा बेमौसम बारिश से नुकसान होता है तो 72 घंटे के भीतर भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 या क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से सूचना देना अनिवार्य होगा।

कार्यक्रम में बीमा कंपनी के प्रतिनिधि देवराज सिंह राठौर, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर डी.आर. सिंह, उप कृषि निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। तहसील प्रतिनिधि धीरज कुमार (सदर), रामवतार (जेवर) एवं दुर्गेश कुमार (दादरी) भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सेक्टर-126 पुलिस ने नशीले पदार्थ सप्लाई रैकेट का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## 500 ग्राम विदेशी गांजा 'ओजी' बरामद, छात्रों और युवाओं को बनाते थे निशाना

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस ने बीट पुलिसिंग और लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से अवैध नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले एक संगठित रैकेट का पदार्फाश करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से करीब 500 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला विदेशी गांजा ओजी, दो मोबाइल फोन, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, एक कार तथा पैकिंग में प्रयुक्त पॉलिथीन और लिफाफे बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम कुंवर पुत्र रनवीर सिंह कुंवर निवासी सेक्टर-1, थाना कौशांबी, जिला गाजियाबाद तथा नितिन चौहान पुत्र ओमवीर सिंह चौहान निवासी दुर्गा विहार कॉलोनी, सदरपुर, सेक्टर-45 नोएडा के रूप में हुई है। दोनों की उम्र क्रमशः 26 और 25 वर्ष बताई गई है।



थाना सेक्टर-126 पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को पुश्ता रोड सेक्टर-94 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया। बरामद ओजी गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7 से 8 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त अत्यंत सुनियोजित तरीके से नोएडा क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई का कार्य कर रहे थे। दोनों आरोपी इलेक्ट्रॉनिक तराजू की मदद से ओजी को छोटी-छोटी मात्रा में तौलकर पारदर्शी पाउच और लिफाफों में पैक करते थे, ताकि उसे आसानी से छिपाया और एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जा सके।

पुलिस के मुताबिक आरोपी मुख्य रूप से पीजी, हॉस्टल और आसपास के शैक्षणिक संस्थानों में रहने वाले छात्रों एवं युवाओं को निशाना बनाकर नशीले पदार्थों की सप्लाई करते थे। इससे उन्हें लगातार मोटा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा था। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सप्लाई में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, एक कार, 20 पॉलिथीन और 16 लिफाफे भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सोरखा गांव के श्मशान घाट का होगा जीर्णोद्धार

### बरसात से पहले ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्राम सोरखा में ग्रामीणों की मांग पर जर्जर श्मशान घाट के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया है। प्राधिकरण द्वारा इस कार्य के लिए ई-निविदा भी आमंत्रित कर दी गई है, ताकि आगामी बरसात से पूर्व ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।



प्राधिकरण के अनुसार जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत श्मशान घाट परिसर में क्षतिग्रस्त टीन शेड और प्लेटफार्म की मरम्मत कराई जाएगी। इसके अलावा लकड़ी रखने के लिए गोदाम का निर्माण, शोकाकुल आगंतुकों के लिए शौचालय की व्यवस्था तथा जलापूर्ति हेतु नए सबमर्सिबल पंप की स्थापना भी प्रस्तावित की गई है।

ग्रामीणों ने लंबे समय से श्मशान घाट की खराब स्थिति को लेकर प्राधिकरण से सुधार की मांग की थी। बरसात के दौरान यहां आने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब प्राधिकरण के इस निर्णय से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।


प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि कार्य पूर्ण होने के बाद श्मशान घाट परिसर में मूलभूत सुविधाएं बेहतर होंगी और अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# प्राधिकरण की लापरवाही से सेक्टर-27 में बड़ा हादसा टला

## 11 हजार केवी लाइन से टकराए खजूर के पेड़ में लगी आग, नीचे खड़ी कार भी चपेट में आई

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा के सेक्टर-27 स्थित डी-98 के बाहर खड़ी एक कार में मंगलवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि यह हादसा नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के कारण हुआ है। समय रहते लोगों की सतर्कता, विद्युत विभाग और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



सेक्टर-27 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजीव गर्ग ने बताया कि डी-97 के बाहर लगा खजूर का पेड़ काफी ऊंचा हो चुका था और झुककर 11 हजार केवी विद्युत लाइन के संपर्क में आ रहा था। इस संबंध में कई बार नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया था। अधिकारियों से पेड़ों की छंटाई कराने और ऊंचाई कम करने की मांग भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मंगलवार सुबह खजूर का पेड़ हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग नीचे खड़ी गाड़ियों तक पहुंच गई और एक कार आग की चपेट में आ गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और विद्युत विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीमों ने आग पर काबू पाया। निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजीव गर्ग ने कहा कि प्राधिकरण की अनदेखी के कारण लोगों की जान-माल खतरे में पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि शहर में हाईटेंशन लाइनों के आसपास लगे पेड़ों की तत्काल जांच और छंटाई कराई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# बीटा-2 पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक घायल

### पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में लगी गोली, चोरी की बाइक और लूटी गई चेन बरामद

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में ओमेक्स गोलचक्कर के पास चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में कॉम्बिंग अभियान चला रही है।



पुलिस के अनुसार थाना बीटा-2 की टीम ओमेक्स गोलचक्कर के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन बदमाश मोटरसाइकिल तेजी से भगाकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग कर दी।

आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान सोनू श्रीवास्तव पुत्र तुलसी निवासी घटकना, थाना मौदहा, जिला हमीरपुर हाल निवासी भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस .315 बोर, थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र से चोरी की गई अपाचे मोटरसाइकिल तथा लूटी गई सोने की चेन बरामद की है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 13 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी राह चलते लोगों से स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल 2026 को जगत फार्म मार्केट में एक महिला से चेन लूट की घटना में भी इसकी संलिप्तता पाई गई है।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सेक्टर-101 में टायर शॉपी और योकोहामा का नया शोरूम शुरू

## एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन व योकोहामा के एमडी हरिंदर सिंह ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा के सेक्टर-101 स्थित बाबा किशन सहाय मार्केट में प्रतिष्ठित टायर शॉपी कंपनी के नए शोरूम का उद्घाटन योकोहामा टायर्स के सहयोग से किया गया। शोरूम का शुभारंभ एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, योकोहामा टायर्स के एमडी एवं सीईओ हरिंदर सिंह तथा टायर शॉपी के निदेशक सुनील जैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और केक काटकर किया।




इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में योकोहामा टायर्स के एमडी/सीईओ हरिंदर सिंह ने बताया कि वर्ष 1917 में टोक्यो में स्थापित योकोहामा रबर कंपनी लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले टायर निर्माण के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि कंपनी टायरों के साथ-साथ औद्योगिक और गोल्फ उत्पादों के निर्माण में भी कार्यरत है तथा 120 से अधिक देशों में कारोबार कर रही है। कंपनी में दुनिया भर में करीब 20 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं।

उन्होंने बताया कि कंपनी कॉम्पैक्ट कारों से लेकर स्पोर्ट्स कार, हाई-पावर सेडान और बड़े निर्माण उपकरणों तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए टायर तैयार करती है। योकोहामा ने एस्टन मार्टिन, ऑडी, फिएट, डॉज, होंडा और टोयोटा जैसी कई प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए विशेष टायर डिजाइन किए हैं।

हरिंदर सिंह ने कहा कि कंपनी अपने टायरों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जापान, थाईलैंड और स्वीडन के ट्रैकों पर कठोर परीक्षण कराती है। इसके अलावा स्पेन और अमेरिका में भी परीक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में कंपनी ने घूमते टायरों से उत्पन्न शोर को दृश्य रूप में प्रदर्शित करने की विश्व की पहली सिमुलेशन तकनीक विकसित की थी।

टायर शॉपी के निदेशक सुनील जैन ने कहा कि कंपनी ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नोएडा समेत अन्य स्थानों पर भी टायर संबंधी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि योकोहामा कंपनी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वायुगतिकी तकनीक पर विशेष कार्य कर रही है, जिससे टायर और वाहन दोनों के वायु प्रतिरोध को कम किया जा सके।

कार्यक्रम में मोहित जैन, रोहित जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रचनात्मक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय एआई कौशल पहल शुरू, 15 हजार छात्रवृत्तियां उपलब्ध

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के सहयोग से रचनात्मक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय एआई कौशल पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। गूगल और यूट्यूब के साथ साझेदारी में विकसित इस पहल का उद्देश्य मीडिया, मनोरंजन, एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल स्टोरीटेलिंग जैसे क्षेत्रों में उभरती प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कौशल प्रदान करना है।

कार्यक्रम के तहत 15 हजार प्रतिभागियों को छात्रवृत्तियां दी जाएंगी। मंत्रालय ने इच्छुक युवाओं और पेशेवरों से इस पहल का लाभ उठाकर एआई कौशल विकसित करने की अपील की है, जिससे रचनात्मक क्षेत्रों में उनकी पेशेगत दक्षता और रोजगार संभावनाएं बढ़ सकें।

आईआईसीटी मुंबई, भारत सरकार द्वारा स्थापित एक प्रमुख संस्थान है, जो एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) क्षेत्र में कौशल विकास के लिए समर्पित है।

# टीएमयू में एक्सपर्ट ने नर्सों को दिए बर्नआउट से उबरने के टिप्स

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से क्रिएटिंग रेसीलेंट, सस्टेनेबल, ऐसेसेबल हेल्थकेयर फॉर ऑल- ए नर्सिंग पर्सपेक्टिव पर एक्सपर्ट टॉक फ्लोरेंस नाइटिंगेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नई दिल्ली की सीनियर फैकल्टी डॉ. हिमालयानी शर्मा ने पीयर सपोर्ट, रेस्पॉन्स, प्रीपेयर्डनेस, रिकवरी, एकसेप्टेंस, विलीफ, कमिटमेंट, डिस्कवरी, इवेल्यूऐट, इंजॉय, सेल्फ लव, रेसीसटेंस, सस्टेनेबिलिटी, ऐसेसेबिलिटी, प्रोफेशनल डवलपमेंट, कोलाबेरेशन लर्निंग सरीखे शब्दों की गहनता से व्याख्या करते हुए नर्सों से जीवन में इन्हें आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही हम करते हैं। सच तो यह है, हमारे मस्तिष्क में थिंकिंग की असीम क्षमताएं हैं। पॉजिटिव सोचते है, तो पॉजिटिव करते हैं, नेगेटिव सोचते हैं, तो नेगेटिव करते हैं। उन्होंने कहा, नर्सों को स्ट्रेस से बचने के लिए मेडिटेशन, योग, हेल्दी फूड, पॉजिटिव थिंकिंग को अपनाना चाहिए। साथ ही कहा, अपने कार्य पर फोकस बनाए रखें, कभी भी हार नहीं मानें। टीबी उन्मूलन पर बोलते हुए कहा, जैसे हमने पोलियो मुक्त राष्ट्र बनाया है वैसे ही हम अपने सार्थक प्रयासों से टीबी मुक्त राष्ट्र बना सकते हैं।



डॉ. शर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से क्रिएटिंग रेसीलेंट, सस्टेनेबल, ऐसेसेबल हेल्थकेयर फॉर ऑल- ए नर्सिंग पर्सपेक्टिव पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. हिमालयानी शर्मा, फैकल्टी ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एक्सपर्ट टॉक का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि को बुके और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। फैकल्टी ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने उम्मीद जताई, यह एक्सपर्ट टॉक नर्सिंग स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम. ने एक्सपर्ट टॉक की थीम पर विस्तार से प्रकाश डाला। टॉक में डॉ. शालिनी जोशी, डॉ. मनोरंजनी जे., श्री रितिक सैनी के संग-संग पोस्टबेसिक बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी सुश्री आरती चौधरी ने किया।

# कालजयी कहानियों का उद्गम हमेशा 'लोक मानस' से होता है- पंडित सुरेश नीरव

**समाज जागरण**

नई दिल्ली- साहित्य अकादेमी के सभागार में विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान के तत्वावधान में अनीता प्रभाकर स्मृति कहानी प्रतियोगिता - 2025 के तृतीय संस्करण के अंतर्गत "पुरस्कार वितरण समारोह एवं कहानी पर चर्चा" का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के ग्लोबल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव ने की। मुख्य अतिथि रहे निर्वहन कला संगम एवं कथानक के संपादक डॉ अनुज। कार्यक्रम का सफल संचालन जनसत्ता के पूर्व प्रखर पत्रकार प्रसून लतांत ने किया। समारोह के आरंभिक उदबोधन में विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान के संस्थापक अतुल विष्णु प्रभाकर ने कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। अगले चरण में अनीता प्रभाकर की पोती विभूति गोयल ने कहा कि मेरी दादी को हिन्दी साहित्य पढ़ने और लिखने से बहुत गहरा लगाव रहा है। जीवन की विभिन्न जिम्मेदारियों का संतुलन बनाए रखते हुए उन्होंने अपने लेखन को सहेजकर रखा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अनीता प्रभाकर स्मृति कहानी प्रतियोगिता की "पुरस्कृत कहानियां - 2025" पुस्तक का मंचासीन गणमान्य विभूतियों एवं इस अवसर पर उपस्थित विद्वतजनों के कर-कमलों द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्य आचार्य अनमोल ने अशुद्धियों और व्याकरण पर जहाँ ध्यानाकर्षण किया वहीं अन्य सदस्य डॉ वेदमित्र शुक्ल ने निर्णायक मंडल की निष्पक्षता की प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय भाषण में पंडित सुरेश नीरव ने कहा कि मैं अतुल विष्णु प्रभाकर से मिला कम हूं लेकिन उन्हें समझा ज्यादा है। उनके डीएनए में आज भी कीर्तिशेष विष्णु प्रभाकर बोलते हैं। मैं भाग्यशाली हूँ कि मुझे विष्णु प्रभाकर का सान्निध्य प्राप्त हुआ है। अक्सर कनॉटप्लेस के इंडियन काफी हाउस में विष्णु प्रभाकर से मुलाकात हो जाया करती थी। कहानी के संदर्भ में श्री नीरव ने कहा कि कालजयी कहानियों का उद्गम हमेशा 'लोक मानस' से होता है। और आगे भी लोक मानस से ही होगा। इस संदर्भ में श्री नीरव ने हरिश्चन्द्र तारामति तथा पन्नाधाय जैसे अमर कहानियों का उल्लेख किया। इसीक्रम में श्री नीरव ने नई कहानी को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष नवीन कुमार गोयल ने अपने अति संक्षिप्त उदबोधन में बताया कि पंडित सुरेश नीरव से मेरा परिचय शाहदरा से है, जब वह वहां रहा करते थे और कादम्बिनी में कार्यरत थे। उनके मुखारविंद से आज उनका उदबोधन सुनकर मैं सचमुच रोमांचित हो गया हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस संपूर्ण समारोह का श्रेय अतुल विष्णु प्रभाकर को है, जिसके लिए उनके साथ पूरा परिवार सहयोग करता है। चयन-प्रक्रिया की निष्पक्षता में परिवार का कोई दखल नहीं होता है। मेरा कार्य तो मात्र इतना है कि मैं इस कार्यक्रम और आयोजन को सफल बनाने हेतु आप सभी के सहयोग, योगदान, सहभागिता और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद और आभार ज्ञापित करना और पुरस्कृत व्यक्तित्वों को बधाई एवं शुभकामनाएं अर्पित करना है। भोजन अवकाश के पश्चात, द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया गया, जिसकी अध्यक्षता आकाशवाणी से सेवा निवृत्त लक्ष्मी शंकर बाजपेयी ने की। उपस्थित पुरस्कृत रचनाकारों ने अपनी कहानियों का अपने अनूठे अंदाज में वाचन करते हुए सभागार में उपस्थित जनसमुदाय को भाव-विभोर करते हुए गड़गड़ाती करतल-ध्वनि से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। अंतिम पड़ाव पर, इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शहरों से पधारे सभी प्रबुद्धजनों, विद्वतजनों एवं आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भव्य आयोजन का सार्थक समापन हुआ।

# महाराष्ट्र के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र में प्रस्तावित हाई-स्पीड कॉरिडोर, हाई-डेंसिटी कॉरिडोर और अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज नई दिल्ली में हुई समीक्षा बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण राजमार्ग विकास परियोजनाओं पर चर्चा की, जिनमें नागपुर-भंडारा खंड का छह लेन का निर्माण, तलोदा-बुरहानपुर खंड का चार लेन का निर्माण, दुर्ग-गडचिरोली-मंचरियाल कॉरिडोर, गडचिरोली-कांकेर (रायपुर-विशाखापत्तनम) कॉरिडोर, ग्वालियर-नागपुर कॉरिडोर, नागपुर-हैदराबाद कॉरिडोर, भंडारा-रायपुर खंड का छह लेन का निर्माण, लखनादोन-दुर्ग-रायपुर कॉरिडोर, नागपुर-अमरावती खंड का छह लेन का निर्माण, एनएच-44 पर मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा-नागपुर बाईपास-बोरखेड़ी खंड और पुणे-सतारा खंड का छह लेन का निर्माण शामिल है।



समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर 527 किमी की कुल लंबाई को कवर करने वाली नौ राज्य निर्माण-परिचालन-हस्तांतरण (बीओटी) परियोजनाओं पर भी चर्चा शामिल थी। इन परियोजनाओं में शिरूर-अहिल्यानगर (4-लेन), अहिल्यानगर-वडाला (4-लेन), वडाला-छत्रपति संभाजीनगर (4-लेन), छत्रपति संभाजीनगर-जालना (4-लेन), जालना-वातूर (4-लेन), नांदेड़-नरसी-डेगलुर (4-लेन और 2-लेन), जाम-वरोरा (4-लेन), वरोरा-चंद्रपुर-बामनी (4-लेन) और मलकापुर-चिखली (2-लेन) गलियारे शामिल हैं।

इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में सड़क संपर्क को मजबूत करने और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए परियोजना नियोजन और कार्यान्वयन में तेजी लाना था।

# प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति विकसित भारत के सामूहिक स्वप्न को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बहुआयामी प्रयास कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि संसदीय कार्यवाही की उत्पादकता और प्रभावशीलता बढ़ाने के उनके निरंतर प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वांगीण विकास के प्रति उपराष्ट्रपति का अटूट समर्पण और गरीबों एवं वंचितों के प्रति उनकी चिंता भी उतनी ही प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन समर्पण, अनुशासन और स्पष्ट उद्देश्य की भावना से प्रेरित है। श्री मोदी ने उपराष्ट्रपति के अच्छे स्वास्थ्य, सुख और राष्ट्र की सेवा में निरंतर रत रहते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखाः उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे विकसित भारत के हमारे सामूहिक स्वप्न को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। संसदीय कार्यवाही की उत्पादकता और प्रभावशीलता बढ़ाने के उनके प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। गरीबों और वंचितों के प्रति चिंता के साथ सर्वांगीण विकास के प्रति उनका पूर्ण उत्साह भी उतना ही प्रेरणादायक है। उनका सार्वजनिक जीवन समर्पण, अनुशासन और स्पष्ट उद्देश्यबोध से प्रेरित है।

# पश्चिम बंगाल में खिला 'कमल': भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं का भव्य जश्न

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद,पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने राज्य की राजनीति में एक नए युग का सूत्रपात कर दिया है। मतगणना के रुझानों और परिणामों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बहुमत का जादुई आंकड़ा पार करते ही पूरे देश सहित बंगाल के कोने-कोने में उत्सव का माहौल है। इस ऐतिहासिक विजय की खुशी में शुभम ग्रोवर के प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर जीत का जोरदार जश्न मनाया।



जैसे ही चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भाजपा की सीटों का आंकड़ा 190 के पार पहुँचा, शुभम ग्रोवर के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का ताँता लग गया। 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने स्वयं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस बड़ी जीत की बधाई दी। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने न केवल मिठाइयां बांटी, बल्कि ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। पार्टी समर्थकों का कहना है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बंगाल की जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी शिरकत की जिसमें नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल शुभम ग्रोवर बिट्टू भटनागर संजय सैनी ऐश्वर्या एरन मोनू हिमांशु तायल मोनिका यादव इंदु राजपूत मनीष सैनी गीता राज बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को भावभीनी विदाई

## मुरादाबाद स्थानांतरण पर कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**समाज जागरण / बहजोई।**

कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के मुरादाबाद जनपद स्थानांतरण पर उनके सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण भावुक होने के साथ-साथ जिलाधिकारी के उत्कृष्ट कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना से भी परिपूर्ण रहा।



कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा जिलाधिकारी को पुष्पमाला पहनाकर की गई। इसके बाद कलक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें पुष्प एवं मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ और प्रशासनिक कार्यों में नई गति मिली। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने भी जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में कराए गए कार्यों और अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार तथा जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के नेतृत्व, कार्यकुशलता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों की सेवा करने का अवसर उनके लिए गौरव की बात रही। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों ने टीम भावना के साथ कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा। उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए जनपद के प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 महाकूपों के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। समारोह का समापन स्मृति चिन्ह भेंट एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया गया।

# व्यक्ति पर हाथ में छुरा लेकर गाली गलौज का आरोप

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर शनिवार की रात हाथ में छुरा लेकर गाली ग्लोच करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।जिसकी वीडियो भी सोशल मिडिया पर वायरल हो रही है।

मोहल्ला कस्सावान निवासी दिलशाद ने थाने में दी तहरीर में बताया की मोहल्ले का ही इस्तेखार आए दिन मोहल्ले में गाली ग्लोच करता है।शनिवार की रात उसने हाथ में छुरा लेकर उसे ओर उसके परिजनों को गन्दी गन्दी गालिया दी ओर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर छुरा बरामद करते हुए चलान कर दिया है।हाथ में छुरा लेकर गाली ग्लोच करने का एक वीडियो भी सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है।

# गुलदार ने फिर एक किसान पर किया जानलेवा हमला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। गुलदार द्वारा किए गए हमलों में अब तक किसानों की जान जा चुकी है, परंतु किस तरह गुलदार के आतंक से बचा जाए यह ना तो वन विभाग और ना ही अन्य प्रशासन की समझ में आ रहा है, इसे प्रशासन की नाकामी कहा जाए या वन विभाग की लापरवाही! जिस तरह आए दिन गुलदार द्वारा किसानों पर हमले किए जा रहे हैं और किसानों को एक नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है, इस संबंध में कहना उचित होगा कि आज का किसान अपने खेत पर सुरक्षित नहीं है।



अवगत कराना है कि नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर काजी उर्फ कबाड़ी वाला के रहने वाले किसान कुलदीप सिंह उर्फ कन्हैया अपने खेत पर चारा लेने के लिए गए थे। अपना काम निपटाने के बाद जब कुलदीप सिंह रविवार सुबह 11:00 बजे अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी एक खूंखार गुलदार ने सामने से हमला कर दिया, जिसमें किसी तरह किसान ने अपनी जान बचाई, यदि वहां पर अन्य किसान गौरव, निपेंद्र, बृजपाल आदि लोग ना होते तो गुलदार का हमला इतना खतरनाक था कि किसान की जान भी जा सकती थी, परंतु गनीमत यह रही कि ग्रामीणों ने किसान की जान बचा ली। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा किसान को सी एच सी समीपुर में भर्ती कराया गया एवं प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# 53 लाख के सात ट्रैक्टर बरामद, आरोपी फरार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मण्डावर।पुलिस ने फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस कराकर अवैध तरीके से ट्रैक्टरो की अवैध खरीद-फरोख्त करने वाले संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने 53 लाख रुपए की कीमत के07 ट्रैक्टर बरामद किए है।जबकि आरोपि फरार बताये जा रहे है।



पुलिस के अनुसार 30 मार्च को महिंद्रा फाइनेंस कम्पनी द्वारा 27 मार्च को तीन ट्रेक्टर गायब होने व एयु स्माल फाइनेस कंपनी द्वारा दो ट्रेक्टर गायब करने के सम्बन्ध में

थाना कोतवाली देहात के गाँव गोसपुर सादात निवासी जावेद पुत्र कफील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थीं। वही कोला मंडलम फाइनेस कम्पनी द्वारा थाना मंडावर के गाँव मोहम्मद पुर देवमल निवासी भूपेंद्र पुत्र शेर सिंह व थाना कोतवाली देहात के गाँव गोसपुर निवासी जावेद के खिलाफ एक ट्रेक्टर गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थीं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ट्रेक्टरो ओर आरोपियों की तलास में जुट गई थीं।पुलिस जाँच में भूपेंद्र, जावेद व थाना किरतपुर के गाँव असगरपुर निवासी संजीव पुत्र अशोक द्वारा फाइनेस कंपनियों से ट्रेक्टर खरीदकर उनकी नंबर प्लेट आदि पहचान मिटाकर ग्रामीण क्षेत्र में कम दामों में बेचना पाया गया।रविवार को पुलिस ने अलग अलग जगह से 53 लाख के सात ट्रेक्टर बरामद किए है। जबकि तीनो आरोपी फरार है! सीओ संग्राम सिंह ने बताया की फाइनेस कम्पनियो से धोखाधड़ी कर खरीदे गए। 53 लाख रुपय के सात ट्रेक्टर बरामद किए गए,फरार तीनो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाईं गई है! तीनो को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा! आरोपि जावेद के खिलाफ प्रताप गढ़ में भी 35 ट्रेक्टरो को बेचने का मुकदमा दर्ज है।

# नई स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग प्रणाली को अपनायें, समय पर रिचार्ज करें और UPPCL SMART APP डाउनलोड कर सुविधाओं का लाभ उठायें

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर 04 मई 2026- नोडल अधिकारी जिला बिजनौर श्री योगेश कुमार, आईएएस, आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता, उ०प्र० द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान आमजन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने व इसके लाभों के विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए दिए गए निदेशों के क्रम में अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर में विद्युत मापन तकनीकी में किसी भी तरह का बदलाव नही किया गया, केवल स्वतः बिल बनने की तकनीक डेटा का एकीकरण बढाया गया है, जिसके फलस्वरूप स्मार्ट मीटर बिल्ट-इन संचार तकनीक के साथ रियल-टाइम में भुगतान और खपत का विवरण प्राप्त करने में विद्युत उपभोक्ता को सक्षम बनाता है, सरकारी नियमों के अनुसार डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करता है व इसे प्रीपेड मोड में मोबाइल फोन की तरह रिचार्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित होने पर भविष्य में सोलर पैनल लगवाने पर मीटर बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी उपभोक्ता को ऐसा प्रतीत होता है कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहा है, तो आवेदन उपरान्त चैक मीटर लगवाकर समस्या का निस्तारण करा दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर, स्मार्ट उपभोक्ता, स्मार्ट प्रदेश के तहत प्री-पेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को UPPCL SMART APP डाउनलोड करने पर उनको अपने बिल का पूर्ण विवरण प्रदर्शित होगा, जिसके माध्यम से आप दैनिक एवं हर घंटे की खपत की निगरानी कर सकते हैं, इसके माध्यम से सटीक और पारदर्शी बिलिंग होगी, ऐप के माध्यम से नियमित अलर्ट प्राप्त होते रहेंगे, जिससे उपभोक्ता ससमय भुगतान कर सकेंगे। स्मार्ट प्री-पेड मीटर उपभोक्ता द्वारा पूर्व में जमा सिक्योरिटी धनराशि को उनके बकाये में समायोजित किया जाएगा या सीधे उनके प्री-पेड बैलेंस में क्रेडिट कर दिया जाएगा।प्री-पेड में भुगतान पर उपभोक्ताओं को निर्धारित विद्युत दरों पर 2 प्रतिशत की छूट मिलती है। शुल्क पूरी तरह से ऊर्जा खपत पर आधारित है, इसका विवरण ऐप पर उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी बताया कि ऑटोमेटिक री-कनेक्ट व्यवस्था के तहत बिजली कटने के बाद रिचार्ज करने के सामान्यतः 02 घण्टे के भीतर विद्युत आपूर्ति स्वतः बहाल हो जाती है। यदि 02 घण्टे के भीतर विद्यत आपूर्ति बहाल नही होती है, तो 1912 पर कॉल कर समस्या का समाधान कराया जा सकता है। ग्रेस पीरियड (प्री-पेड में परिवर्तित होने के पहले 30 दिन), इमरजेंसी क्रेडिट (बैलेंस समाप्त होने के बाद 03 दिन तक), सार्वजनिक अवकाश एवं हैप्पी आवर्स (शाम 6:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक) इन अवधियों के दौरान विद्युत आपूर्ति नहीं काटी जायेगी। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि बिजली आपूर्ति में रुकावट और असुविधा से बचने के लिए हमेशा अपना प्रीपेड बैलेंस पॉजिटिव (+) रखें। उन्होंने जिला बिजनौर के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं का आह्वान किया कि वे इस नई स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग प्रणाली को अपनायें, समय पर रिचार्ज करें और UPPCL SMART APP डाउनलोड कर सुविधाओं का लाभ उठायें।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विकासखंड स्योहारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कल तहसील धामपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत विकास खंड स्योहारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान क्षेत्र में संचालित विभिन्न नवाचारपूर्ण एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान श्री जमाल अहमद के आवास पर स्थित गौरेया की हवेली का निरीक्षण किया गया। श्री अहमद द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन लगभग 3000 गौरेया यहाँ आती हैं। पक्षियों के संरक्षण के लिए उन्होंने अपने घर की छत एवं आंगन में पेड़-पौधे लगाकर अनुकूल वातावरण विकसित किया है, जिससे गौरेया शाम के समय हवेली में लगे पेड़ों पर आकर विश्राम करती हैं। इस अवसर पर जनपदवासियों से अपील की गई कि भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए घरों की छतों एवं बाहर दाना, पानी, रोटी तथा बचा हुआ भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा स्योहारा क्षेत्र में संचालित श्री सलमान की विग फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया, जहाँ मुख्यतः महिलाओं द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों से महिलाओं के बाल एकत्रित कर उनकी साफ-सफाई एवं प्रसंस्करण के बाद विशेष तकनीक से विग तैयार की जाती है, जिन्हें देश-विदेश में विक्रय के लिए भेजा जाता है। यह इकाई महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

भ्रमण के दौरान देवरा एग्रोटेक इंडस्ट्रीज का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ कैक्टस एंड सक्युलेंट्स फार्म, देवरा डिजिटल सॉइल टेस्टिंग लैब एवं मॉडर्न लाइब्रेरी का अवलोकन किया गया। यहाँ 100 से अधिक दुर्लभ कैक्टस प्रजातियों के लगभग 1.5 लाख पौधों का सुव्यवस्थित संग्रह स्थापित है। श्री अक्षत देवरा द्वारा बताया गया कि इन पौधों को विदेशों से लाकर स्थानीय वातावरण में उगाया जा रहा है तथा देश-विदेश में विक्रय के लिए भेजा जाता है। साथ ही, देवरा डिजिटल सॉइल टेस्टिंग लैब में आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत उपकरणों के माध्यम से मृदा परीक्षण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जो मिट्टी बचाओ अभियान के अंतर्गत टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में सहायक हैं।

उपरोक्त गतिविधियाँ जनपद में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं कृषि उन्नयन की दिशा में एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायी पहल के रूप में स्थापित होंगी।

# नगर पंचायत साहनपुर में बोर्ड बैठक का आयोजन संपन्न हुआ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर साहनपुर नगर पंचायत साहनपुर मे बोर्ड बैठक का आयोजन चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की अध्यक्षता में तथा अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत के संचालन में सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया।



बैठक के दौरान सम्मानित सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। साथ ही 12 मई को डिजिटल लाइब्रेरी के उद्घाटन पर सहमति बनी। लाइब्रेरी के संचालन हेतु समय निर्धारित किया गया, जिसमें पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक (लड़कों के लिए) तथा दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक (लड़कियों के लिए) रहेगी। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति के समय में सुधार पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर सरकार द्वारा नामित तीनों सभासदों का स्वागत भी किया गया। बैठक में कार्यालय वरिष्ठ सादिक, सभासद शाहिद, इकबाल, नामित सभासद राजकुमार प्रजापति, अजीम अहमद, सचिन देशवाल, शहनाज, अजमल खान, फुरकान, अंजू, रुकसाना, शहजाद अंसारी, इरशाद, रिहाना सहित अन्य सभासदगण उपस्थित रहे।

# सीएचसी में डॉक्टरों की कमी से मरीज बेहाल, नियुक्ति की मांग

## - तीन लाख की आबादी पर सिर्फ तीन चिकित्सक, घंटों इंतजार को मजबूर लोग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती मरीजों की संख्या के बीच अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर न होने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सा प्रभारी ने शासन और प्रशासन को पत्र भेजकर चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की है।थाना क्षेत्र में तीन लाख से अधिक महिला-पुरुषों की आबादी है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी समेत मात्र तीन चिकित्सक ही तैनात हैं। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण अस्पताल में नगर



और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले महिला, पुरुष और बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सीमित डॉक्टरों पर मरीजों का दबाव बढ़ गया है।सोमवार को अस्पताल परिसर में मरीजों की भारी भीड़ दिखाई दी। पर्ची बनवाने से लेकर उपचार कराने तक लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। मरीजों की अधिक संख्या के चलते चिकित्सकों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए शासन और प्रशासन को पत्र भेजकर मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक डॉक्टरों की तैनाती नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की संख्या बढ़ने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# एएलटीडी नियामक ढांचे पर प्रति-टिप्पणियां जमा करने की तिथि बढ़ी

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने एप्लिकेशन-आधारित लीनियर टेलीविजन वितरण सेवा (एएलटीडी) और निःशुल्क विज्ञापन-समर्थित स्ट्रीमिंग टेलीविजन (एफएएसटी) सेवाओं के लिए नियामक ढांचा तैयार करने संबंधी परामर्श पत्र पर टिप्पणियां एवं प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय सीमा बढ़ा दी है।

ट्राई द्वारा 6 अप्रैल 2026 को जारी परामर्श पत्र पर पहले टिप्पणियां जमा करने की अंतिम तिथि 4 मई 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 11 मई 2026 कर दिया गया है। वहीं प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 से बढ़ाकर 25 मई 2026 कर दी गई है।

प्राधिकरण ने बताया कि विषय में जटिल तकनीकी, परिचालनात्मक और नियामक पहलू शामिल हैं तथा अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और सर्वोत्तम प्रथाओं के अध्ययन के लिए अधिक समय की आवश्यकता जताई गई थी। विभिन्न हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

ट्राई ने स्पष्ट किया है कि अब आगे समयसीमा बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

# आंधी-तूफान से जनजीवन बेहाल, बिजली आपूर्ति रही ठप

## --पेड़ उखड़ें आम की फसल को भारी नुकसान,रातभर अंधेरे में रहे लोग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर एवं क्षेत्र में देर रात आए तेज आंधी-तूफान और हल्की बूंदाबांदी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों और विद्युत लाइनों पर गिर पड़े, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। वहीं किसानों की आम की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है।रविवार रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ जड़ से उखड़ गए। विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने के कारण नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रातभर और सोमवार दिनभर कई मोहल्लों में अंधेरा पसरा रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली गुल रहने से पेयजल संकट भी गहरा गया। लोगों के घरों में लगे इनवर्टर जवाब दे गए, जबकि गर्मी और उमस के कारण बच्चों एवं बुजुर्गों को काफी दिक्कतें



उठानी पड़ीं। दूसरी ओर आंधी से आम के बागों में बड़ी संख्या में फल जमीन पर गिर गए, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के समय आए इस तूफान ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। विद्युत विभाग की टीमों ने रात से ही क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया था। कर्मचारियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद टूटे तार और गिरे पेड़ों को हटाकर बिजली आपूर्ति सुचारू कराई। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# खेत पर बने कमरे में रखे भूसे में लगाई आग, किसान का हजारों का नुकसान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बा निवासी एक किसान के खेत पर बने कमरे में रखे भूसे में शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी। आग लगने से किसान को हजारों रुपये का नुकसान हो गया।पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



कस्बा निवासी समयदीन ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में उसका खेत स्थित है। खेत पर उसने एक कमरा बना रखा है, जिसमें पशुओं के चारे के लिए भूसा भरकर रखा गया था। आरोप है कि किसी ने रंजिश के चलते शरारती तत्वों ने कमरे की ईंट हटाकर अंदर आग लगा दी।भूसे में आग लगने से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने किसान को सूचना दी। जानकारी मिलते ही समयदीन मौके पर पहुंचा और घटना की सूचना 112 पुलिस को दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।पीड़ित किसान का कहना है कि आग लगने से उसका हजारों रुपये का नुकसान हो गया। उसने थाने में तहरीर देकर,आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत उप निरीक्षक सुनील त्यागी महिला व हेड कांस्टेबल मिथिलेश ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। टीम ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी विस्तार से दी। महिला हेड कांस्टेबल मिथिलेश ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनना बेहद जरूरी है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित महिला न केवल अपने अधिकारों को समझती है, बल्कि समाज में भी सशक्त भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के तुरंत पुलिस से संपर्क करें। उप निरीक्षक ने महिलाओं को आपातकालीन सेवा सहित अन्य सहायता नंबरों की जानकारी दी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन




**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम आलोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए बाढ़ से पूर्व की कार्ययोजना पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि तटबंधों व कटान प्रभावित स्थानों पर समय रहते बालू व बोरियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल स्तर बढ़ने-घटने की सूचना नियमित रूप से उपलब्ध कराने के लिए ड्रेनेज विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका, नगर पंचायत व पंचायत राज विभाग को नालों की सफाई, जलभराव की निकासी तथा नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जर्जर तारों व पोलों को तत्काल हटाने के लिए कहा गया। डीएम ने बाढ़ के दौरान नाव व मोटरबोट की उपलब्धता सुनिश्चित करने, लाइफ जैकेट का आकलन करने तथा जरूरत के अनुसार व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। जिला आपूर्ति विभाग को पीडीएस प्रणाली के तहत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय पर राशन व ईंधन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। लोक निर्माण विभाग को सड़कों व पुलियों की मरम्मत तथा वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ के दौरान फैलने वाली बीमारियों से निपटने के लिए दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने और उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। पुलिस विभाग को बाढ़ चौकियों व शरणालयों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए गए। पेयजल व्यवस्था को लेकर जल निगम, नलकूप विभाग व पंचायत राज को हैंडपंपों की मरम्मत व रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्येन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो वायरल, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अवैध हथियारों के साथ वीडियो वायरल कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने छह युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में कुछ युवक अवैध तमंचा और पिस्टल लहराते हुए गाली-गलौज और आपराधिक धमकी देते नजर आए। मामले की जांच उप निरीक्षक खूब सिंह द्वारा की गई, जिसमें वीडियो अमित पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम किवाना, थाना कांधला की फेसबुक आईडी से अपलोड पाया गया। जांच में वीडियो में दिख रहे अन्य युवकों की पहचान आकाश पुत्र भानू, अंकुश पुत्र कालू, पारस पुत्र अंजू, सोनू पुत्र जगमेर और मुकुल पुत्र बिल्लू निवासीगण ग्राम लिसाढ़ थाना कोतवाली शामली के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपी अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर आम लोगों में भय और दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे थे। इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडियो को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# स्मृति शिलापट्ट को बिना अनुमति हटाने का आरोप, थाने पर शिकायत



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के मोहल्ला नंदू प्रसाद निवासी एक वृद्ध महिला ने विश्वकर्मा पार्क में लगाए गए स्मृति शिलापट्ट को बिना अनुमति हटाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दी है। महिला का आरोप है कि उसने अपने स्वर्गीय पुत्र की स्मृति में शिलापटट लगाया था, लेकिन कुछ लोगों ने उसको तोडकर कूडे के ढेर में फेंक दिया है।

वृद्ध महिहला कौशल्या देवी पत्नी स्वर्गीय राजपाल सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपने स्वर्गीय पुत्र कुलदीप धीमान की पुण्यतिथि की स्मृति में टंकी रोड स्थित विश्वकर्मा पार्क के गेट पर एक शिलापट्ट लगवाया था। आरोप है कि बिना उनकी अनुमति के उक्त पत्थर को हटा दिया गया, जो बाद में पार्क परिसर में कूड़े के पास पड़ा मिला। वृद्ध महिला का कहना है कि इस घटना से उनकी भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने पार्क में चल रहे कार्य से जुड़े चार व्यक्तियों अमित विश्वकर्मा, महेश धीमान, मुकेश जांगिड और सुधीर धीमान पर संदेह जताया है। पीड़िता ने पुलिस से मांग की है कि शिलापट्ट को पूर्व स्थिति में पुनः स्थापित कराया जाए और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत, आम और लीची की फसल को नुकसान





**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) देर रात आये तेज तूफान और झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकी। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वही बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव और कीचड फैल गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा।

गत रविवार देर रात्रि अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में काले बादल छा गए। तेज हवाओं के चलने से गर्मी के बीच अपने मकानों की छतों और आंगन में हो रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। सो रहे लोगों में जाग हो गई और झमाझम बारिश होने के बाद लोग लोग अपने घरों में दुबक गए। जिसके बाद तेज तूफान और बारिश हुई। तेज तूफान से आम और लीची की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे बाग मालिक काफी चिंतित नही आये। कच्चा आम टूटकर जमीन पर गिर गया है। वही सोमवार को बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकी। मौसम का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तानमान 20 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। गत दिवस के मुकाबले तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वही बारिश के बाद कई स्थानों पंसारियान, कलंदरशाह, नौकुआ रोड, कैराना रोड, दिल्ली रोड पर जलभराव और कीचड की समस्या का सामना करना पडा, जिससे नागरिकों को भारी दुश्वारियां हुई है।

# पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनने पर मनाया जश्न



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में सोमवार को शहर में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने अतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिष्ठान वितरित किया।

सोमवार को शहर के शिव चौक पर एकत्रित हुए कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपाईयों ने भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों लगाये। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देशभर में भाजपा की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है और आने वाले समय में पार्टी और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। वही शहर के अस्पताल रोड पर भी भाजपाईयों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया।

इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सचिन जैन, घनश्याम पारचा, सलमान अहमद, रूबी चौधरी, सतीश धीमान, शशि अरोरा, रोहित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सरस्वती प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया। मेधावी परीक्षा में सक्षम स्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी।

प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि शिशु शिक्षा समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश नेहरू नगर, गाजियाबाद द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। इसमें कक्षा 8 के चयनित छात्र-छात्राओं को हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित व सामान्य ज्ञान विषयों की तैयारी कराई जाती है। इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन 24 व 25 फरवरी 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शामली में हुआ।प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। सक्षम स्वामी ने प्रथम, देव कुमार ने द्वितीय, रितिका ने तृतीय तथा पीहू शर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं वासु कुमारी ने छठा, श्रेया बंसल ने आठवां और वंश कुमार ने दसवां स्थान हासिल किया। परीक्षा प्रमुख आचार्य आशीष जैन ने बताया कि प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रांतीय कार्यालय, नेहरू नगर गाजियाबाद द्वारा प्रति छात्र 5100 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंचल गोयल, प्रबंधक विवेक संगल, गौरव संगल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# मुनव्वर मंसूरी राइफल क्लब के निशाने बाज का भारतीय सेना में चयन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मुनव्वर मंसूरी राइफल क्लब लिलोन के प्रतिभाशाली निशानेबाज शोयब मलिक का स्पोर्ट्स कोटे से भारतीय सेना में चयन हो गया है। उनके चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ स्थित राजपूत सेंटर में आयोजित आर्मी ट्रायल में कई शूटरों ने प्रतिभाग किया, जिसमें शोयब मलिक ने एयर राइफल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना चयन सुनिश्चित किया। खंद्रावली निवासी शोयब मलिक पिछले तीन वर्षों से क्लब में लगातार अभ्यास कर रहे थे। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने यह सफलता हासिल की। क्लब अध्यक्ष मुनव्वर मंसूरी ने बताया कि शोयब एक बेहद प्रतिभाशाली और मेहनती शूटर है। वह छुट्टी के दिनों में भी अभ्यास करता था और उसका लक्ष्य हमेशा ऊंचा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शोयब भविष्य में देश का नाम रोशन करते हुए ओलंपिक में भी हिस्सा लेगा। वहीं शोयब के पिता मीर हसन ने बताया कि वह स्कूल से लौटने के बाद रेंज पर अभ्यास करता था और घर पर भी देर रात तक मेहनत करता था।क्लब पहुंचने पर शोयब मलिक का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुनव्वर मंसूरी, सचिन पंवार, शुभ पंवार, लाभ पंवार, अभय तोमर, वर्धमान, कैफ मंसूरी, सुनील चौधरी, महताब मलिक मौजूद रहे।

# ईंट भट्टा कामगार यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) ईंट भट्टा कामगार यूनियन एवं ईंट भट्टा कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर न्यूनतम मजदूरी का पूरा भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

सोमवार को ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा ईंट पथाई का वर्तमान रेट 718.13 रुपये प्रति हजार निर्धारित किया गया है, लेकिन भट्टा मालिक इस दर का पालन नहीं कर रहे हैं। मजदूरों का आरोप है कि गारा बनाने के नाम पर 125 रुपये प्रति हजार की कटौती कर दी जाती है, जिससे उन्हें मात्र 593 रुपये ही दिए जा रहे हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यह कटौती न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के विरुद्ध है और इसे तुरंत बंद कराया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि घोषित दर के अनुसार पूरी मजदूरी मजदूरों को दिलाई जाए। मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि भट्टा मालिक जबरन कटौती कर श्रमिकों का शोषण कर रहे हैं, जो दंडनीय अपराध है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर बाबूराम कामरेड, कुलदीप कुडाना, रवि कुमार, विनीत, हरीनंद, अविश, देवेंद्र, सुभाष, अधराज, सतीश, मनोज कुमार, प्रदीप, गरीबदास, सुनील आदि मौजूद रहे।

# दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्र छात्राओं को शिक्षा गौरव सम्मान से किया सम्मानित



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव गोमतीपुर में सोमवार को शिक्षा गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर शिवराज ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सीमा मेहरा, नीरज कश्यप, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शौकीनदर कश्यप, ग्राम प्रधान सुनील कश्यप तथा पूर्व प्रधान नरेश कश्यप शामिल हुए। उन्होने 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को 501-501 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं 12वीं के टॉपर छात्र को धीरज कश्यप द्वारा 1100 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। सभी सफल छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी भी प्रदान की गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीमा मेहरा ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए घोषणा की कि अगले वर्ष टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को 5100 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य सोहनवीर कश्यप, शिवराज कश्यप, मास्टर सत्येंद्र कश्यप, डॉ. विकास कश्यप, डॉ. अनुज कश्यप, सोनू कश्यप, अमित कश्यप, धीरज कश्यप, अंकित कश्यप मौजूद रहे।

# राज्य कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा : संजय चपराना




**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

शहर के कैराना रोड स्थित ब्रेक प्वाइंट सभागार में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवचरण ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली।समारोह में सहारनपुर मंडल से पहुंचे मंडल अध्यक्ष, मंडल सचिव, मंडल संरक्षक, मंडल जिला मंत्री तथा क्षेत्रीय महामंत्री डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सहित अन्य वक्ताओं ने परिषद को मजबूत बनाने और राज्य कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके हकों की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।सभा अध्यक्ष शिवचरण ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय चपराना ने कहा कि अधिकारियों से संवाद स्थापित कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगाकार्यक्रम में परिषद की नीतियों एवं उद्देश्यों के प्रति सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी सहमति जताते हुए संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुधीर ठाकुर, मंडल सचिव मीनाक्षी श्रीवास्तव, संरक्षक अशोक मलिक, सोमान्शु मोहन, राजीव शर्मा, दीपेश सहित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# कमर्शियल विधुत दरों को घरेलू दरों के बराबर किए जाने का व्यापारियों ने किया स्वागत

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

प्रदेश सरकार द्वारा कमर्शियल विद्युत दरों को घरेलू दरों के बराबर किए जाने के निर्णय का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सुभाष चौक स्थित शिव मूर्ति पर प्रांतीय मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से व्यापारी कमर्शियल बिजली दरों को घरेलू दरों के बराबर करने की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने से छोटे-बड़े व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल वर्षों से इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाता रहा है। पहले कमर्शियल दरें घरेलू दरों से लगभग दोगुनी थीं, जिससे छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था। मुख्यमंत्री द्वारा इस मांग को स्वीकार करना व्यापारियों के हित में बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों की अन्य मांगों जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यापारियों को 3000 रुपये मासिक पेंशन, दुर्घटना बीमा राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने तथा व्यापारियों के स्टॉक का सरकारी स्तर पर बीमा करानेकृपर भी सकारात्मक निर्णय लेगी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, रवि संगल, अमित गर्ग, महेश धीमान, ऋषभ जैन मौजूद रहे।

# श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं चेयरमैन राजेश्वर बंसल द्वारा दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।



इस अवसर पर हनुमान टीला समिति के प्रधान सलिल द्विवेदी तथा विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश्वर बंसल ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक शिक्षित नारी ही परिवार और समाज को सशक्त बनाती है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। साइकिल वितरण के दौरान छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस पहल के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या रूचिता ढाका ने कहा कि इस प्रकार के प्रयास छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय की छात्राएं आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।

# मस्जिद की छत पर लगा लाउडस्पीकर मुतवल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सलेक विहार में पुलिस ने मस्जिद की छत पर लगे लाउडस्पीकर हटाते हुए संबंधित मुतवल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शहर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान सलेक विहार स्थित मोहम्मदिया मस्जिद से तेज आवाज में अजान होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने जांच की तो मस्जिद की छत पर तीन बड़े लाउडस्पीकर लगे पाए गए। पुलिस ने टीम की मदद से सभी लाउडस्पीकर उतरवा दिए।

स्थानीय लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि मस्जिद के मुतवल्ली शकील अहमद निवासी सलेक चंद विहार हैं, जिनकी देखरेख में ये लाउडस्पीकर लगाए गए थे। पुलिस का कहना है कि उन्हें पूर्व में भी न्यायालय व उच्चाधिकारियों के निदेर्शों के तहत लाउडस्पीकर हटाने के लिए कहा गया था, इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि लाउडस्पीकर के उपयोग से ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, जो नियमानुसार अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मरीजों में व्हाट्स ऐप पर भेजी जा रही रिपोर्ट, जांच के आदेश

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

सीएचसी शामली में पैथोलॉजी लैब द्वारा मरीजों को जांच रिपोर्ट की हार्ड कॉपी उपलब्ध न कराने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसीएमओ डा. अश्वनी द्वारा चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अभी भी मरीजों को जांच रिपोर्ट की हार्ड कापी नही दी जा रही है।

सीएचसी में तैनात महिला रोग विशेषज्ञ डा. विजेन्द्र कुमार ने बताया कि जारी आदेश में कहा गया है कि सीएचसी में जांच के बाद मरीजों को केवल व्हाट्सऐप के माध्यम से रिपोर्ट भेजी जा रही है, जिससे उन मरीजों को परेशानी हो रही है जिनके पास व्हाट्सऐप की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे उनके उपचार में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। एसीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि पैथोलॉजी लैब में होने वाली सभी जांचों की रिपोर्ट मरीजों को अनिवार्य रूप से हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई जाए, लेकिन उसके बावजूद हार्ड कॉपी नही दी जा रही है। जिस कारण मरीजों को उपचार देने में परेशानी हो रही है। उन्होने सीएमओ से आदेशों का पालन कराने की मांग की है।

# सब्जी की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सुभाष चौक स्थित सब्जी की दुकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर के बड़ी पंजाबी कॉलोनी निवासी विशाल कालरा ने बताया कि वह सुभाष चौक शिव मूर्ति के पास सब्जी की दुकान करता है। बीती रात अज्ञात



चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ला तोड़कर उसमें रखे करीब 2200 रुपये नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोर नींबू और लाल शिमला मिर्च भी उठा ले गए, जिनकी कीमत काफी अधिक बताई जा रही है। पीड़ित के अनुसार दो दिन पहले भी किसी ने दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन तब ताले नहीं टूट पाए थे। इसके बाद उसने सुरक्षा के लिहाज से नए ताले लगवाए थे, बावजूद इसके चोरी की घटना हो गई। घटना का पता सुबह दुकान खोलने पर चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# बंगाल-असम की जीत पीएम मोदी व कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत - जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा

**जिला कार्यालय पर ढोल-नगाड़ों संग मना जश्न, बांटे लड्डू; बोले - ममता के आतंक से बंगाल को मिला छुटकारा, यूपी में भी खिलेगा कमल**

**समाज जागरण**

बागपत। पश्चिम बंगाल व असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के परिश्रम का परिणाम है। जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने पश्चिम बंगाल व असम विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि बंगाल और असम में भाजपा ने बहुत बड़ी जीत हासिल की है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के परिश्रम की जीत है। बंगाल की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि "बंगाल के अंदर ममता दीदी के द्वारा जो आतंक का



माहौल बनाया हुआ था, आज उससे छुटकारा मिला है। यह बंगाल के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की जीत है, जिन्होंने डर के माहौल में भी कमल खिलाने का काम किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बंगाल और असम की जीत पर जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। सभी कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर एवं लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान नाचते-नाचते भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् व नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर नीरज शर्मा ने विश्वास जताया कि आने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ होगा। प्रदेश की जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है।इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित चौधरी, अजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील राठी, अनिल तोमर, कुलदीप भारद्वाज, अनिल चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी राजकुमार चौहान, जिला मंत्री एडवोकेट अंकित लाकड़ा, अंजू कश्यप, सुंदर धामा, दीपक भारती, कर्मवीर, डॉ. विनय त्यागी, अंकुश जैन, अमित उपाध्याय, आईटी संयोजक सन्नी गुप्ता, आशीष तावनी, नवीन प्रधान, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, दिनेश प्रधान, डॉ. मनीष कुशवाहा, सुनील दीक्षित, शेर सिंह गुर्जर, अक्षय कुमार, राहुल कश्यप, डॉ. गोल्डी कुशवाहा, विकल शर्मा, जागेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# 11 मई को भगवानपुर नांगल आ सकते हैं सीएम योगी, गोरखनाथ आश्रम में प्रशासन अलर्ट

**एडिशनल एसपी व सीओ ने हेलीपैड स्थल का किया निरीक्षण, महंत अर्जुन नाथ महाराज से की चर्चा; भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने भी लिया तैयारियों का जायजा**

**समाज जागरण**

बड़ौत। भगवानपुर नांगल गांव स्थित गोरखनाथ आश्रम में 11 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा संभावित है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बागपत जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है और वीआईपी लोगों का आना-जाना भी शुरू हो गया है। भगवानपुर नांगल गांव के गोरखनाथ आश्रम में 11 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की संभावना के चलते सोमवार सुबह से ही प्रशासनिक व राजनीतिक हलचल तेज हो गई। एडिशनल एसपी बागपत प्रवीण कुमार चौहान और बड़ौत क्षेत्राधिकारी अंशु जैन ने पुलिस प्रशासन के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर महंत अर्जुन नाथ महाराज से मुलाकात की और व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया। एडिशनल एसपी प्रवीण कुमार चौहान ने महंत अर्जुन नाथ महाराज के साथ उस स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया जहां






मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरेगा। उन्होंने जनपद के सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि आसपास के गांवों में भी सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने भी अपनी टीम के साथ आश्रम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर चौधरी रामवीर सिंह सिरसली ने गोरखनाथ पीठाधीश्वर मंदिर के मुख्य महंत अर्जुनराम महाराज से मुलाकात कर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड व हरियाणा के सभी पीठाधीश्वर महंत तैयारियों में जुट गए हैं। भारी संख्या में मंदिरों के महंत भी यहां पहुंचेंगे। चौधरी रामवीर सिंह सिरसली ने गांव में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर सोमवार को भाजपा के कई बड़े नेता भी भगवानपुर नांगल पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह रमाला सहित अन्य नेता मौजूद रहे। लगातार बागपत जनपद के अधिकारी गांव व गोरखनाथ मंदिर में निरीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं।

# मोमिन मस्जिद में जमीयत उलेमा तहसील बागपत की अहम बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

**मकातिब, मदरसों के संरक्षण व समाज सुधार पर जोर; रक्तदान कैंप से 1300 लोगों को मिला लाभ**

**समाज जागरण**

बागपत। सोमवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक मोमिन मस्जिद में जमीयत उलेमा तहसील बागपत की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें उलेमा-ए-कराम, मस्जिदों के इमाम और जमीयत के जिम्मेदार सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक की शुरूआत कारी कासिम साहब ने तिलावत-ए-कुरआन से की। मौलाना मोहम्मद आरिफ साहब ने नात पेश की। संचालन मौलाना आरिफुल हक साहब, अध्यक्ष दीनि तालीमी बोर्ड जमीयत उलेमा जिला बागपत ने किया। बैठक के मुख्य बिंदु पर चर्चा की गई। जिसमें मौलाना आरिफुल हक ने मकातिब को अधिक सक्रिय और व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया। कारी साजिद साहब हक्कानी ने कार्य-रिपोर्ट पेश की। मौलाना अबुल हसन नदवी ने मदरसों के सामने



चुनौतियों और सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई। मुफ्ती शाह आलम साहब मजाहिरी ने सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर रिपोर्ट रखी। मुफ्ती एहसान साहब कासमी ने बताया कि अब तक 22 कैंपों के जरिए करीब 1300 लोगों को रक्त उपलब्ध कराया गया है। सेवा विस्तार पर जोर दिया गया।मुफ्ती मोहम्मद असजद साहब कासमी ने अकीदा खत्म-ए-नुबुव्वत के संरक्षण पर जागरूकता की बात कही। डॉ. शकील अहमद ने जनगणना में मुसलमानों की जिम्मेदारी से भागीदारी पर मार्गदर्शन दिया। कारी साबिर साहब, अध्यक्ष तहसील बरौत ने औकाफ रजिस्ट्रेशन की महत्ता बताई।बैठक में जल्द ही शहर में बड़ा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और भविष्य की संगठनात्मक योजनाएं तय की गईं। इस मौके पर हाफिज इकबाल साहब, मुफ्ती रईस मजाहिरी, मुफ्ती शाह आलम, मुफ्ती एहसान कासमी, मुफ्ती अमजद, कारी मतलूब, कारी मुस्तफा, मौलाना जाहिद, कारी इंतजार, मौलाना हसन, कारी फारूक, हाफिज लियाकत, मौलाना तस्लीम, कारी मोहम्मद यूनुस, हाफिज इकराम, हाफिज मोहम्मद सुहैल, हाफिज मोहम्मद अतहर, हाफिज मोहम्मद याकूब, मौलाना मोहम्मद इकराम, हाफिज मोहम्मद इनाम सहित अन्य उलेमा व इमाम आदि उपस्थित रहे। बैठक का समापन कारी अब्दुल वाजिद साहब, महतमिम मदरसा फरीदिया बरौत की दुआ से हुआ। मिल्लत-ए-इस्लामिया व मुल्क की भलाई, एकता और तरक्की के लिए दुआ की गई।

# वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में HPV एवं सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम

**रेडक्रॉस ने छात्राओं को बताया- टीकाकरण से रुकेगा सर्वाइकल कैंसर, स्वच्छता व नियमित जांच जरूरी**

**समाज जागरण**

बागपत। जिलाधिकारी के निर्देश पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बागपत ने सोमवार को वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं के लिए लढश एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या गायत्री व अमित जेएसआई और आरटी इंडिया फाउंडेशन ने की। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता अपनाने और समय पर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मयंक गोयल ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। समय पर टीकाकरण व नियमित जांच से इसे काफी हद तक रोका जा सकता है। जिला टीकाकरण प्रभारी डॉ. सुरुचि ने HPV वैक्सीन की सुरक्षा व महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अभिमन्यु गुप्ता व डिजास्टर कमेटी हेड दीपक गोयल ने कहा कि किशोरियों में HPV टीकाकरण को बढ़ावा देना जरूरी है। इससे भविष्य



में सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश समाज में फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में छात्राओं को स्वच्छता, संतुलित पोषण व नियमित स्वास्थ्य जांच के बारे में बताया गया। छात्राओं ने उत्साह से सवाल पूछकर शंकाओं का समाधान पाया। अंत में रेडक्रॉस सोसाइटी ने विद्यालय प्रशासन व सहयोगियों का आभार जताया।

# कोताना खादर में आसमानी बिजली गिरने से किसान की मौत, झोपड़ी पर गिरा कहर

**आंधी-तूफान के बीच रातभर कड़कड़ाती रही बिजली, तरबूज की पलेज कर रहा था मृतक विजयपाल; एक पशु की भी गई जान, जगह-जगह गिरे पेड़**

**समाज जागरण**

बड़ौत। कोताना गांव में यमुना नदी के किनारे खादर क्षेत्र में रविवार देर रात आए आंधी-तूफान और बरसात के दौरान आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक झोपड़ी में सो रहा था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार देर रात कोताना गांव के यमुना खादर क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान के साथ मूसलाधार बरसात हुई। इस दौरान आसमान में बिजली जबरदस्त कड़कड़ाती रही। इसी बीच यमुना किनारे खादर में बनी एक झोपड़ी पर आसमान से बिजली गिर गई। हादसे में झोपड़ी में सो रहे लुहारी गांव निवासी विजयपाल प्रजापत पुत्र सुखबीरा प्रजापत, उम्र लगभग 55 वर्ष, की मौके पर ही मौत हो गई। विजयपाल कोताना गांव के खादर क्षेत्र में तरबूज-खरबूजा की पलेज करके अपने परिवार का गुजारा करता था। सुबह जब खादर क्षेत्र में किसान पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना बोहला चौकी प्रभारी संजीव चौधरी को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आंधी-तूफान इतना जबरदस्त था कि जगह-जगह रास्तों पर पेड़ टूटकर गिर गए, जिससे आने-जाने वाले लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ा। सुबह वाहन चालकों ने पेड़ों को हटाकर आवागमन शुरू कराया। बताया गया कि आसमानी बिजली गिरने की घटनाएं अन्य जगहों पर भी हुई हैं। कोताना गांव में ही आसमानी बिजली गिरने से एक भैंस पशु की भी मौत हो गई।

# पश्चिम बंगाल में 'अपने विचार की सरकार' बनने पर विहिप-बजरंग दल ने किया हनुमान चालीसा पाठ

**नर्मदेश्वर मंदिर में कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू, जिला मंत्री नितिन गोस्वामी बोलेः सालों की मेहनत रंग लाई**

**समाज जागरण**

बड़ौत। पश्चिम बंगाल में अपने विचार की सरकार बनने की खुशी में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बड़ौत नगर के कोताना रोड स्थित नर्मदेश्वर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। नगर के कोताना रोड, लाल बिल्डिंग के समीप स्थित नर्मदेश्वर मंदिर में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। जिला मंत्री नितिन गोस्वामी ने कहा



कि "सालों की मेहनत आज रंग लाई है। पश्चिम बंगाल में अपने विचार की सरकार आने की खुशी में सभी कार्यकर्ता इकट्ठा हुए हैं।" उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ के बाद सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विकास जैन, जिला धर्म प्रसार मनोज बालियान, नगर उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा, नगर मंत्री वरुण, निशु, गौरव, अंकित, तरुण, नितिन जैन, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सैन, जागौश आदि मौजूद रहे। सभी ने अपने विचार प्रकट करते हुए मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

# समाजसेवी मास्टर सत्तार अहमद की स्मृति में किया गया पौधारोपण

**समाज जागरण**

बागपत। राजकीय हाईस्कूल बसौद में युवा चेतना मंच के संस्थापक व वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद मास्टर सत्तार अहमद (डॉक्ट्रेट मानद) की स्मृति में संस्था द्वारा 21 फलदार पौधे रोपित किये गये। मंच के महासचिव समीर सत्तार अहमद ने बताया कि मास्टर सत्तार अहमद का सम्पूर्ण जीवन



समाजसेवा और देशहित के कार्यों में समर्पित रहा। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए राजकीय हाईस्कूल बसौद में शिक्षकों व बच्चों ने 21 फलदार व छायादार पौधें आम, अमरूद, जामुन, चीकू, शहतूत, आडू , गुलमोहर आदि लगाये गये। स्कूल इन्चार्ज अध्यापिका बिन्दिया ब्रिज ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड पौधों से ही हमे आक्सीजन मिलती है और हम सांस लेकर जीवित रहते है। पौधे हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के साथ साथ वातावरण को हरा भरा व सुन्दर बनाते है। उन्होंने सभी पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेकर बच्चों को इनकी देखभाल रखने का सकंल्प दिलाया और संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आदिल हुसैन, बिन्दिया ब्रिज, समीर अहमद, अंकित कुमार व स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

# राजीव जैन की जीत सोनीपत के लिए होगी वरदान साबित : राजेंद्र अग्रवाल

**समाज जागरण**

बागपत। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मेयर प्रत्याशी राजीव जैन की जीत सोनीपत के लिए वरदान साबित होगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि राजीव जैन पिछले 40 वर्षों से राजनीति में एक अनुभवी व कदावर नेता है जो सोनीपत के बच्चे-बच्चे से वाकिफ है व सोनीपत का हर व्यक्ति राजीव जैन को जानता है। विशेष बात यह है कि राजीव जैन के राजनीतिक सफर में उन्होंने कभी जनता के जुड़ाव, जनता के विश्वास और जनता के कार्य करने के लिए अपनी हार जीत को कभी भी हावी नहीं होने दिया। हमेशा आम जनता के साथ हर बिरादरी की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहे। कहा कि वह सभी




साथियों के साथ सोनीपत की माननीय जनता से हार्दिक अपील करते है कि हर व्यक्ति मतदान के दिन किसी भी सूरत में कुछ समय निकालकर गर्मी को भी मात देकर राजीव जैन जी के पक्ष में अपना बहुमूल्य मतदान करते हुए उनकी विजय होने की संख्या को बढ़ाने का कार्य करें। भगत जी रमन बंसल ने भी राजीव जैन को विजयी होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस मौके पर धाम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल व सहयोगी अशोक चौहान, सतीश तुसीर, संदीप खापरा, जगबीर दुहन, संजय शर्मा, योगेश आर्य और प्रमोद जिंदल, दीपक मंगला मौजुद रहे।

# मवाना रोड पर गंगानगर हॉस्पिटल का शुभारंभ, किफायती व उच्च स्तरीय इलाज का दावा

**सेवानिवृत्त जिला कमांडेंट धर्मवीर सिंह व बृजपाल सिंह शास्त्री ने काटा फीता, वरिष्ठ चिकित्सक देंगे सेवाएं**

**समाज जागरण**

मेरठ/बागपत। मवाना रोड राजपुरा पेट्रोल पंप के पास गंगानगर हॉस्पिटल का सोमवार को धूमधाम से शुभारंभ हुआ। सेवानिवृत्त जिला कमांडेंट धर्मवीर सिंह बालियान व मां अंबा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेड़ा बागपत के संस्थापक बृजपाल सिंह शास्त्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। निदेशक डॉ. नवीन बालियान, प्रभारी डॉ. प्रवीन पंवार व प्रबंधक डॉ. सुनील सिंह ने बताया कि अस्पताल में अनुभवी व वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किफायती व उच्च स्तरीय चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ



फिजिशियन डॉ. अनिल कुमार चौहान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीवीएस मलिक, डॉ. विवेक जैन, डॉ. मनोज शर्मा समेत सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. रवि पवार, जयकुमार, देश पाल सिंह, गौरव आदि उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की। गांव मन्नामाजरा निवासी अबसार अली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई 29 अप्रैल की प्रातः करीब साढ़े पांच बजे वह नगर के मुख्य मार्ग पर तहसील के निकट अपनी बांस बल्लियों के गोदाम पर गया था। वह बाहर बाइक खड़ी कर अंदर चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। आसपास में बाइक को काफी तलाश किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में पुलिस ने बाइक व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# पिकअप की टक्कर से घायल मजदूर ने दम तोड़ा

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) एक सप्ताह पूर्व पिकअप गाड़ी की टक्कर से घायल हुए ईंट भट्ठा मजदूर की मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला आलखुर्द निवासी अनीस उम्र करीब 33 वर्ष गत 27 अप्रैल की सुबह करीब पांच बजे रेत की बुग्गी खरीदने के लिए खुरगान चौराहे की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी थी, जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को पहले शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया था। इस संबंध में पीड़ित के भाई नईम ने मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि पिकअप चालक इमरान निवासी गांव भूरा ने पहले इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में मुकर गया। उधर, सोमवार की प्रातः करीब आठ बजे मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान अनीस की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम प्रक्रिया के चलते समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव घर नहीं पहुंचा था। बताया जा रहा है कि अनीस ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। उसके पांच बेटी और एक बेटा बताया गया है।

# राज्य युवा संसद में कैराना की छात्रा ईशा व खुशी ने बढ़ाया मान

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) लखनऊ में आयोजित विकसित भारत राज्य युवा संसद 2026 में नगर के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना की छात्रा ईशा व खुशी ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 'माय भारत' के अंतर्गत एक मई से तीन मई तक उत्तर प्रदेश विधानसभा लखनऊ में तीन दिवसीय विकसित भारत राज्य युवा संसद 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'केंद्रीय बजट 2026: भारतीय युवाओं की राह को मजबूत करना, विकसित भारत 2047' रहा। इस राज्य स्तरीय मंच पर जनपद शामली का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इनमें विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना की छात्राएं ईशा और खुशी विशेष रूप से शामिल रहीं, जिन्होंने अपने विचारों से कैराना का मान बढ़ाया। इसके अलावा तनुश्री धीमान (वीवी पीजी कॉलेज शामली), सानिया (आरके पीजी कॉलेज शामली) और तमन्ना (गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ पानीपत) भी शामिल हुईं। प्रतिभागी छात्राओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में भाषण देना उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रहा, जो उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और महाविद्यालय प्रशासन को दिया। बता दें कि जनपद स्तरीय युवा संसद गत 25 मार्च को विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना (नोडल संस्थान), राष्ट्रीय सेवा योजना व माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई थी। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने भाग लिया था, जिनमें शीर्ष पांच स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिला। एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. डॉली ने बताया कि जनपद में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ अवसर की है। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि युवा संसद का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं से जोड़ना है।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया

समाज जागरण



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली में एनीमिया मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूक करने के लिए डॉ. प्रवीण तोमर स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ सिरसा व डॉ.अस्मिता अरोड़ा दंत चिकित्सका सिरसा ने शिरकत कीडॉ.प्रवीण तोमर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह अभियान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित किया गया` एनीमिया मुक्त होने का अर्थ है कि बच्चों और महिलाओं के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य हो जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास बेहतर हो सकेएनीमिया मुक्त भारत अभियान की शुरूआत वर्ष 2018 मे राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) के अंतर्गत की गई थी इस कार्यक्रम के अंतर्गत 6 से 9 माह,और 5 से 9वर्ष के बच्चों,10से 19वर्ष के किशोरो,20 से 49 वर्ष की महिलाओं,गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं तथा अन्य व्यस्कों जैसे सभी संवेदनशील वर्गो को जागरूक करता हैविद्यार्थियों को समय-समय पर अपने रक्त की जाँच करवानी चाहिएडॉ.अस्मिता अरोड़ा ने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा(फर्स्ट ऐड) के बारे में विस्तारपूर्वक बताया कि प्राथमिक चिकित्सा का मुख्य 3उद्देश्य होते है, पहला जीवन संरक्षण,दूसरा स्थिति को अधिक खराब होने से बचाना और तीसरा घायल व बीमार व्यक्ति को रोग मुक्त होने में सहायता करनो प्राथमिक चिकत्सा के दौरान व्यक्ति को यह पता होना चाहिए आपातकालीन स्थिति में उसे क्या करना है, और क्या नहींप्राथमिक चिकत्सा का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी को होना चाहिए इसकी आवश्यकता कभी भी कही भी हो सकती हैउन्होंने विद्यार्थियों को आग में जलने,कृत्रिम साँस देने व अन्य घटनाओं से बचाव हेतू गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक कियो यह जानकारी देते हुए खंड मीडिया प्रभारी मनोहर लाल खनगवाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने चिकित्सा आधारित जानकारी को गहनता के साथ सुना तथा उन्होंने अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अच्छे खाद्य पदार्थ खाने का संकल्प लियोइस अवसर पर विद्यालय कार्यकारी प्राचार्या रेनू बाला,शिक्षक गुरदीप सिंह,रुपिन्द्र कुमार,गगनदीप डीपीई मौजूद रहे

# केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य सुविधा अग्नि सुरक्षा पर राष्ट्रव्यापी संकल्प का नेतृत्व किया




केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा वातावरण सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझेदारी में और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के समन्वय से, 4 मई से 10 मई, 2026 तक राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन शुरू किया।

इस आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला श्रीवास्तव के नेतृत्व में "स्वास्थ्य सुविधा अग्नि सुरक्षा" विषय पर राष्ट्रव्यापी संकल्प समारोह के साथ किया गया, जिसमें अग्नि निवारण, तैयारी और प्रत्युत्तर प्रणालियों को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों और हितधारकों की सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला




श्रीवास्तव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस वर्ष के अग्नि सुरक्षा सप्ताह का विषय –सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाजः अग्नि निवारण के लिए एकजुट – इस बात को दशार्ता है कि हमारे संस्थानों में सुरक्षा सुनिश्चित करना एक साझा और सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर का पुनर्मूल्यांकन करने, सुविधाओं के पर्याप्त ऑडिट का आकलन करने और उन कमियों और खामियों की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। क्षमता निर्माण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों को अग्नि आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित और संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी राज्यों और स्वास्थ्य सुविधाओं से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा ऑडिट विवरण आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करें, यह देखते हुए कि ऐसी प्रणालियां अनुपालन को संस्थागत रूप देंगी और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए एक निरंतर प्रेरणा के रूप में कार्य करेंगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सरकारी संस्थानों सहित 50,000 से अधिक प्रतिभागी पहले ही आईजीओटी अग्नि सुरक्षा पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं और उन्होंने इस तरह के प्रयासों को व्यापक स्तर पर बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अंत में कहा कि जन भागीदारी के माध्यम से देश भर में अग्नि सुरक्षा को मजबूत करने में सार्थक और स्थायी प्रभाव प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य और प्रमुख श्री कृष्ण एस. वत्सा ने स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा के लिए एक सक्रिय, प्रणाली-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनडीएमए क्षमता निर्माण और तैयारियों को बढ़ाने के लिए राज्य और जिला स्तर पर इसी तरह की पहलों के साथ-साथ पांच क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने नियमित ऑडिट के लिए स्व-प्रमाणन प्रणाली स्थापित करने के महत्व पर प्रकाश डाला, साथ ही अग्नि सुरक्षा पर निरंतर जागरूकता प्रयासों की भी आवश्यकता बताई। सुविधा स्तर पर तैयारियों की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने कहा कि प्रत्येक अस्पताल में आग लगने की आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों का होना आवश्यक है, साथ ही स्पष्ट रूप से परिभाषित और अभ्यास की गई सुरक्षित निकासी प्रक्रियाएं भी होनी चाहिए।

इस अवसर पर महानिदेशक (अग्निशमन सेवा) श्री सुनील कुमार झा ने स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा के लिए सक्रिय और प्रणाली-आधारित दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल अत्यंत संवेदनशील और जटिल वातावरण होते हैं, जहां छोटी-मोटी चूक भी गंभीर परिणाम दे सकती है। सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, नियमित ऑडिट और क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने बताया कि अग्नि घटनाओं को रोकने और प्रभावी आपातकालीन प्रत्युत्तर सुनिश्चित करने के लिए तैयारी, समन्वय और निरंतर सतर्कता महत्वपूर्ण हैं।

इस अवसर पर, मंत्रालय ने स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि और जीवन सुरक्षा संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देश (2026) का आधिकारिक रूप से शुभारंभ भी किया। ये दिशानिर्देश विभिन्न प्रमुख संस्थानों और अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श के माध्यम से विकसित किए गए हैं, जो स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक मजबूत और व्यापक ढांचा सुनिश्चित करते हैं।

इन दिशा-निर्देशों में शासन ढांचे, जोखिम मूल्यांकन और निवारण, इन्फ्रास्ट्रक्चर नियोजन, आपातकालीन प्रत्युत्तर प्रणाली, स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, अनुपालन प्रणाली और जागरूकता सृजन सहित कई महत्वपूर्ण आयामों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। इनमें गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू), नवजात गहन चिकित्सा इकाइयों (एनआईसीयू), बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाइयों (पीआईसीयू) और ऑपरेशन थिएटरों (ओटी) जैसे विशेष उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लिए अद्यतन प्रावधान भी शामिल हैं, जहां सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल अनिवार्य हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के लिए जागरूकता बढ़ाने और संस्थागत तैयारियों को मजबूत करने हेतु अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान देश भर में गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला की परिकल्पना की गई है। राष्ट्रव्यापी शपथ ग्रहण समारोह के अतिरिक्त, इनमें व्यवस्थित अग्नि सुरक्षा ऑडिट, मॉक ड्रिल और अग्नि पहचान एवं शमन प्रणालियों पर लाइव प्रदर्शन, मरीजों की सुरक्षित निकासी के अभ्यास और सर्वोत्तम प्रणालियों एवं तकनीकी ज्ञान के प्रसार के लिए डिजाइन किए गए तकनीकी वेबिनार की एक श्रृंखला शामिल है।

प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक अद्यतन और विस्तृत चेकलिस्ट भेजी है, जिसमें उनसे सभी सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं को कठोर अग्नि और विद्युत सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। विशेष रूप से मेडिकल कॉलेजों और बड़े तृतीयक देखभाल संस्थानों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लक्षित जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है। इन पहलों में पोस्टर बनाना और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, साथ ही अग्नि पहचान और शमन उपकरणों और प्रणालियों के इष्टतम उपयोग पर व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल हैं, जिससे स्वास्थ्य पेशेवरों और छात्रों के बीच सुरक्षा जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्रालय ने सभी हितधारकों से सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेने और निर्धारित दिशानिर्देशों को अक्षरशः और उत्साहपूर्वक अपनाने का आह्वान किया है, जिसका व्यापक लक्ष्य देश भर में रोगियों, देखभाल करने वालों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक सुरक्षित, सशक्त और उत्तरदायी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सुनिश्चित करना है।

# रक्षा मंत्री ने नॉर्थ टेक संगोष्ठी में कहा- आज के प्रौद्योगिकी-चालित युग में भविष्य हेतु तैयार रहने के लिए अनुसंधान और अप्रत्याशित घटक आवश्यक है

समाज जागरण



रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने तीव्र तकनीकी क्रांति के वर्तमान युग में भविष्य के लिए तैयार रहने हेतु अनुसंधान पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और अप्रत्याशित नवाचार की रणनीति अपनाने के महत्व पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने 4 मई, 2026 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निमार्ता सोसायटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में रक्षा कर्मियों, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।

रक्षा मंत्री ने आधुनिक युद्ध में हो रहे तकनीकी बदलावों की त्वरित गति और अप्रत्याशित रूप से उभरते हुए अनायास हमलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में, युद्ध का स्वरूप महज तीन-चार वर्षों में टैंकों और मिसाइलों से बदलकर ड्रोन और सेंसर जैसे क्रांतिकारी उपकरणों में परिवर्तित हो गया। इसके अलावा, दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी वस्तुएं भी घातक हथियार बनती जा रही हैं। लेबनान और सीरिया में हुए पेजर हमलों ने आधुनिक युद्ध पद्धतियों के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है। ऐसी स्थिति में हमें तैयार रहना होगा।

श्री राजनाथ सिंह ने सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और ऐसी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो आवश्यकता पड़ने पर देश को अपने शत्रु पर अप्रत्याशित हमला करने में सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि युद्ध में निर्णायक बढ़त सदैव उसी को मिलती है जिसके पास अचानक हमला करने की शक्ति होती है। हालांकि हमारे रक्षा बल पहले से ही इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, हमें और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ना होगा।

वर्तमान जटिल और तेजी से बदलते परिवेश में अनुकूलनशीलता सुनिश्चित करने के महत्व पर बल देते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र तकनीकी क्रांति को सबसे तेजी से अपनाएगा, उसे भविष्य के युद्ध परिदृश्य में निर्णायक बढ़त प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में अनुसंधान का कोई विकल्प नहीं है और भविष्य के युद्ध किस प्रकार लड़े जाएंगे, यह आज प्रयोगशालाओं में निर्धारित हो रहा है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है और डीआरडीओ के माध्यम से इसे अगले स्तर तक ले जाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ अब इस यात्रा पर अकेला नहीं है। 'दूर तक जाने के लिए साथ चलें' के मंत्र से प्रेरित होकर, यह बड़ी संख्या में उद्योगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहा है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योग, शिक्षा जगत और स्टार्टअप्स को आवंटित किया गया है और अब तक इन संस्थाओं ने बजट का 4,500 करोड़ रुपये से अधिक का उपयोग कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की एक नई नीति लागू की गई है, जिसके अंतर्गत विकास-सह-उत्पादन साझेदारों, विकास साझेदारों और उत्पादन एजेंसियों के लिए पहले लगने वाला 20 प्रतिशत शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, डीआरडीओ ने अब तक विभिन्न उद्योगों को 2,200 से अधिक प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि डीआरडीओ ने भारतीय उद्योगों को अपने पेटेंट तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने की नीति शुरू की है, जिससे उनकी तकनीकी क्षमताओं और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता दोनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ की परीक्षण सुविधाएं भी भुगतान के आधार पर उद्योगों के लिए खोल दी गई हैं। हर वर्ष सैकड़ों उद्योग अनुसंधान एवं विकास सहायता के लिए इन सुविधाओं का उपयोग करते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि उद्योगों को निर्देशित ऊर्जा हथियार, हाइपरसोनिक हथियार, जलमग्न क्षेत्र जागरूकता, अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता, क्वांटम प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने इस प्रयास में सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

श्री राजनाथ सिंह ने बदलती परिस्थितियों का गहन विश्लेषण करने और भारत की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए रक्षा बलों और उद्योग जगत की सराहना की और ऑपरेशन सिंदूर को तकनीकी युद्ध और राष्ट्र की तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व के सामने हमारे रक्षा बलों की वीरता और क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन के दौरान आकाशतीर, आकाश मिसाइल प्रणाली और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों सहित अत्याधुनिक स्वदेशी उपकरणों का उपयोग किया गया। यह इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि हम न केवल युद्ध की बदलती प्रकृति को समझते हैं, बल्कि अटूट आत्मविश्वास के साथ तकनीकी प्रगति को भी लागू कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (आईडेक्स), एसीटिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज विद आईडेक्स (एडीआईटीआई) और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (टीडीएफ) जैसी पहलें नवाचार को बढ़ावा देने और निजी क्षेत्र की भागीदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में अवसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में शुरू की गई रक्षा क्षेत्र से सीधे जुड़ी कई अवसंरचना परियोजनाओं, विशेष रूप से रक्षा औद्योगिक गलियारे की स्थापना की जानकारी देते हुए कहा कि यह भारत की रक्षा क्षमताओं को सक्रिय रूप से बढ़ा रही हैं।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार के आत्मनिर्भरता प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि और भी तेज होने की संभावना है और इस उपलब्धि में निजी क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जर्मनी की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियां भारतीय रक्षा कंपनियों के साथ साझेदारी करने में गहरी रुचि दिखा रही हैं, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रक्षा उद्योग की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

रक्षा मंत्री ने 'रक्षा त्रिवेणी संगम- जहां प्रौद्योगिकी, उद्योग और सैन्य शक्ति का संगम होता है' विषय पर आधारित नॉर्थ टेक संगोष्ठी को नवाचार को बढ़ावा देने और भारत की तकनीकी एवं रक्षा तैयारियों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने सभी हितधारकों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाने के लिए ठोस सुझावों की आशा व्यक्त की। उन्होंने हितधारकों को विशेषज्ञता साझा करने और उभरते एवं अनछुए क्षेत्रों में सामूहिक रूप से क्षमताओं को बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए एक ज्ञान गलियारे के निर्माण का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सामूहिक प्रयास है कि हम आने वाले समय में विश्व की सबसे शक्तिशाली सैन्य शक्ति के रूप में खुद को स्थापित करें।

अपने संबोधन में, केंद्रीय कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्या सेनगुप्ता ने कहा कि यह संगोष्ठी रक्षा बलों, उद्योग, स्टार्टअप, नवप्रवर्तकों और शिक्षाविदों को महत्वपूर्ण परिचालन चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से स्वदेशी तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार (जेएआई) के सिद्धांत द्वारा निर्देशित है, जो देश की युद्ध क्षमता को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

उत्तरी कमान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने इस बात पर बल दिया कि संगोष्ठी का उद्देश्य विचारों, नवाचारों और अनुभवों को तैनाती योग्य क्षमताओं में परिवर्तित करना है। उन्होंने कहा कि हाल के संघर्षों को देखते हुए, मानवरहित हवाई प्रणाली (यूएएस), काउंटर-यूएएस सिस्टम, एआई-सक्षम निर्णय लेने वाले उपकरण, सटीक मारक क्षमताएं और उन्नत तोपखाना प्रणालियां जैसी विशिष्ट क्षमताएं युद्धक्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित करने के लिए अपरिहार्य हो गई हैं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी; सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी; केंद्रीय वायु कमान के वायु अधिकारी कमान-इन-चीफ एयर मार्शल बालकृष्णन मणिकांतन; सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन; एसआईडीएम के अध्यक्ष श्री अरुण टी रामचंदानी; और आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर रामकृष्णन एस उपस्थित थे।

संगोष्ठी के दौरान, उत्तरी और मध्य कमानों के समस्या परिभाषा वक्तव्यों पर सभी हितधारकों द्वारा विस्तार से चर्चा की जाएगी, जिसका उद्देश्य भविष्य का मार्ग निर्धारित करना है। ये समस्या परिभाषा वक्तव्य पर्यावरण की आवश्यकताओं को समझने, समकालीन संघर्षों को ध्यान में रखते हुए तकनीकी कमियों की पहचान करने और आवश्यकताओं का विश्लेषण एवं प्राथमिकता निर्धारण करने जैसी संरचित प्रक्रियाओं के माध्यम से तैयार किए गए हैं। जमीनी स्तर पर तैनात सैनिकों, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आठ फोकस टीमें गठित की गई हैं।

संगोष्ठी के भाग के रूप में, एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), निजी रक्षा प्रौद्योगिकी फर्मों, स्टार्टअप्स और वर्दीधारी नवोन्मेषकों सहित विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत स्वदेशी समाधानों को प्रदर्शित किया गया। 284 कंपनियों ने अपने नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए स्टॉल लगाए।

# आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की योजना बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठक बुलाई



आयुष मंत्रालय ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2026 की गतिविधियों की योजना और समन्वित क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिए आज अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक में केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, प्रख्यात योग गुरु, योग संस्थानों और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने की, जो समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के साधन के रूप में योग की वैश्विक और राष्ट्रीय पहुंच को और मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

अपने संबोधन में श्री प्रतापराव जाधव ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ अधिकारियों, योग विशेषज्ञों और संस्थागत प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हैदराबाद में आयोजित आईडीवाई 2026 के हालिया 50 दिनों की उलटी गिनती वाले कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने योग के प्रति बढ़ती जन-रुचि और भागीदारी को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग अब केवल सत्रों और चटाइयों तक सीमित अभ्यास नहीं रहे गया, बल्कि एक व्यापक जनांदोलन में बदल गया है, जो स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देता है।

भारत के वैश्विक नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 190 से अधिक देशों तक पहुंच गया है, जिससे विश्व भर में लाखों लोग शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति के लिए योग अपनाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

उन्होंने ह्यसम्पूर्ण-सरकार दृष्टिकोणह्ण पर बल देते हुए सभी मंत्रालयों और विभागों से आईडीवाई 2026 की सफलता में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रमुख फोकस क्षेत्रों को रेखांकित किया, जिनमें 21 जून को सामान्य योग प्रोटोकॉल के पालन में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना, स्कूलों, कार्यस्थलों और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों जैसे संस्थागत ढांचों में योग को एकीकृत करना, ग्रामीण और वंचित आबादी, सीमावर्ती और दूरस्थ क्षेत्रों में समावेशिता सुनिश्चित करना, प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाना और गतिविधियों का समयबद्ध क्रियान्वयन और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना शामिल है।

श्री जाधव ने सभी मंत्रालयों और अन्य हितधारकों से समयबद्ध तरीके से सहयोग, समन्वय और सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया और कहा कि आइए हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभूतपूर्व जनभागीदारी, प्रभावी समन्वय और व्यापक जागरूकता के साथ मनाया जाए।

योग को बढ़ावा देने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) श्री सिबी जॉर्ज ने कहा कि विदेश मंत्रालय विदेशों में स्थित अपने दूतावासों, वाणिज्य दूतावासों और मिशनों के नेटवर्क के माध्यम से आईडीवाई 2026 के विश्वव्यापी आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विदेशों में स्थित भारतीय मिशन योग की वैश्विक उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार गतिविधियों, साझेदारियों और सामुदायिक सहभागिता पहलों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

चल रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि आयुष मंत्रालय और ह्यहार्टफुलनेसह्न के सहयोग से जापान में शुरू की गई छह महीने की योग अभ्यास पहल में उत्साहजनक भागीदारी और सफलता देखी गई है, जो स्वास्थ्य, कल्याण और आंतरिक संतुलन के लिए योग की बढ़ती वैश्विक स्वीकृति को दशार्ती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के निरंतर अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव आईडीवाई 2026 को वास्तव में एक वैश्विक आंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

अपने स्वागत भाषण में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और आईडीवाई 2026 के लिए रोडमैप तैयार करने में इस बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण घटक बताया, जो एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि विभिन्न देशों और समुदायों की व्यापक भागीदारी से इसका वैश्विक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आईडीवाई केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, संतुलन और समग्र जीवन शैली को बढ़ावा देने वाला एक सतत वैश्विक अभियान है।

एस-वीवाईएएसए विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. एच.आर. नागेंद्र ने योग करने वालों के वैश्विक समुदाय की निरंतर वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भागीदारी में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 26 करोड़ से अधिक लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया था और विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष यह संख्या 30 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। साक्ष्य-आधारित अभ्यास के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि बढ़ते शोध से यह स्थापित हो चुका है कि योग समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अत्यधिक लाभकारी है, साथ ही इसने गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) की रोकथाम और प्रबंधन में अपनी प्रभावशीलता का प्रदर्शन भी किया है।

मोक्षयातन इंटरनेशनल योगाश्रम के अध्यक्ष श्री स्वामी डॉ. भरत भूषण ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के आयोजन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराया। उन्होंने जोर दिया कि आईडीवाई के प्रयासों को दुनियाभर के प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जीवनशैली में योग के अभ्यास को शामिल करने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। योग की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसमें व्यक्तियों को सभी प्रकार की प्रतिकूलताओं से ऊपर उठाने और उन्हें एक स्वस्थ तथा अधिक संतुलित जीवन की ओर ले जाने की शक्ति है।

आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री मोनालिसा दाश ने आईडीवाई 2026 के लिए प्रस्तावित गतिविधियों और रणनीति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें प्रमुख पहलों, विषयगत फोकस क्षेत्रों और प्रचार योजनाओं की रूपरेखा दी गई। प्रस्तुति के बाद विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें भाग लेने वाले मंत्रालयों के प्रतिनिधियों, योग गुरुओं और योग संगठनों/संस्थानों के प्रतिनिधियों ने देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईडीवाई समारोहों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपने विचार, सुझाव और प्रतिबद्धताएं साझा कीं।

चचाओं में संस्थागत नेटवर्क, मीडिया प्लेटफॉर्म और सामुदायिक भागीदारी का लाभ उठाकर आईडीवाई 2026 के लिए व्यापक सहभागिता और दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए सरकार के समग्र दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। युवाओं की भागीदारी, डिजिटल पहुंच और चल रही राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण पहलों के साथ एकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया।

आयुष मंत्रालय ने इस बात की पुनः पुष्टि की कि बैठक के परिणाम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले मंत्रालयों और हितधारकों के बीच समन्वित कार्रवाई के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में कार्य करेंगे। समावेशिता, नवाचार और वैश्विक सहभागिता पर नए सिरे से जोर देते हुए मंत्रालय ने विश्वास व्यक्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 स्वास्थ्य, सद्भाव और कल्याण के सार्वभौमिक मार्ग के रूप में योग को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व को और मजबूत करेगा।

# नवोदय विद्यालय में चयन से नगर में हर्ष

**समाज जागरण**

बिजुरी। नगर के लिए गर्व का विषय है कि यहां की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी अक्षिता द्विवेदी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की है। अक्षिता, बिजुरी स्थित आर के बीबी विद्यालय की कक्षा पांचवीं की छात्रा हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नगर और जिले का नाम रोशन किया है। अक्षिता समाजसेवी रमेश द्विवेदी की पौत्री, दीप नारायण द्विवेदी आराधना द्विवेदी की सुपुत्री एवं पत्रकार (समाज जागरण) गौरव द्विवेदी की भतीजी हैं।



अक्षिता की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। विद्यालय परिवार, शिक्षकों तथा नगरवासियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकों का कहना है कि अक्षिता शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने अनुशासन व परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

परिजनों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अक्षिता ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने बताया कि बेटी की इस उपलब्धि से परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी छात्रा को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया है। ज्ञात हो कि नवोदय विद्यालय देश के प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में गिने जाते हैं, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे में अक्षिता का चयन होना उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अक्षिता द्विवेदी की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची लगन और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। नगरवासियों को उम्मीद है कि वह भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी।

# रुक्मणी विवाह महोत्सव का दिव्य वर्णन, भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

हटा/ सुनार नदी के पावन तट स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में श्रीमती विमला परसोत्तम पन्या परिवार के सान्निध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में गूंजते हरिनाम संकीर्तन एवं भक्तिमय भजनों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया।

कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी ने आज के दिव्य प्रसंग में रुक्मणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी जी भगवान श्रीकृष्ण की परम अनन्य भक्त थीं। उनका हृदय पूर्णतः श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित था। जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से निश्चित किया, तब रुक्मणी जी ने श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर उन्हें अपनी रक्षा हेतु आमंत्रित किया।



पंडित शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना एवं भक्तों की रक्षा के लिए रुक्मणी हरण कर विधिवत विवाह संपन्न किया। यह विवाह केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि भक्ति, समर्पण और प्रेम की परम पराकाष्ठा का दिव्य प्रतीक है। रुक्मणी जी की अटूट श्रद्धा और विश्वास ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चे हृदय से की गई भक्ति अवश्य ही भगवान तक पहुंचती है।

कथा के दौरान रुक्मणी विवाह का सजीव चित्रण किया गया, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा पंडाल ‎"जय श्रीकृष्ण" और "राधे-राधे" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। वातावरण ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं मधावपुर ग्राम में दिव्य विवाह उत्सव का आयोजन हो रहा हो। रुक्मणी कृष्ण की मनमोहन झांकी ने सभी का मन मोह लिया

अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य माना एवं भगवान श्रीकृष्ण से सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर

पुष्पेंद्र हजारी सहित भारी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही

# रनेह में शासकीय योजना की बड़ी लापरवाही: नाले में मिले आयुष्मान

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

हटा/दमोह रनेह क्षेत्र में शासकीय स्वास्थ्य योजना को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के समीप गडुवा तालाब की ओर जाने वाले नाले में करीब 74 आयुष्मान कार्ड पड़े मिले, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।



ये वही आयुष्मान कार्ड हैं, जो गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क इलाज की सुविधा देने के लिए जारी किए जाते हैं। लेकिन इनका इस तरह नाले में मिलना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करता है कि क्या ये कार्ड कभी वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचे भी या नहीं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर कार्ड वितरित किए जाते, तो कई जरूरतमंद लोग इलाज का लाभ उठा सकते थे। इस घटना ने सरकारी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

क्या कहते हैं अधिकारी?

प्रभारी बीएमओ हटा, उमाशंकर पटेल के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर चुकी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये शासकीय पीवीसी आयुष्मान कार्ड नहीं है , बल्कि कंप्यूटराइज्ड लेमिनेशन कार्ड हैं। सभी कार्डों को स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायत सचिव की मौजूदगी में जब्त कर पंचनामा कार्रवाई की गई है।

# 150 किमी दूर परीक्षा केन्द्र: हटा के आदिवासी छात्रों पर शिक्षा का संकट

## पूरक परीक्षा के लिए दूर भेजे गए छात्र, संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छूटने का खतरा

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। हटा अनुविभाग में कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा देने वाले 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को 100 से 150 किलोमीटर दूर परीक्षा केन्द्र आवंटित किए जाने से गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। इनमें अधिकांश छात्र वनांचल क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं, जो आर्थिक और संसाधनों की कमी के कारण परीक्षा देने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

हायर सेकेंडरी स्कूल रजपुरा के करीब 27 छात्रों को जबेरा में परीक्षा केन्द्र मिला है, जो गांव से करीब 150 किमी दूर है। अभिभावकों का कहना है कि इतनी दूरी तय करने के



लिए न साधन हैं और न ही आर्थिक क्षमता।

ऐसे में बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूटने का खतरा मंडरा रहा है। छात्रों ने मांग की है कि उनका परीक्षा केन्द्र हटा या आसपास रखा जाए, अन्यथा उन्हें मजबूरन पढ़ाई छोड़नी पड़ेगी।

**इनका कहना है –**

सूची उच्च स्तर से जारी हुई है, इस संबंध में निर्णय उच्च अधिकारियों द्वारा ही लिया जा सकता है। - बीएल बिदौल्या (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, हटा)

# जनगणना ड्यूटी में मनमानी के आरोप, सीनियर शिक्षकों की अनदेखी पर विवाद

## वरिष्ठ शिक्षकों को प्रगणक और जूनियर को सुपरवाइजर बनाए जाने से नाराजगी

**समाज जागरण**

बुढार, शहडोल। शहडोल जिले के जनजातीय कार्य शिक्षा विभाग में जनगणना ड्यूटी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी सुमित गुर्जर पर ड्यूटी वितरण में नियमों की अनदेखी और मनमानी करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षकों को प्रगणक तथा जूनियर शिक्षकों को सुपरवाइजर बनाए जाने से विभागीय कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 19 वर्षों का अनुभव रखने वाले एक वरिष्ठ शिक्षक को प्रगणक नियुक्त किया गया है, जबकि महज तीन वर्ष पूर्व नियुक्त शिक्षक को सुपरवाइजर जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी गई। इस फैसले को लेकर कर्मचारियों ने वरिष्ठता की अनदेखी का आरोप लगाया है। मामले में जब तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी सुमित गुर्जर से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में ऐसी कोई ड्यूटी नहीं लगाई गई है, जिसमें सीनियर को प्रगणक और जूनियर को सुपरवाइजर बनाया गया हो। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उनके इस बयान के बाद यह सवाल उठने लगा है कि आखिर ड्यूटी निर्धारण का कार्य किसके निर्देश पर किया जा रहा है।

वहीं सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी मनोज सिंह ने कहा कि उन्हें किसी भी शिक्षक की ड्यूटी लगाने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने स्वीकार किया कि वरिष्ठ शिक्षकों को प्रगणक और जूनियर शिक्षकों को सुपरवाइजर बनाकर ड्यूटी लगाई गई है।

शिक्षकों का आरोप है कि ड्यूटी वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और पसंद-नापसंद के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि करीबी लोगों को सुपरवाइजर बनाकर आसान जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, जबकि अनुभवी एवं वरिष्ठ शिक्षकों को भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच मैदानी कार्य में लगाया जा रहा है।

शिक्षकों ने यह भी चिंता जताई कि अधिक उम्र के कर्मचारियों से भीषण गर्मी में मैदानी कार्य कराया जाना जोखिम भरा हो सकता है। उनका कहना है कि यदि किसी कर्मचारी के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

स्थानीय स्तर पर अब मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग तेज हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि वरिष्ठता और अनुभव को नजरअंदाज कर ड्यूटी वितरण करना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

# भाजपा की जीत पर अमलाई दुर्गा मंदिर चौक में जश्न

## झालमूरी के साथ ढोल-नगाड़ों पटाखे फोड़कर एवं मिठाइयां बताकर के बीच मनाया उत्सव

**समाज जागरण**

अमलाई। पश्चिम बंगाल समेत देश के कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली सफलता के बाद अनूपपुर जिले के अमलाई में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुए, जिला मुख्यालय से लेकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों तक भाजपा कार्यकताओं ने खुशी का इजहार शुरू कर दिया। दुर्गा मंदिर चौक बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और देखते ही देखते माहौल उत्सव में बदल गया।

जश्न के दौरान पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य संदीप पुरी, मंडल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ,मंडल मंत्री सुमित सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह, अरविंद साहनी शिव शंकर पांडे युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष तिवारी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि दुबे, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश दहिया सौरभ सिंह, विजय सिंह ,संपत कोल, अमित शत्रु साल, नीरज नामदेव, रमेश वर्मा उमेश सिंह आदर्श पनिका हित पार्टी के कई पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को झालमूरी खिलाकर जीत की खुशी साझा की। पटाखे



फोड़ कर एवं मिठाइयां बताकर जश्न मनाया गया। इस दौरान जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

आतिशबाजी की गई, जिससे माहौल और अधिक रंगीन हो गया। कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा गया और लोग देर तक जश्न में डूबे रहे। युवाओं से लेकर वरिष्ठ कार्यकताओं तक सभी ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया।

इस अवसर पर संदीप पुरी ने कहा कि यह जीत भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और मजबूत नेतृत्व पर जनता के भरोसे का परिणाम है। सुभाष मिश्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में भाजपा को मिला समर्थन इस बात का संकेत है कि अब वहां बदलाव की लहर चल पड़ी है। अरविंद साहनी ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में सुशासन और विकास की नई दिशा देखने को मिलेगी।

मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह ने कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत संगठन की एकजुटता और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। मंडल मंत्री सुमित सिंह ने सभी से अपील की कि इसी ऊर्जा के साथ आगामी चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं और पार्टी को और मजबूत बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और समर्थन की जीत है। उन्होंने संकल्प लिया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कुल मिलाकर, अमलाई में भाजपा की जीत का जश्न पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने नगर में निकाली विशाल शोभा यात्रा

## जिला स्तरीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

हटा।/नगर में सर्वप्रथम ब्राह्मण समाज हटा के तत्वाधान में समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम की जन्मोत्सव के उपलक्ष में जिला स्तरीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समूचे जिले के साधु संतों सहित विप्र बांधों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।




कार्यक्रम का शुभारंभ गौरी शंकर मंदिर प्रांगण मंगल भवन में समाज के अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी के नेतृत्व में जिला स्तरीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन कर किया गया इसके उपरांत जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मंच से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत नगर में विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई जिसमें रथ पर भगवान परशुराम जी की विशाल प्रतिमा को विराजमान किया गया वही नगर के रामगोपाल जी बालाजी मंदिर के एवं अन्य क्षेत्र से पधारे महात्माओं रथ पर विराजमान होकर शोभा यात्रा में शामिल हुए इसके अलावा विप्र समाज की पीतांबर धारी महिलाएं सर पर पगड़ी बांधे शुभ यात्रा में शोभायमान हो रही थी साथ में नगर व क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के बड़े बुजुर्ग साथ-साथ चल रहे थे। डीजे एवं बैंड बाजों की धुन पर युवा वर्ग जय जय परशुराम के जयकारों के साथ नृत्य करते हुए शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा गौरी शंकर मंदिर से प्रारंभ होकर चंडी जी मंदिर से होते हुए तीन बत्ती तिगडडा मंदिर मस्जिद चौराहा से बड़ा बाजार होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची जहां पर प्रसाद वितरण भंडारे के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान नगर के मुख्य राजनीतिक दलों समाजसेवियों ने जगह-जगह स्टार लगाकर भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज के लोगों का भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री राजा पटेरिया, पंडित मनु मिश्रा, हटा अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी, धर्मेंद्र कटारे, दीपेश मोनू पटेरिया सहित नगर व क्षेत्र से पधारे हजारो विप्र बांधों की उपस्थिति रही

# विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी ने मनाई सीतानवमी

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

बरही -विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी बरही इकाई द्वारा स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में सीतानवमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, माता सीता एवं प्रभु श्रीराम के पूजन-अर्चन से हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजिका प्रीति कुमारी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संयोजिका कृति गौरव उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर कृति गौरव ने कहा कि माता सीता का जीवन संयम, धैर्य, त्याग और मयार्दा का प्रतीक है। उन्होंने महिलाओं एवं युवतियों से माता सीता के आदर्शों को अपनाकर जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सीतानवमी व्रत एवं पूजा के धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में गुरुदेव गुप्ता, निरंजन केशरी, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चन्द्रवंशी, नितेश कुमार, अनिमा पाण्डेय, प्रीति गुप्ता, तारा देवी, सुजाता सिंह, शुभलक्ष्मी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# सुरेश बने किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**समाज जागरण**

शहडोल भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल के जिला अध्यक्ष पद पर सुरेश चतुर्वेदी का मनोनयन किया है। सुरेश पूर्व में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं और उमरिया जिले के प्रभारी भी रह चुके हैं। चतुर्वेदी पूर्व में भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रह चुके हैं। चतुर्वेदी के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा अध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीष सिंह, विधायक शरद कोल, विधायक जय सिंह मरावी, राजाराम पांडे पूर्व जिला महामंत्री सतीश तिवारी, कुलभूषण शुक्ला, रविकांत त्रिपाठी, दिलीप प्यासी, अमित मिश्रा आदि ने बधाई प्रेषित की है।



# मंदिर स्थापना प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**समाज जागरण**

शहडोल। त्रिदेव होटल के समीप मंदिर स्थापना प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। रविवार को सुबह से ही मंदिर में राम दरबार एवं राधा कृष्ण जी की



प्राण प्रतिष्ठा पूरे वैदिक मत्रों के साथ संपन्न हुआ। नर्मदा परिसर के समीप मंदिर स्थापना प्राण प्रतिष्ठा विद्वान पुरोहितों के द्वारा कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में सुनीता सतीश कुमार मिश्रा( बरगवा) उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

# जंगली हाथी का कहर: एक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, वार्ता के बाद मामला शांत

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

कुकड़ू/ईचागढ़: चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को एक दर्दनाक घटना में जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को पटककर मार डाला। मृतक की पहचान मुनिराम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बीते एक महीने में हाथियों के हमले से क्षेत्र में यह चौथी मौत है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही तिरुलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार पुलिस



बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं वन विभाग को भी तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद विभाग के अधिकारी और कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मुआवजे और सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों और वन विभाग के कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। आक्रोशित ग्रामीण मृतक के शव को लेकर कुकड़ू प्रखंड मुख्य मार्ग पर उतर आए और सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरीय वन अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद मामला शांत हुआ। वन विभाग की ओर से आश्वासन दिया गया कि क्षेत्र में विशेष टीम तैनात कर जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। वन पाल मुकेश कुमार महतो ने बताया कि मृतक के परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपये नकद मुआवजा दिया गया है, जबकि शेष 3.50 लाख रुपये की सहायता राशि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दी जाएगी।

वहीं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने मांग की कि पश्चिम बंगाल की तर्ज पर झारखंड में भी बिजली तार से घेराबंदी की जाए, ताकि जंगली हाथियों के आतंक पर नियंत्रण पाया जा सके।

घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है।

# हाथी हमले में मौत पर बवाल : अंतिम संस्कार में पहुंचे आजसू नेता हरे लाल महतो, सरकार और वन विभाग पर उठाए सवाल

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

कुकडू प्रखंड में जंगली हाथियों के हमले में मारे गए मुनी राम गोराई के अंतिम संस्कार में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

अंतिम संस्कार के मौके पर हरे लाल महतो ने घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम



बताते हुए ईचागढ़ विधायक और वन विभाग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हाथियों की गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की। हरे लाल महतो ने कहा कि आए दिन जंगली हाथियों के हमले में गरीब ग्रामीणों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार, स्थानीय विधायक और वन विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कब



तक मौत के बाद मुआवजा और फोटोशूट की राजनीति चलती रहेगी। गौरतलब है कि रविवार शाम कुकडू निवासी मुनी राम गोराई की जंगली हाथियों के हमले में मौत हो गई थी। बताया जाता है कि वे राशन लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी कुकडू प्रखंड मुख्यालय के समीप एक सुनसान स्थान पर हाथियों ने उन्हें घेर लिया और कुचलकर मार डाला। इस घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीण लगातार हाथियों के बढ़ते आतंक से भयभीत हैं और प्रशासन से सुरक्षा की ठोस व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

# पारंपरिक सम्मान के साथ जिलाधिकारी चर्चित गौड़ का अभिनंदन, जनहित मुद्दों पर चर्चा

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। जनपद में सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाधिकारी चर्चित गौड़ से कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए जनपद के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान संगठन द्वारा जिलाधिकारी को मूलनिवासी संस्कृति के प्रतीक स्वरूप तीर-धनुष, पारंपरिक आदिवासी टोपी तथा राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने जिले के विकास, सामाजिक समरसता और जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। इस मौके पर नागेश्वर प्रसाद गोंड (प्रदेश मंत्री), किरन नन्द गिरी (जिलाध्यक्ष, किन्नर प्रकोष्ठ), पूजा किन्नर (जिला उपाध्यक्ष), बिजेन्द्र कुमार मिश्रा (जिलाध्यक्ष, गौ रक्षा प्रकोष्ठ), भूमि शरण खरवार (जिला महामंत्री), रामसुरत बैगा (जिला संयोजक) सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा समाजसेवी हिमांशु गुप्ता ने भी चोपन नगर की गोशाला एवं अन्य जटिल समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। बता दे कि हिमांशु और उनके टीम द्वारा स्टेट हाईवे के इर्द गिर्द घूमने वाली आवारा पशुओ को रेडियम युक्त पट्टा लगाकर दुर्घटनाओं से बचने की सराहनीय पहल आज भी क्षेत्रवासियों में एक अच्छे उदाहरण के तौर पर लिया जाता है। इतना ही नहीं समय-समय पर चोपन रेलवे स्टेशन पर गरीब यात्रियों के लिए भोजन भी निःशुल्क कराया जाता रहा है। हिमांशु की छवि क्षेत्र में एक अच्छे ईमानदार समाजसेवी के रूप में जानी जाती है। मुलाकात के अंत में पदाधिकारियों ने "विश्व हिंदू महासंघ जिंदाबाद" और "जय श्री राम" के उद्घोष लगाए। वहीं जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जनपद की सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 09 मई को इस प्रकृति के वाद होंगे निस्तारित- जनपद न्यायाधीश

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों व वाद प्रकृति की जानकारी देते हुए जनपद न्यायाधीश राम सुलीन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विशिष्ट विषय आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 एन आई एक्ट, आर्बिट्रेशन, एवं (Petty Offences) के बाद बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों विद्युत एवं जल ((excluding non-compound-able), सर्विस में वेतन एवं भत्तों से सम्बन्धित एवं सेवानिवृत्तिक परिलाभों से सम्बन्धि विवाद, राजस्व वाद (केवल माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों में लम्बित वाद), अन्य सिविल वादों (किराया सुखाविकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) से सम्बन्धित मामलो के साथ साथ सुलह योग्य प्री-लिटिगेशन मामलो को भी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

# डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में विवाद, 12 लोग गिरफ्तार, शांति भंग की आशंका में कार्रवाई

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण




सोनभद्र। जनपद के थाना बीजपुर क्षेत्र में डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्राम झीलो में शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और गाली-गलौज के साथ मारपीट की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) और क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बीजपुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत होने को तैयार नहीं हुए और आपसी विवाद बढ़ता चला गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों पक्षों के कुल 12 लोगों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रथम पक्ष से राजकुमार, राजेन्द्र प्रसाद, सतीश कुमार, आशीष कुमार, डेमा धरिकार और रामसागर धरिकार निवासी ग्राम चेतवा शामिल हैं। वहीं द्वितीय पक्ष से रामसरन, रोहित, विजय प्रकाश, विजेन्दर, नखड्डू और राजेश धरिकार निवासी ग्राम महुली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय दुद्धी भेज दिया। गिरफ्तारी की कार्रवाई 4 मई 2026 को दोपहर करीब 1:40 बजे की गई। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शिवमोहन कुमार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह और कांस्टेबल चंदन यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।
पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी तरह के विवाद या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# तेज रफ्तार टीपर वाहन का कहर, चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। ओबरा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार टिप्पर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। यह घटना चोपन रोड स्थित शारदा मंदिर के समीप हुई। हादसे के बाद टिप्पर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान सिंगरौली निवासी करन यादव (पुत्र राजकुमार यादव) के रूप में हुई है। वह रेलवे में सिंहा एंटरप्राइज कंपनी के ठेकेदार के साथ काम करता था। जानकारी के अनुसार, करन यादव अपनी बाइक संख्या UP 64 AB 1983 से जा रहे थे, तभी टिप्पर संख्या UP 70 BT 8221 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से करन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उन्हें ऑटो से चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र में खनन कार्य के दौरान ओवरलोड टिप्परों का संचालन लगातार जारी रहने की बात सामने आई है। आरोप है कि परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण बिना नंबर प्लेट या नियमों की अनदेखी कर वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस पर जिम्मेदार विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने से लोगों में आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बाइक और टिप्पर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में संघर्ष मोर्चा का प्रदर्शन, सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। जनपद में किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को सैकड़ों कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। मोर्चा संयोजक संदीप मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान संदीप मिश्र ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे "जनता की जेब पर सीधा डाका" करार दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट और प्रीपेड मीटर के कारण आम जनता को भारी बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने मांग की कि इन मीटरों को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन में अन्य मांगों के तहत जनपद के श्रमिकों, रोजगार सेवकों और मनरेगा कर्मियों के लंबित मानदेय और मजदूरी का भुगतान शीघ्र कराने की बात कही गई है। इसके अलावा गेहूं खरीद केंद्रों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।
मोर्चा ने हर घर नल योजना को पूरी तरह विफल बताते हुए इसकी सीबीआई जांच कराने और तब तक सभी गांवों में टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति गठित करने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त प्रचंड गर्मी को देखते हुए धधरौल की घाघर कैनाल और नगवां नहर को तत्काल खोलने तथा धधरौल डैम के ऊपर बंद किए गए रास्ते को आम जनता के लिए खोले जाने की मांग भी की गई। प्रदर्शन के दौरान विन्दू खरवार, मुखलाल चेरो, आकाश चौहान, शत्रुधन बिंद, अमन पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में मण्डलायुक्त ने पेयजल आपूर्ति, गड्ढों की मरम्मत व जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल राजेश प्रकाश ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जन शिकायतों के निस्तारण की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। मण्डलायुक्त ने हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान जहां-जहां गड्ढे खोदे गए हैं, उनकी मरम्मत संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों एवं सड़कों की खराब स्थिति के कारण आमजन को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लिया जाए तथा इसे शीघ्र ठीक कराया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, वहां इसकी गुणवत्ता, नियमितता एवं प्रभावशीलता की जांच के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित की जाए। यह टीम गांवों का स्थलीय भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के लिए जाने वाली टीम अपने भ्रमण कार्यक्रम की पूर्व सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराए। मण्डलायुक्त ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अधिशासी अभियन्ता जल निगम तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए और उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक में पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की गई, मण्डलायुक्त ने निर्देशत किया कि लाभार्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की गंभीरता से जांच की जाए। यदि किसी आवेदन में कोई त्रुटि या कमी पाई जाती है, तो संबंधित आवेदक को तत्काल सूचित किया जाए, ताकि वह समय रहते सुधार कर सके और योजना का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए और शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान प्रदान किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने मण्डलायुक्त को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाएंगे और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट व प्रीपेड मीटर के खिलाफ लोगों में दिखा भारी आक्रोश, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद के चोपन विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के ग्रामीणों ने विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लंबे समय से कई गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने स्मार्ट एवं प्रीपेड विद्युत मीटर को सबसे बड़ी समस्या बताया।
इस दौरान दीपू शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोग निवास करते हैं, जो इन मीटरों की जटिल प्रक्रिया को समझने और भारी भरकम बिलों का भुगतान करने में असमर्थ हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन 5 से 10 हजार रुपये तक के बिजली बिल आ रहे हैं, जिससे लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल ने विकास कार्यों का किया व्यापक निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल राजेश प्रकाश ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा।
मण्डलायुक्त ने 48 आईआर वाहिनी परिसर में टाइप-ए के 16 आवासों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने यू0पी0आर0एन0एन0 उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर इसे पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में देरी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने नवीन समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं उपयोगिता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।
निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ग्राम पंचायत नई पहुंचे, जहां उन्होंने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के रख-रखाव, साफ-सफाई, पेयजल एवं चारे की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल एवं भूसा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि नेपियर घास की खेती को बढ़ावा देकर हरे चारे की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे गोवंश के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके।
मण्डलायुक्त ने पटवध पेयजल समूह योजना, हिन्दुआरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गांवों में नियमित, स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जहां कहीं भी तकनीकी या संचालन संबंधी समस्याएं हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मण्डलायुक्त ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें, प्रगति की सतत समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि विकास कार्यों का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा श्री रविन्द्र वीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुद्धी नगर पंचायत में तीनों मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। नगर पंचायत दुद्धी के बहुउद्देशीय मैरिज हॉल में सोमवार को महामहिम राज्यपाल द्वारा मनोनीत सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजा कश्यप सुमित सोनी, धनंजय रावत दुद्धी नगर पंचायत के सभासद पद की शपथ ग्रहण की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम निखिल यादव उपस्थित रहे, उन्होंने नवनियुक्त नामित तीनों सभासद पूजा चंद्रवंशी सुमित सोनी एवं धनंजय रावत को संविधान द्वारा प्रदत्त शपथ पत्र को ईश्वर को साक्षी मानकर नामित सदस्यों को नवीन दायित्व हेतु पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया और उन्हें शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि किसी पद पर नियुक्त या निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की जन भावनाओं पर खरा उतरें और विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए प्राथमिकता दें। जिससे नगर पंचायत दुद्धी में सरकार की योजनाएं सभी व्यक्ति तक सुलभ तरीके से पहुंच सके, वही शपथ ग्रहण करने के उपरांत सभी तीनों नामित सभासदों में से पूजा चंद्रवंशी को ब्लॉक प्रमुख रंजना चौधरी ने अंगवस्त्रम उड़ाकर सम्मानित किया, एवं सुमित सोनी धनंजय रावत को नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन के द्वारा अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके नवीन दायित्व दिए जाने के लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया ,
कार्यक्रम का संचालन सभासद प्रेम नारायण मोनू सिंह के द्वारा किया

पूर्ण बहुमत मिलने पर जतायी खुशी,

# बंगाल में बीजेपी की प्रचंड जीत पर, दुद्धी में भाजपा कार्यकताओं ने बांटी झाल मुर्री

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण




सोनभद्र। भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल होने की खबर मिलते ही दुद्धी तहसील मुख्यालय पर शाम 5.30 बजे भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर जश्न मनाया। बंगाल में पहली बार बीजेपी की पूर्ण बहुमत मिलने से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने दुद्धी तहसील तिराहे पर झाल मुरी एवं मिष्ठान बांटकर खुशी जाहिर की। मंडल अध्यक्ष दीपक शाह ने कहा कि देश यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा हैं। बंगाल में टीएमसी ममता सरकार से वहाँ की जनता तंग आ चुकी थी इसलिए बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिला हैं। 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में 3 राज्यों में भाजपा की सरकार बनना यह दशार्ता हैं, कि जनता का भरोसा भाजपा पर कितना अटूट हैं। इसके बाद सभी कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों की धुन पर कस्बे में भ्रमण किया पैदल भ्रमण करते हुए विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर माथा टेका, और झूमते नाचते नजर आए।
इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला मंत्री मनोज सिंह बबलू, मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह, धीरज जायसवाल सभासद, रमाशंकर गुप्ता, अनिल हलवाई, दिलीप पांडे, मनीष जायसवाल, सुमित सोनी, अजय चंद्रवंशी, प्रेमनारायण मोनू, अंशुमान रॉय, पीयूष कसेरा, आयुष केशरी, विकास सोनी, सत्यम, निरंजन गुप्ता, विकास सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेकाबू ट्रक घर में घुसा, तीन घायल- एक की हालत गंभीर

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण



सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबिल गांव के विषघरवा टोले में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित मकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में मकान को भारी नुकसान पहुंचा, वहीं घर के अंदर मौजूद तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। घायलों में सहदेव प्रसाद (65) पुत्र हरदयाल, चंपा देवी (45) पत्नी रामाश्रय और 4 वर्षीय विशाल पुत्र रामाश्रय शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. शिशिर श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार किया। चंपा देवी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना के संबंध में घायल महिला के पति रामाश्रय ने बताया कि सोमवार दोपहर बभनी की ओर से एक ट्रक पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने के बाद सड़क किनारे खड़ा किया गया था। चालक लघुशंका के लिए वाहन से उतर गया, लेकिन संभवतः उसने ट्रक का हैंड ब्रेक नहीं लगाया। इसी दौरान ट्रक धीरे-धीरे आगे बढ़ा और सीधे उनके मकान में जा घुसा, जिससे यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक के टकराने से मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठे लोग अचानक उसकी चपेट में आ गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकाला।
हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और वाहन चालकों की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकराई, ब्रेकर पर गिरने से मां-बेटी की मौत

विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। बभनी-बीजपुर मार्ग पर सोमवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई। घटना बखरिहवां गांव के पास स्थित ब्रेकर के समीप हुई, जहां अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकराने के बाद सड़क पर गिर गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान रामपति (70) पत्नी लालमन और उनकी बेटी बसंती (45) पत्नी रामप्यारे, निवासी बजडा थाना बसंतपुर, जिला छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। दोनों मां-बेटी एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बखरिहवां आई थीं और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अपने घर लौट रही थीं। मृतका बसंती के पुत्र देवबरन ने बताया कि वह अपनी मां और नानी के साथ बाइक से वापस छत्तीसगढ़ लौट रहा था। जैसे ही वे लोग बखरिहवां ब्रेकर के पास पहुंचे, पीछे बैठी उसकी मां और नानी अचानक असंतुलित हो गईं। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई और दोनों महिलाएं ब्रेकर पर गिर पड़ीं। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस आपात सेवा 112 तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरबी और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बभनी सीएचसी के चिकित्सक डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि दोनों महिलाओं को अस्पताल लाया गया था, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना संबंधित थाने को दे दी गई है। वहीं प्रभारी निरीक्षक बभनी डीपी यादव ने बताया कि मामला बीजपुर थाना क्षेत्र से संबंधित होने के कारण वहां सूचना प्रेषित कर दी गई है

# स्मार्ट मीटर से जनता को लूटने के विरोध में सपा महिला सभा का एमडी कार्यालय पर प्रदर्शन



**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को लूटने एवं मनमानी तरीके से कार्यवाही करने के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते श्रीमती रीबू श्रीवास्तव 390 कैंट विधानसभा प्रभारी, महानगर अध्यक्ष महिला सभा संगीता पटेल, जिला अध्यक्ष शशि यादव के नेतृत्व में महिला सभा वाराणसी पूर्वांचल विद्युत निगम लिमिटेड एमडी कार्यालय भिखारीपुर पर जोरदार प्रदर्शन किया।विद्युत विभाग चीफ श्री राकेश कुमार जी को ज्ञापन सौप कर यह मांग की गई की स्मार्ट मीटर तत्काल हटाया जाए और जनता से स्मार्ट मीटर के नाम पर जो वसूली की गई है उसको वापस किया जाए।श्रीमती रीबू श्रीवास्तव द्वारा कहा गया कि जब केंद्र सरकार द्वारा 18885 करोड़ रुपए की धनराशि स्मार्ट मीटर की खरीदारी के लिए निर्धारित किया गया तो प्रदेश सरकार द्वारा 27 342 करोड रुपए का टेंडर निकालकर जनता पर लगभग 9000 करोड रुपए का अतिरिक्त भार क्यों डाला गया। यह जनता की सरकार है या अडानी अंबानी की। महिला सभा की महानगर अध्यक्ष श्रीमती संगीता पटेल जी द्वारा अपने संबोधन में लाल आंख दिखाने की बात करने वाले चीन के ही स्मार्ट मीटर से जनता का खून चूस रहे हैं। भाजपा का स्मार्ट मीटर पीटी उषा से भी तेज भाग रहा है। मैं मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि स्मार्ट मीटर लगाने वाले क्या देश के कानून से ऊपर हैं, जब केंद्रीय मंत्री और भारत का सर्वोच्च न्यायालय यह कह रहा है कि बिना उपभोक्ता के सहमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकते तो किसके आदेश से स्मार्ट मीटर लगाए गए। जिस गरीब को मनरेगा में 100 दिन रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है उससे कहा जा रहा है कि पहले रिचार्ज करो फिर इस्तेमाल करो। मैं जानना चाहती हूं कि जब यही स्मार्ट मीटर महाराष्ट्र में 2600 और राजस्थान में 2500 रुपए में उपभोक्ताओं को दिए गए तो राम राज्य की सरकार में 6016 रुपए की वसूली उपभोक्ताओं से क्यों की गई या स्मार्ट मीटर नहीं,भाजपा की लूट मशीन है।प्रदर्शन में मुख्य रूप से श्री मनीष यादव, पार्वती कन्नौजिया, प्रियांशु यादव,रीना यादव, यासमीन खान, पायल जैसवाल, निशा शर्मा, मीरा मिश्रा, सीमा गुप्ता, प्रमिला यादव,मंजू देवी, सुशील विश्वकर्मा, संजय यादव, राजेश यादव, राजू साहनी, कासिम, विजय जायसवाल, कमलेश यादव, रितिका सेठ, अमिता पटेल, रानी पटेल, संगीता शर्मा, शैलेंद्र कुमार, मनोज चौरसिया आदि लोग शामिल

# हरहुआ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न, बांटी मिठाईयां

## ढोल नगाड़ों के साथ मनाया विजय उत्सव।



**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हरहुआ मंडल के कार्यकताओं ने सोमवार को जमकर जश्न के साथ विजय उत्सव मनाया।

हरहुआ चौराहे से बाजार तक ढोल-नगाड़े, म्यूजिक सिस्टम पर भांगड़ा के साथ कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर हनुमान मंदिर पर मिठाई चढ़ाकर प्रसाद के रूप में मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।कार्यकताओं ने '4 मई ममता गई', 'हर- हर मोदी'और "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" के नारे लगाए। हरहुआ चौराहा से बाजार तक विजय जुलूस ,हर -हर महादेव से गूंज उठा।

हरहुआ मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा,'बंगाल, असम और पुडुचेरी की जनता ने मोदी जी के विकास मॉडल,सबका साथ सबका विकास और सबका सम्मान पर मुहर लगाई है। यह जीत 2027 के आगामी चुनावों का ट्रेलर है बंगाल में ममता सरकार की विदाई तय हो गई है।

विजय उत्सव जुलूस में मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष ,शक्ति केंद संयोजक ,बूथ अध्यक्ष सहित स्थानीय कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यकताओं ने राहगीरों सहित सभी दुकानदारों ,ग्रामीणों में लड्डू प्रसाद बांटे। हरहुआ बाजार में जगह -जगह वक्ताओं ने जीत के लिए समस्त सम्मानित मतदाताओं और समर्थकों को धन्यवाद दिया।

विजय उत्सव जुलूस में हरहुआ मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय' के नेतृत्व मे विजय जुलुस निकला जिसमें प्रमुख रूप से अपरबल सिंह,अरुणेंद्र सिंह, गौरव चौबे, वीरेन्द्र गुप्ता, मनोज पटेल, नवीन चौबे, अनिल पाण्डेय सर्वजीत यादव, गगन चौबे, दुर्गा सिंह, बादल राम,चंद्रशेखर सिंह, बहादुर पटेल, विजय सिंह,प्रिया सिंह, बाला गुप्ता, विनोद पटेल, शिवबालक पटेल, छोटू विश्वकर्मा,अनूप जायसवाल, राकेश गुप्ता, जयचंद ,सोनू मोदनवाल,सन्तोष गुप्ता सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लेखपालों ने अशोभनीय संबोधन को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जिले के राजातालाब तहसील में सोमवार को लेखपाल संघ के आह्वान पर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजितहुआ। धरना प्रदर्शन में लेखपाल शामिल हुए तथा अपने को साथ अशोभनीय तथा असंसदीय संबोधन को लेकर नाराज दिखे। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा कि सार्वजनिक अवकाश रविवार को भी उन पर काम करने का दबाव बनाया जाता है। तहसील के कार्यों के साथ-साथ अन्य कार्य भी सौंप दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कम होने पर उप जिलाधिकारी राजातालाब द्वारा लेखपालों को बेशर्म कहा गया। तहसील शाखा के मंत्री सोनेलाल पटेल ने कहा कि उनके प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग व्हाट्सएप ग्रुप पर किया गया है। जिस कारण से लेखपाल अपने को अपमानित समझ रहे हैं। लेखपालों में घोर नाराजगी व्याप्त है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नित्यानंद ने कहा कि लेखपालों के साथ तहसील के अधिकारी अक्सर दुर्व्यवहार और असंसदीय शब्द का प्रयोग करते रहते हैं।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार पटेल ने कहा कि इस मामले को लेकर लेखपाल संवर्ग में घोर नाराजगी व्याप्त हैं। सोमवार को बैठक कर लेखपालों ने उप जिलाधिकारी को पत्रक भी दिया। लेखपालों का कहना था कि उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया तो वह इस मामले को लेकर आगे भी जाएंगे। इस दौरान भारी संख्या में लेखपाल धरने में शामिल रहे।

# पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

नई दिल्ली। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी को लेकर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सोमवार को नई दिल्ली में उद्घाटन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सहभागी योजना प्रक्रिया को मजबूत बनाना तथा पंचायत विकास योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है, ताकि योजनाएं अधिक प्रभावी, समावेशी और परिणामोन्मुखी बन सकें।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जिलामहामंत्री प्रधान संघ ने ब्लाक कर्मियों को खिलाई मिठाई



**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी भाजपा के पश्चिम बंगाल ,असम और पुड्डुचेरी में ऐतिहासिक जीत को लेकर जिला ग्राम प्रधान संघ के जिलामहामंत्री मधुवन यादव ,प्रधान दीपक चौहान ने हरहुआ ब्लाक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी संवर्ग सहित अन्य स्टाफ को मिठाई खिलाकर खुशियों संग जश्न मनाई।

बीडीओ बद्री प्रसाद ,एडीओ पंचायत रवि सिंह ने कहा कि यह मात्र जीत की मिठाई नहीं बल्कि प्रधानों ,जनप्रतिनिधियों के भावनात्मक लगाव का परिणाम है। सुशासन के लिए मतदाताओं का मत ही मजबूत लोकतंत्र का परिणाम जीत दिलाती है।ब्लाक कर्मचारियों ने उपस्थित प्रधानों को धन्यवाद प्रदान किया।

ब्लाक हरहुआ में उपस्थित प्रधानों में प्रमुख रूप से मधुवन यादव, दीपक चौहान ,सोनू प्रसाद, अनवर उर्फ अन्नू ,प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण पटेल,भगत यादव ,प्रधान रविन्द्र यादव,अमित सिंह, आशीष राजभर ,प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दुनिया के मजदूर एकजुट हो जाएँ, तो वे समाज और व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं-प्रो०आनंद सिंह







**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचंवर ब्लाक क्षेत्र के सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस और बुद्ध पूर्णिमा बड़े धूमधाम से मनाया गया

विद्यालय के चालकों और सपोर्ट स्टाफ को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय के सुचारु संचालन में उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के मुख्य प्रबंध निदेशक प्रोफेसर आनंद सिंह, मुख्य अतिथि डॉ. सत्यकेतु सांकृत तथा विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

इस अवसर पर प्रोफेसर आनंद सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस का उद्देश्य यह है कि सभी मजदूर एकजुट हों और उनका शोषण न हो सके। पहले अनेक तरीकों से मजदूरों का शोषण होता था, परंतु आज स्वतंत्र भारत में श्रम कानून बने हुए हैं, जिससे किसी भी व्यक्ति का शोषण नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी बताया कि एक बड़े चिंतक और दार्शनिक कार्ल मार्क्स ने यह विचार दिया था कि यदि दुनिया के मजदूर एकजुट हो जाएँ, तो वे समाज और व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

बुद्ध पूर्णिमा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म भी पूर्णिमा के दिन हुआ था और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति भी पूर्णिमा के दिन ही हुई थी। यह दिन बौद्ध और सनातन दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बुद्ध का विचार था कि संसार में दुःख है और उसे दूर करने की आवश्यकता है। सुख क्षणिक होता है, जबकि जीवन में दुःख अधिक है। हम इस दुःख को मिलकर दूर कर सकते हैं—चाहे शारीरिक श्रम से या मानसिक श्रम से।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सत्यकेतु जी ने कहा कि यह एक अद्भुत संयोग है कि मजदूर दिवस और बुद्ध पूर्णिमा एक ही दिन मनाए जा रहे हैं। दोनों में समानता यह है कि दोनों ही कर्म के महत्व को प्रमुखता देते हैं। इसी कर्म को प्रधानता देने वाले कर्मयोगी सत्यदेव सिंह जी की भूमि में हम उपस्थित हैं, जिन्होंने ऐसा वातावरण निर्मित किया है, जिसकी पृष्ठभूमि में वे स्वयं खड़े हैं, और उनके मार्ग पर चलते हुए उनके पुत्र एवं पुत्रवधू एक ऐसा जीवंत माहौल बना रहे हैं, जिसमें शिक्षा निरंतर आगे बढ़ती जाएगी।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह जी ने कहा कि ईश्वर की प्रेरणा से, भले ही मैंने कभी गाँव में जीवन बिताने की कल्पना नहीं की थी, फिर भी आज गाँव में रहकर कुशलतापूर्वक कार्य करने का प्रयास कर रही हूँ और सफल भी हो रही हूँ। उन्होंने बुद्ध के वचन उद्धृत करते हुए कहा, "जब तक पृथ्वी पर एक भी जीव दुःखी है, मैं स्वर्ग की देहरी पार नहीं करूँगा।" अतः हमें दूसरों के दुःख को समझने का प्रयास करना चाहिए—यही करुणा है।

विद्यालय के प्राचार्य ए. एन. उपाध्याय ने श्रमिक दिवस और बुद्ध पूर्णिमा की सभी को शुभकामनाएँ दीं तथा उपस्थित अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी यथा विश्वजीत स्वाइन , विद्या सिंह, रितू सिंह, आकांक्षा पाण्डेय, श्रेयांशु शर्मा, आकाश गुप्ता, अंजली गुप्ता, प्रतिभा, शिफा तनवीर,सुप्रिया सिंह, लक्ष्मी यादव, सुमैया जमाल, प्रशांत चौबे , श्रीकांत यादव , अराधना , प्रवीण तिवारी, अमृतेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

# स्काउट-गाइड अनुशासित, विश्वसनीय, मितव्ययी तथा सबका मित्र होता है -डाक्टर विजेन्द्र सिंह



**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज, अध्यात्मपुरम ढोटारी, गाजीपुर में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज, अध्यात्मपुरम ढोटारी, गाजीपुर में बी.एड./डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा स्काउट-गाइड ध्वजारोहण के साथ किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट-गाइड भारत में एक महत्वपूर्ण युवा विकास संगठन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, नेतृत्व एवं सामाजिक रूप से विकसित करना है, ताकि वे चरित्रवान एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने बताया कि स्काउट-गाइड अनुशासित, विश्वसनीय, मितव्ययी तथा सबका मित्र होता है और मन, वचन एवं कर्म से शुद्ध रहने का प्रयास करता है।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक अखिलेश यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण पांच दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रशिक्षुओं को कैंपिंग, हाइकिंग, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा एवं सामुदायिक सेवा से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार सिंह, राजेश सिंह तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना



**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा ।। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, श्री संजय कुमार शुक्ला एवं अपर जिला जज प्रथम / नोडल अधिकारी (रा०लो०अ०) श्री सन्तोश कुमार गौतम, विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० श्रीमती रिचा जोशी, विशेष न्यायाधीश ई०सी० एक्ट श्री आसिफ इकबाल रिजवी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राहुल कुमार सिहं, इण्डियन बैंक के लॉ आफिसर श्री मती मयूरी दत्ता, बैंकवरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से 09 मई 2025 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों / वैवाहिक प्री-लिटिगे ान मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को देने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर से प्रचार वाहन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किये।

मा० जनपद न्यायाधीश महोदय श्री अरविन्द कुमार मिश्रा ।। ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि०रा०), अपर जिलाधिकारी (भू.रा.), नगर पालिका परिशद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में 09 मई 2025 दिन शनिवार को समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया गया कि ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अफॅन्स डिपाजिट योजना के तहत वादकारी घारा-206 सपठित धारा 253 द०प्र०सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुमार्ना सरल पेटी अफेंस डिपाजिट खाता सं० 34906170085 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगोन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण हुए जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित/पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा और परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से मुकदमें का समाधान कराया जायेगा, लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इस निणर्य की अपील अन्य न्यायालय में नहीं होती है। उन्होने यह भी बताया कि पिछले लोक अदालत में कुल 81505 मुकदमों का निस्तारण किया गया था और इस प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 41000 मुकदमों को निस्तारण कराने के लिए चिन्हित किया गया है।

अपर जिला जज/नोडल अधिकारी श्री सन्तोष कुमार गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी न्यायालय, सभी तहसीलदार न्यायालय, चकबन्दी अधिकारी के न्यायालय, श्रम आयुक्त विभाग, नगर पालिका विभाग, विद्युत विभाग एवं समस्त बैंकों के ऋण बकायेदारों के प्री-लिटिगोन सुलह योग्य मामलों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण करने के लिए उन्हे निर्देशित किया गया है। वादकारी व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित करके अपनी समस्याओं का निदान करा सकते है।

डीएलएसए सचिव/अपर जिला जज श्री विनय आर्या ने बताया कि राश्ट्रीय लोक अदालत में समस्त प्रकार के भामनीय आपराधिक मामलें, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा-138 एन.आई.एक्ट वाद एवं बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली से सम्बन्धित भामनीय दण्ड वाद, राजस्व वाट, सिविल वाद, तथा आर्बीट्रीन निशपादन से सम्बन्धित वादो का निस्तारण किए जायेगें साथ ही उन्होने यह भी बताया कि न्यायालय समय में लघु आपराधिक (Petty Offences) मामलों / चालानों के निस्तारण के लिए दिनांक 06.05.2026, 07.05.2026 एवं 08.05.2025 को प्रतिदिन विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया गया है। समस्त जनमानस तथा समस्त अधिवक्ता बन्धुओं एवं वादकारियों से अपील है कि राश्ट्रीय लोक अदालत तथा वि पेश लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने-अपने मुकदमो, चालानों एवं पति-पत्नी के वैवाहिक विवादों से सम्बन्धित प्री-लिटिगोन मामलों को शीघ्र से शीघ्र निस्तारण करायें और राश्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाते हुए इस महा अभियान का लाभ उठावे।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से जगणणना कराने के दृष्टिगत प्रगणको को दिया गया प्रशिक्षण

## प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जनगणना प्रक्रियाओं के बारे में दी विस्तृत जानकारी



**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर में प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार गंगवार के दिशा निद्रेशन में निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत चयनित जनगणना प्रगणको के तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज जनपद के विभिन्न तहसीलो में उप जिलाधिकारी की देखरेख में प्रारम्भ हुआ। तहसील सदर अन्तर्गत सावित्री बालिका इण्टर कालेज में चल रहे जनगणना प्रगणको के प्रशिक्षण कार्य का प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0/रा0 अजय कुमार सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रगणको को डिजिटल मोड (मोबाइल एप) के माध्यम से मकान सूचीकरण व गणना के विशेष प्रशिक्षण में प्रमुख बिन्दुओ पर इंगित करते हुए प्रगणको को मकानो व घरो की सूची बनाने के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रशिक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य है कि जनगणना के कार्यो को डिजिटल रूप से अधिक पारदर्शी व समय पर सम्पन्न कराना है ताकि किसी भी का घर गणना से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रगणक प्रशिक्षण के दौरान पूरी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण सीख ले ताकि फील्ड में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मास्टर ट्रेनर के द्वारा जनगणना से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी तथा पहलुओ के बारे में जानकारी दी जा रही है जिसमें प्रगणको को घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्र करने की प्रक्रिया डेटा संकलन डिजिटल उपकरणो के उपयोग तथा गोपनीयता को बनाए रखने के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जगणना के दौरान घर-घर जाकर एप के माध्यम से कुल 33 प्रश्नो के बारे में जानकारी लेते हुए मोबाइल एप पर भरना है। उन्होंने कहा कि दिनांक 07 मई से 21 मई तक स्वगणना की जानी है। स्वागणना के पश्चात दिनांक 22 मई से प्रगणक के द्वारा घर-घर जाकर परिवारो के मकान की स्थिति, आवश्यक सुविधाएं यथा-पानी, शौचालय, वाहन आदि जैसे 33 प्रश्नो को एप में सही तरीके से भरना होगा। नागरिको से स्वंय आनलाइन पोर्टल के माध्यम से जानकारी भरने की सुविधा के बारे में भी लोगो को जागरूक करना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, ए0आर0 कोआपरेटिव अमित पाण्डेय उपस्थित रहें।

# आकाशी बिजली के चपेट में आने से आठ बकरियों की हुई मौत और दो महिला चरवाहा हुई घायल।



**समाज जागरण**

मीरजापुर /थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनौता फुलवरिया के निकट आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 8 बकरिया का मौके पर ही मृत्यु हो गया और दो महिला चरवाहा मुन्नी देवी पति बाबूलाल उम्र लगभग 45 वर्स व मुन्नी देवी पति सुदामा उम्र लगभग 47 वर्स निवासी हिनौता फुलवरिया प्रत्येक दिन की तरह आज भी बकरियां चरा रही थी की लगभग 12:30 बजे को आकाशी बिजली के चपेट में आने से 8 बकरियों की मौत हो गई और दोनों महिला चरवाहा घायल हो गई। मुन्नी देवी पति सुदामा को निजी अस्पताल अदलहाट में भर्ती कराया गया और वहीं दूसरी महिला को नजदीकी चिकित्सक से दवा इलाज कराया गया सूचना मिलते उपरांत मौके पर पहुंची पीआरबी 112 नंबर से पीड़ित महिला ने मुआवजे की मांग किया पीआरबी 112 नंबर ने अहरौरा थाना पर प्रार्थना पत्र देने हेतु कार्यवाही की आश्वासन दिया पीड़ित महिला ने बताया कि जिविकापार्जन का मात्र एक साधन था।

# खड़ी हाईवा का चोरें ने चारें टायर खोलकर हुए फरार।

**चालक द्वारा अहरौरा थाना पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।**

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत चितविश्राम त्रिमुहानी पहलवान ढाबा के ठिक सामने खड़ी हाईवा से चोरो के द्वारा बीती रात चारों टायर खोलकर लेकर फरार हो गए वहीं चालक अवनीश कुमार पिता जय प्रकास निवासी जिला सुल्तानपुर ने भोजन कर 1:00 सो गया जब उसका 3:30 बजे नींद खुला तो बाहर निकल कर देखा तो बाएं साइड का चारों टायर गायब मिला जिसकी सूचना अहरौरा थाना पर प्रार्थना पत्र देकर जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग किया है। वही क्षेत्री लोगों का कहना है कि पूर्व में भी पास के एक ढाबा पर खड़ी हाईवा से टायर खोला गया था यह घटना आम हो गया है कोई भी गाड़ी अब सुरक्षित रहने का गारंटी नहीं रह गया है चोरों की सक्रियता से वाहन स्वामी क्षेत्र के दुकानदार व गांव वासी भयभित हो गए हैं। कि अब जान माल दोनो सुरक्षित नही रह गया है।



# प्रभु श्रीराम भगवान शंकर की प्रशंसा किये बिना रह न पाये



प्रश्न उठता है, कि भगवान शंकर आखिर नासमझ थे क्या, जो प्रभु श्रीराम जी ने उन्हें समझाया? अथवा वे किसी उचित दिशा में नहीं बह रहे थे? यहाँ प्रभु श्रीराम जी की प्रभुता का दर्शन होता है। यहाँ वे भगवान शंकर को नहीं, अपितु आम जन मानस को संदेश दे रहे हैं।

भगवान शंकर ने अपने वैराग्य के माध्यम से समस्त संसार को बताया, कि कैसे अपने अतिप्रिय के बिछुडने के पश्चात स्वयं को संभाला जाता है। अगर हम भी संसार के जीव की भाँति हों, तो हम भी किसी मदिरा के नशे में धुत होकर यहाँ कहीं पड़े रहते। लेकिन हम अपने जीवन चरित्र द्वारा आपको समझाना चाह रहे हैं, कि जीवन में बड़े से बड़ा स्नेही भी क्यों न दूर हो जाये, तुम डगमगाना मत। रोना धोना भी मत। बस प्रभु के श्रीचरणों में स्वयं को समर्पित कर देना। आठों पहर उनके गुनगाण सुनना। फिर देखना आपका प्रत्येक पल पूजा हो जायेगा। क्योंकि इस मनुष्य जीवन की एक ही उपलब्धि है, कि हर श्वाँस के साथ हरि का सुमिरन किया जाये।

भगवान शंकर को प्रभु श्रीराम जी ने इतना कठिन व्रत करते देखा, तो वे उनकी त्याग तपस्या व महान व्रत की प्रशंसा किये बिना रह न पाये। श्रीराम जी को यह भक्ति भाव ही तो प्रसन्न करता है। इसी कारण भगवान श्रीराम भोले नाथ के समक्ष प्रगट हो गये-

'प्रगटे रामु कृतग्य कृपाला।
रुप सील निधि तेज बिसाला।
बहु प्रकार संकरहि सराहा।
तुम्ह बिनु अस ब्रतु को निरबाहा।।'

इसके पश्चात गोस्वामी तुलसीदास जी ने जो लिखा, उस पर थोड़ा चिंतन बनता है। गोस्वामी जी कहते हैं-

'बहुबिधि राम सिवहि समुझावा।
पारबती कर जन्मु सुनावा।।
अति पुनीत गितिजा कै करनी।
बिस्तर सहित कृपानिधि बरनी।।'

अर्थात प्रभु श्रीराम जी ने भोले नाथ को बहुत प्रकार से समझाया। और श्रीपार्वती जी के पावन जन्म व उनकी महान करनी सुनाई।

प्रश्न उठता है, कि भगवान शंकर आखिर नासमझ थे क्या, जो प्रभु श्रीराम जी ने उन्हें समझाया? अथवा वे किसी उचित दिशा में नहीं बह रहे थे? यहाँ प्रभु श्रीराम जी की प्रभुता का दर्शन होता है। यहाँ वे भगवान शंकर को नहीं, अपितु आम जन मानस को संदेश दे रहे हैं। संदेश यह, कि संसार में आये हैं, तो निश्चित ही हमारा सर्वोपरि कार्य ईश्वर की आराधना ही है। संसार के प्रति वैराग्य होना, हमें भगवान के प्रति दृढ़ भाव देता है। किंतु संसारिक जीव के जीवन में केवल वैराग्य की ही महानता नहीं है। उसमें राग भाव का होना भी अति आवश्यक है। उसमें रुप, रस एवं रंग के प्रति आकर्षण ही समाप्त हो जायेगा, तो इस सृष्टि का विस्तार कैसे होगा? सृष्टि तो मानों रुक ही जायेगी। इसलिए सर्वप्रथम वैराग्य में दक्ष होने के पश्चात, हमें राग रंग में भी उतरना होगा। इसीलिए श्रीराम जी श्रीपार्वती जी के जन्म की गाथा व उनकी महान करनी सुनााते हैं।

यहाँ भी बड़ी विचित्र बात है, कि पहली बात तो भगवान शंकर चोटी के बैरागी। उस पर उन्हें अपनी दिवंगत पत्नी की यादों ने घेरा हुआ है। मन में जब ऐसे भावों की तरंगें चलायेमान हों, तो ऐसे में क्या भगवान शंकर को किसी अनजान स्त्री की बातों में रुचि उत्पन्न होगी? श्रीपार्वती जी महान व श्रेष्ठ होंगी तो होंगी, इससे उन्हें भला क्या वास्ता? किंतु श्रीराम जी हैं, कि उन्हें श्रीपार्वती जी की ही गाथायें सुनाये जा रहे हैं। मानों वे प्रयास कर रहे हों, कि हे भोलेनाथ! अब आप अपने जीवन चरित्र को केवल यहीं तक ही रोक कर न रखें। अपितु आगे भी संसार के कल्याण के लिए अपनी दिव्य लीलायें जीवंत रखें।

हमारे भोलेनाथ को भला क्या समझ आना था। वे जैसे थे, वैसे ही रहे। उनके मन में कोई राग उत्पन्न नहीं हुआ। श्रीराम जी जब उन्हें ऐसे अनास्क्त भाव में देखा, तो उन्हें कहना ही पड़ा-

'अब विनती मम सुनहु सिव जौं मो पर निज नेहु।
जाइ बिबाहहु सैलजहि यह मोहि मागें देहु।।'

अर्थात हे शिवजी! यदि मुझ पर आपका स्नेह है, तो अब आप मेरी विनती सुनिए। मुझे यह माँगें दीजिए, कि आप जाकर पार्वती जी के साथ विवाह कर लें।

---

# रोज एक अंजीर खाने से क्या होता है? जानें इसके फायदे

**अंजीर एक ऐसा सुपरफूड है, जो आपकी सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है. आज कल लोग अंजीर को काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं. लेकिन क्या रोजाना 1 अंजीर खा सकते हैं? इसे रोज खाने से क्या होगा? हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन बेहद जरूरी है. खासकर अगर आप फल और सूखे मेवे को अपनी डेली डाइट में शामिल करते हैं, तो ये आपके शरीर को जरूरी पोषण और एनर्जी देते हैं. इन्हीं में से एक है अंजीर, अंजीर एक ऐसा फल है, जो अपने पोषक तत्वों और मेडिसनल प्रोपर्टीज की वजह से हजारों सालों से इस्तेमाल किया जा रहा है. चाहे ताजे अंजीर हों या सूखे अंजीर, इसका सेवन आपके शरीर को कई हेल्थ बेनिफिट्स देता है.**



अंजीर को ÷प्राकृतिक मिठाई÷ भी कहा जाता है क्योंकि इसका स्वाद मीठा और रसदार होता है. ये न केवल स्वाद में, बल्कि इसमें फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, मिनरल्स और विटामिन भरपूर होते हैं. रोजाना एक अंजीर खाने से आप कई हेल्थ प्रॉबल्म्स से बच सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं. आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि अंजीर खाने से आपके शरीर को कौन-कौन से फायदे होते हैं और इसे कैसे अपने डाइट में शामिल करें.

### अंजीर के पोषण तत्व

अंजीर में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन के और बी-कॉम्प्लेक्स काफी ज्यादा पाए जाते हैं. साथ ही ये एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स का भी अच्छा स्रोत है. इन पोषण तत्वों से शरीर को कई तरीके के फायदे मिलते हैं.

## रोजाना एक अंजीर खाने के फायदे

### 1. पाचन में सुधार

अंजीर में फाइबर भरपूर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है. ये कब्ज, पेट दर्द और गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में भी मदद करता है. साथ ही आपका पेट भी साफ रहता है.

2. वजन घटाने में मददगार

अंजीर में कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर होता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता ह. ये वजन घटाने के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है. वेट लॉस करने वाले लोग इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल कर सकते हैं.

### 3. हड्डियों को बनाएं मजबूत

अंजीर में कैल्शियम और मैग्नीशियम की हाई क्वांटिटी होती है जो हड्डियों को मजबूत बनाती है. ये ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को दूर रखने में भी मदद करता है. अगर आपके जोड़ो में दर्द रहता हैं तो अंजीर आपको काफी फायदा करेगा.

### 4. एनीमिया से बचाव

अंजीर में आयरन भरपूर काफी ज्यादा होता है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन के लेवल को बढ़ाने में मदद करता है. एनीमिया से पीड़ित लोगों के लिए ये बहुत फायदेमंद ह. इसलिए इसे अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं.

### 5. हार्ट को हेल्दी बनाए

अंजीर का सेवन कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है और हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करता है. ये पोटैशियम से भरपूर होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में भी मदद करता है.

### 6. त्वचा के लिए फायदेमंद

अंजीर में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को चमकदार और जवान बनाए रखने में मदद करते हैं. ये त्वचा पर झुर्रियों और डार्क स्पॉट्स को कम करता है. साथ ही इसे खाने से आपकी स्किन लंबे समय तक ग्लोइंग और जवां रहती है.

### कैसे करें अंजीर का सेवन?

रोजाना सुबह एक अंजीर खाने से सबसे ज्यादा फायदा मिलता है. इसके अलावा आप इसे रात को दूध के साथ भी खा सकते हैं. इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और नींद बेहतर आती है. इसके अलावा भूख लगने पर अंजीर को हेल्दी स्नैक्स के रूप में भी खाया जा सकता हैं. आप इसे बादाम, अखरोट और किशमिश के साथ मिलाकर खाएं.

# 8 वर्षीय बच्ची की हत्या, एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, SIT गठित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले के कोढ़ोबारी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुर गांव (वार्ड संख्या-08, पंचायत-सिंधीमारी) में 8 वर्षीय बच्ची की हत्या का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 2 मई 2026 (शनिवार) को दिन में बच्ची का शव उसके घर के समीप स्थित मकई के खेत से बरामद किया गया। सूचना मिलते ही कोढ़ोबारी थाना पुलिस, अंचल पुलिस निरीक्षक बहादुरगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर उसे सुरक्षित कराया। साथ ही एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) एवं डॉग स्क्वाड को भी जांच के लिए बुलाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

रविवार, 3 मई 2026 को संतोष कुमार, पुलिस अधीक्षक, किशनगंज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली तथा आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, अंचल पुलिस निरीक्षक बहादुरगंज, स्थानीय थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि बच्ची की हत्या कहीं और करने के बाद शव को मकई के खेत में फेंका गया। मामले के त्वरित उद्भेदन एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम (SIT) का गठन किया गया है।

किशनगंज पुलिस ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाएगी। पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि यदि इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो उसे साझा करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर संपर्क करने को कहा गया है।

# मौलाना तौसीफ रेजा मौत मामला: जीआरपी में प्राथमिकी दर्ज, जांच जारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



ठाकुरगंज निवासी मौलाना तौसीफ रेजा की संदिग्ध मौत के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाना, बरेली में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल 2026 को 04314 योग नगरी ऋषिकेशझमुजफ्फरपुर एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान कथित रूप से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट की घटना हुई थी। परिजनों का कहना है कि रात करीब 9:45 बजे मौलाना ने अपनी पत्नी को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। वीडियो कॉल के दौरान भी उनके साथ मारपीट किए जाने का दावा किया गया है।

27 अप्रैल की सुबह मौलाना का शव बरेली कैंट के पास रेलवे ट्रैक के किनारे बरामद हुआ था। प्रारंभ में इसे रेल दुर्घटना मानते हुए पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया था। बाद में परिजनों के बयान के आधार पर मामला संदिग्ध हो गया। अब रेलवे पुलिस (जीआरपी), बरेली थाना में मृतक की पत्नी की ओर से हत्या का मामला दर्ज किया गया है। केस दर्ज होने के दौरान परिजन एवं अन्य लोग मौजूद थे। साथ ही विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी थाने पहुंचे।

इस बीच एक राजनीतिक दल द्वारा 14 सदस्यीय जांच समिति के गठन की भी जानकारी सामने आई है, जो मामले से जुड़े तथ्यों की समीक्षा करेगी।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# नबीनगर में झमाझम बारिश से लोगों को मिली भीषण गर्मी से राहत, सड़कों पर भरा पानी

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे नबीनगर वासियों को सोमवार शाम को राहत मिली। शाम होते ही आसमान में काले बादल मंडराने लगे और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली।मौसम विभाग ने पहले ही नबीनगर और आसपास के इलाकों में हल्की से तेज बारिश की चेतावनी जारी की थी। विभाग का पूवार्नुमान सटीक साबित हुआ। शाम करीब 5 बजे से आसमान में घने काले बादल छाने लगे और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई।करीब एक घंटे की तेज बारिश से नबीनगर की सड़कों पर पानी भर गया। नालियां उफान पर आ गईं। बाजार और मुख्य सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई। ऐसा नजारा देखकर लगा मानो बरसात का मौसम आ गया हो। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।तेज गर्मी के बाद हुई पहली बारिश का लोगों ने जमकर आनंद लिया।वही बच्चे और महिलाओं ने भी घरों की छतों और बालकनी से बारिश का लुत्फ उठाया।लगातार पड़ रही गर्मी के कारण पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया था। बारिश के बाद तापमान में 6 से 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने कहा कि कई दिनों बाद चैन की नींद सो पाएंगे।मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में भी हल्की बारिश एवं बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है।



# कारा की दीवारों के भीतर भी स्वास्थ्य की दस्तक: किशनगंज मंडल कारा में विशेष स्क्रीनिंग शिविर

**टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत टीबी, एचआईवी, सिफिलिस व हेपेटाइटिस की जांच**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**





4 मई। टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य अब केवल अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को किशनगंज मंडल कारा में विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में बंदियों की टीबी, एचआईवी, सिफिलिस एवं हेपेटाइटिस की जांच की गई। कारा जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संक्रमण का खतरा अधिक होने के कारण इस प्रकार के शिविरों का विशेष महत्व है।

शिविर का निरीक्षण सीडीओ डॉ. मंजर आलम ने किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि सभी बंदियों की जांच व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति जांच और उपचार से वंचित न रहे। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। स्क्रीनिंग, उपचार और पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या कमजोरी महसूस हो, तो उसे तुरंत जांच करानी चाहिए।

जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच कराएं।

शिविर के दौरान बंदियों को टीबी, एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी भी दी गई। यह पहल दशार्ती है कि स्वास्थ्य विभाग अब उन स्थानों तक भी सेवाएं पहुंचा रहा है, जहां सामान्यतः पहुंचना कठिन होता है। ऐसे प्रयास ही टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, किशनगंज, मुक्तेश मनोहर की अध्यक्षता में थानाध्यक्षों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को नोटिस का शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही अधिक से अधिक सुलहनीय एवं शमनीय मामलों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। इसके लिए आमजनों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और उन्हें लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों के निस्तारण के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के सचिव ओम शंकर ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति से शांतिपूर्ण निपटारा कराने हेतु इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दिए गए निर्णय अंतिम होते हैं, जिनके विरुद्ध कोई अपील नहीं होती, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

अंत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया।

# पटना में दशकों से फरार डकैती का आरोपी वैशाली से गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खुशरूपुर थाना के पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। डकैती के एक पुराने मामले में पिछले कई वर्षों से फरार चल रहे एक अप्राथमिक अभियुक्त को पुलिस ने रविवार की देर रात हाजीपुर (वैशाली) से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वर्ष 2013 के डकैती कांड का आरोपी अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित नखास रोड, मस्जिद के पास छापेमारी की और अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 45 वर्षीय संतोष चौधरी, पिता- अज्ञात, मोहल्ला- नखास रोड (मस्जिद के पास), हाजीपुर, वैशाली के रूप में की गई है। बताया जाता है कि संतोष चौधरी कांड दर्ज होने के बाद से ही लगातार अपनी पहचान छिपाकर पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी डकैती कांड का अप्राथमिक अभियुक्त था और लंबे समय से वांछित चल रहा था। कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद सोमवार को स्थानीय पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# पटना में दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता

## फुलवारी शरीफ में संदिग्ध मौत, पति समेत चार हिरासत में

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत ईसापुर राय चौक के पास दहेज के लिए एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान 33 वर्षीय मोनिका कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति, सास, ससुर और ननद को हिरासत में ले लिया है।जानकारी के अनुसार, मोनिका की शादी 19 नवंबर 2017 को जगदीश यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार (40) के साथ हुई थी। मृतका के पिता उमेश प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद से ही उनकी बेटी को सोने की चेन और अन्य कीमती सामानों के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। जितेंद्र की निजी नौकरी छूटने के बाद मायके वालों ने आर्थिक मदद भी की, लेकिन ससुराल पक्ष का लालच कम नहीं हुआ। रविवार की देर रात परिजनों को सूचना मिली कि मोनिका ने फांसी लगा ली है। पिता ने बताया कि जब वे वहां पहुंचे तो बेटी का शव बिस्तर पर पड़ा था, जिससे मामला संदिग्ध जान पड़ता है। परिजनों का आरोप है कि मोनिका की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिता की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पति जितेंद्र कुमार, ससुर जगदीश यादव, सास कांति देवी और ननद मीना कुमारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस घटना से स्थानीय इलाके में सनसनी और आक्रोश व्याप्त है।

# पटना के परसा बाजार से चोरी ट्रैक्टर झारखंड के चतरा से बरामद, दो अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के परसा बाजार थाना पुलिस ने करीब 20 दिनों पूर्व चोरी हुए ट्रैक्टर को झारखंड के चतरा जिले से बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस अंतरराज्यीय मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो चोरी की गाड़ियों की खरीद-बिक्री के सिंडिकेट से जुड़े बताए जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार, बीते 14 अप्रैल को परसा बाजार थाने में ट्रैक्टर चोरी का मामला दर्ज कराया गया था। मामले की छानबीन के लिए पुलिस ने तकनीकी टीम की मदद ली और घटनास्थल के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले पटना के दुल्हन बाजार निवासी रंजीत बिंद को दबोचा। कड़ाई से पूछताछ करने पर रंजीत ने ट्रैक्टर चोरी करने और उसे झारखंड में बेचने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने झारखंड के चतरा जिले में छापेमारी की, जहां से ओमप्रकाश (निवासी चौपारण, हजारीबाग) को चोरी के ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह के तार और कहां-कहां जुड़े हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया जा सके। चोरी के करीब तीन सप्ताह बाद ट्रैक्टर की बरामदगी को पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# पटना के बहादुरपुर में विकास की बयार

## विधायक व सभापति ने किया सामुदायिक भवन और सड़क का शिलान्यास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ नगर परिषद के बहादुरपुर क्षेत्र में सोमवार को विकास कार्यों को नई गति मिली। स्थानीय विधायक श्याम रजक और नगर परिषद सभापति आफताब आलम ने संयुक्त रूप से महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन एवं संपर्क सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं को इसी वर्ष नवंबर माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जानकारी के अनुसार, बहादुरपुर में करीब 30 लाख रुपये की विधायक निधि से आधुनिक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, इस भवन तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद की ओर से 25 लाख रुपये की लागत से संपर्क सड़क बनाई जाएगी।शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्याम रजक ने कहा कि इस भवन के बनने से स्थानीय लोगों को सामाजिक और मांगलिक कार्यों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से घोषणा की कि भवन में एक आधुनिक लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल सके। इसके अतिरिक्त महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों की भी व्यवस्था होगी। नगर परिषद सभापति आफताब आलम ने कहा कि बहादुरपुर हाल ही में नगर परिषद क्षेत्र का हिस्सा बना है, इसलिए यहां बुनियादी ढांचे का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में नाली, गली और प्रकाश व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने इन योजनाओं की शुरूआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया है।

# पटना में मौसम का मिजाज बदला

## तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, दिन में छाया अंधेरा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना समेत इसके आसपास के इलाकों में सोमवार को मौसम ने अचानक यू-टर्न ले लिया। दोपहर में ही आसमान में काली घटाएं छा गईं और तेज आंधी के साथ करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। स्थिति यह थी कि दिन में ही अंधेरा छा जाने के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर सड़कों पर निकलना पड़ा। बारिश के कारण फुलवारी शरीफ, दानापुर, खगौल, अनिसाबाद और परसा बाजार जैसे इलाकों की मुख्य सड़कें झील में तब्दील हो गईं। अचानक बदले मौसम से बाजारों में अफरा-तफरी मच गई। सबसे ज्यादा नुकसान फुटपाथ दुकानदारों को हुआ, जिनका सामान भीगने के कारण काफी आर्थिक क्षति हुई। कई दुकानदार मायूस होकर जल्दी दुकान बढ़ाते नजर आए। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए यह बारिश राहत का संदेश लेकर आई। तापमान में गिरावट आने से वातावरण में ठंडक घुल गई। जहां बच्चों ने सड़कों पर भीगते हुए मौसम का आनंद लिया, वहीं शाम होते ही ठंडी हवाओं ने सिहरन बढ़ा दी। मौसम विभाग का अलर्ट इस बार पूरी तरह सटीक साबित हुआ। शाम होते ही लोग घरों में सिमट गए और सुहावने मौसम का लुत्फ उठाने के लिए घरों में लिट्टी-चोखा और आलू पराठा जैसे गर्म व्यंजनों की महक आने लगी। हालांकि, जलजमाव ने नगर परिषद के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी, जिससे लोगों को आवाजाही में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# तीन राज्यों में भाजपा की बढ़त से पटना के दुल्हिन बाजार में जश्न, कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व को दी बधाई

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद दुल्हिन बाजार प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और सरकार बनने की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए स्थानीय कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। चुनावी रुझानों और परिणामों में भाजपा को मिले बहुमत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की रणनीति को इस सफलता का श्रेय दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विकास कार्यों पर एक बार फिर भरोसा जताया है। विशेषकर असम में सत्ता बरकरार रखने और अन्य राज्यों में जनाधार बढ़ने से जमीनी स्तर के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। इस ऐतिहासिक जीत और बढ़त पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यकर्ता इंद्रजीत कुमार उर्फ सिंधु सिंह, कुंदन कुमार, विनोद शर्मा, राजू कुमार और मनोज सिंह ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नारायण कुमार, कुमुद रंजन निकेश, उत्तम कुमार, सुनील कुमार, राघवेंद्र शाही, अभिमन्यु कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह, रवीश कुमार, बंशीधर शर्मा, कन्हाई शर्मा और अजेश सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे पार्टी की इस जीत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना जारी रखेंगे।

# बंगाल में ढहा ममता का दुर्ग, 15 साल बाद 'कमल' की सुनामी, इन 9 फैक्टरों ने बदली सत्ता की तस्वीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पश्चिम बंगाल की राजनीति में सोमवार को बड़ा ऐतिहासिक उलटफेर देखने को मिला। करीब 15 वर्षों से अभेद्य माने जाने वाले ममता बनर्जी के किले को ध्वस्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता की दहलीज पर खड़ी है। रुझानों और नतीजों के अनुसार, बंगाल में बीजेपी 200 सीटों के आंकड़े के करीब पहुंच गई है। वहीं, असम और पुडुचेरी में भी एनडीए की वापसी तय मानी जा रही है। तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी 'टीवीके' ने चौंकाते हुए बहुमत के करीब दस्तक दी है, जबकि केरल में कांग्रेस गठबंधन जीत का दावा कर रहा है। बंगाल के चुनावी नतीजों के बीच आसनसोल, बैरकपुर और बांकुरा जैसे इलाकों में टीएमसी और बीजेपी कार्यकताओं के बीच झड़प की खबरें आई हैं। संवेदनशील माहौल को देखते हुए मतगणना केंद्रों पर भारी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। जीत के लिए निम्नलिखित 9 मुख्य फैक्टर है।

1. ध्रुवीकरण और रिवर्स पोलराइजेशनः ममता बनर्जी और उनके नेताओं के बयानों ने हिंदू वोटरों को बीजेपी के पक्ष में एकजुट किया। ओवैसी और हुमायूं कबीर जैसे फैक्टरों ने ग्रामीण इलाकों में हिंदू मतों का ध्रुवीकरण तेज कर दिया।

2. ओबीसी कार्ड: अब तक बंगाल की सत्ता पर हावी रहे सवर्ण नेतृत्व के बीच बीजेपी ने 'ओबीसी मुख्यमंत्री' और 'ओबीसी सरकार' का नारा देकर एक बड़े वर्ग को अपने पाले में कर लिया।

3. सत्ता विरोधी लहरः तीन बार से मुख्यमंत्री रहीं ममता के खिलाफ 'एंटी-इंकम्बेंसी' को बीजेपी ने 'जंगल राज', 'कटमनी' और महिला असुरक्षा के मुद्दों से हवा दी।

4. वोटर मूवमेंट प्लानः बीजेपी ने बंगाल से बाहर रह रहे करीब 12-15 फीसदी प्रवासी वोटरों को वापस बुलाकर मतदान कराया, जिससे उनके वोट बैंक में 5-7 फीसदी का इजाफा हुआ।

5. माइक्रो मैनेजमेंटः दूसरे राज्यों से आए 10 हजार कार्यकर्ताओं, सांसदों और विधायकों की टीम ने प्रत्येक विधानसभा में 50 दिनों तक सघन जनसंपर्क किया।

6. भद्रलोक का भरोसाः कोलकाता के शिक्षित और कुलीन वर्ग (भद्रलोक) को साधने के लिए बीजेपी ने सांस्कृतिक प्रतीकों का सहारा लिया। नितिन नवीन को इस वर्ग के बीच 'प्रतीक' बनाकर उतारा गया।

7. आरएसएस का जमीनी कायः आरएसएस ने करीब 2 लाख छोटी बैठकें कर सरकारी कर्मचारियों और वामपंथी विचारधारा वाले परिवारों को हिंदुत्व की ओर मोड़ा।

8. बंगाली अस्मिता का नया संस्करणः बीजेपी ने बाहरी होने का ठप्पा हटाने के लिए स्थानीय नेताओं को आगे रखा और झालामुरी, मछली व फुटबॉल जैसे बंगाल के सांस्कृतिक प्रतीकों से जुड़ाव दिखाया।

9. महिला शक्ति और सुरक्षाः आरजी कर कांड की पीड़ित के परिजनों को उम्मीदवार बनाकर बीजेपी ने महिला सुरक्षा को टॉप एजेंडा बनाया। केंद्रीय बलों की भारी तैनाती ने महिलाओं के मन से चुनावी हिंसा का डर खत्म किया, जिससे वोट प्रतिशत बढ़ा।

पश्चिम बंगाल के यह नतीजे न केवल राज्य बल्कि आगामी राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में भी निर्णायक साबित होंगे।

# नबीनगर के सलैया रेलवे गुमटी के पास से 88 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सलैया रेलवे गुमटी के समीप से 88 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब तस्कर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस फरार तस्कर की तलाश में जुट गई है।थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सलैया रेलवे गुमटी के पास भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप लाई गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस को रेलवे गुमटी के पास छिपाकर रखी गई 88 लीटर विदेशी शराब मिली। शराब अलग-अलग कार्टन में पैक थी। पुलिस को देखते ही तस्कर मौके का फायदा उठाकर भाग निकला थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया है। मामले में अज्ञात तस्कर के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों और मुखबिरों से पूछताछ कर फरार तस्कर की पहचान की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पुलिस ने बताया कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। शराब माफियाओं के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। किसी भी हाल में अवैध शराब का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा।

# नबीनगर थाना पुलिस की कारवाईः हत्या के प्रयास और मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नाउर गांव निवासी हिमांशु कुमार पांडे के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दबोचा।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि हिमांशु कुमार पांडे के खिलाफ थाना में हत्या के प्रयास और मारपीट का मामला दर्ज था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी हिमांशु कुमार पांडे अपने नाउर गांव में छिपा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थाने लाया गया।।पुलिस ने साफ किया कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।